■ एयर इंडिया ने तीन साल में 1000 से ज्यादा कर्मियों को नौकरी से निकाला - 12



■ ऊँचे बने रहेंगे कच्चे तेल के दाम, घटेगी भारत की वृद्धि दर - 12

■ कैरेबियाई देशों से दोस्ती के नए आयाम, भारत और त्रिनिदाद-टोबैगो के बीच 8 बड़े सौदे - 13

■ तीरंदाजी विश्व कप में भारतीय महिला टीम ने जीता स्वर्ण पदक -14

आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
25.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.27
सूर्यास्त 06.56

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष नवमी 03:24 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 11 मई 2026, वर्ष 7, अंक 38, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

योगी मंत्रिमंडल में भूपेंद्र सिंह और मनोज पांडेय बने कैबिनेट मंत्री

कृष्णा पासवान, सुरेंद्र दिलेर, हंसराज विश्वकर्मा व कैलाश सिंह राजपूत बने राज्य मंत्री

- एक दलित महिला समेत छह नए चेहरे शामिल, दो राज्य मंत्रियों का हुआ प्रमोशन
- 2027 के चुनावी समीकरण साधने की कोशिश, ब्राह्मण-ओबीसी-दलित संतुलन पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को जनभवन के गांधी सभागार में आठ मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कैबिनेट मंत्री के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और सपा से आए मनोज कुमार पांडेय समेत राज्य मंत्री के रूप में कृष्णा पासवान, सुरेंद्र दिलेर, हंसराज विश्वकर्मा व कैलाश सिंह राजपूत ने शपथ ली। राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल व सोमेंद्र तोमर को प्रोन्नत कर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की शपथ दिलाई गई।

लोकसभा चुनाव के बाद बदले राजनीतिक समीकरणों और 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच योगी सरकार के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार में एक दलित महिला समेत छह नए चेहरे शामिल करके भाजपा ने सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन साधने की कोशिश की है। नवनियुक्त मंत्रियों ने राज्यपाल आनंदी बेन व मुख्यमंत्री योगी को पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। शपथ ग्रहण के उपरांत जनभवन का गांधी सभागार भारत माता की जय व जयश्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

गौरतलब है कि भूपेंद्र सिंह चौधरी भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य हैं, जबकि मनोज पांडेय सपा छोड़कर पांच विधायकों के साथ भाजपा में आए थे। वे रायबरेली की ऊंचाहार सीट से विधायक हैं। कृष्णा पासवान फतेहपुर की खागा सीट, सुरेंद्र दिलेर अलीगढ़ की खैर सीट और कैलाश सिंह राजपूत कन्नौज की तिर्वा सीट से विधायक हैं। वाराणसी के हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद सदस्य हैं। समारोह में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, भाजपा संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, और ब्रजेश पाठक समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

नवनियुक्त मंत्रियों के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह।

पूर्ण मंत्रिमंडल में अब 23 कैबिनेट मंत्री

अभी तक मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक सहित कुल 54 मंत्री थे। छह नए मंत्री बनाए जाने से अब राज्य मंत्रिमंडल की अधिकतम संख्या 60 पूरी हो गई है। रविवार को मंत्रिमंडल विस्तार के बाद अब 23 कैबिनेट मंत्री, 16 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 21 राज्य मंत्री हो गए हैं।

पश्चिम से पूर्वांचल तक संतुलन की कोशिश

भाजपा ने इस विस्तार में क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों पर विशेष ध्यान दिया है। प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश से जाट चेहरा माने जाने वाले भूपेंद्र चौधरी को सरकार में लाकर भाजपा नेतृत्व ने संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय का संकेत दिया है। वहीं, ब्राह्मण चेहरे के तौर पर मनोज पांडेय को अहम जिम्मेदारी देकर पार्टी ने सवर्ण वर्ग को साधने का प्रयास किया है। दलित वर्ग से कृष्णा पासवान और पिछड़े वर्ग से सुरेंद्र दिलेर व कैलाश राजपूत को मंत्रिमंडल में जगह देकर भाजपा ने सामाजिक प्रतिनिधित्व का संदेश देने की कोशिश की है। विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा को शामिल कर विश्वकर्मा समाज को भी साधने का प्रयास माना जा रहा है।

नए मंत्रियों ने विपक्ष पर साधा निशाना

शपथ ग्रहण के बाद मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और नेतृत्व जो जिम्मेदारी देता है, उसे पूरा करना ही उनका दायित्व है। उन्होंने दावा किया कि सपा का सूपड़ा साफ होगा। मनोज पांडेय ने कहा कि पार्टी और नेतृत्व ने जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। मंत्री कृष्णा पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष का धन्यवाद करती हूं। मुख्यमंत्री और संगठन के लोग मुझे जो भी दायित्व देंगे उसका निर्वहन करूंगी। हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि सेवा के भाव से हम काम करेंगे, प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए अच्छे से अच्छा काम करेंगे।

तेल-गैस का संयमित इस्तेमाल करें, वर्क फ्रॉम होम जैसे उपाय की जरूरत : मोदी

- तेलंगाना में प्रधानमंत्री ने कई परियोजनाओं का किया शिलान्यास

हैदराबाद, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर पेट्रोल, गैस और डीजल का इस्तेमाल संयमित रूप से करना होगा। पड़ोस में चल रहे युद्ध के असर से दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। हैदराबाद में भाजपा की रैली में प्रधानमंत्री ने कहा- भारत पर इस वैश्विक संकट का असर ज्यादा है, हमारे पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं। आज हमें वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों की जरूरत है। जिन शहरों में मेट्रो है, वहां लोग मेट्रो का इस्तेमाल करें।

उन्होंने कहा कि पहले जब युद्ध होता था लोग सोना दान में दे देते थे। आज दान की जरूरत नहीं है लेकिन हमें आज ये संकल्प लेना होगा कि अगले एक साल तक कोई भी कार्यक्रम हो, सोना न खरीदें। इससे विदेशी मुद्रा भी बचेगी। मोदी ने तेलंगाना में 9,400 करोड़ के विकास परियोजनाओं के डिजिटल माध्यम से शिलान्यास और उद्घाटन के मौके पर यहां हैदराबाद में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत सौर ऊर्जा के मामले में दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो गया है और पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। मोदी ने कहा कि पहले सरकार शत प्रतिशत एलपीजी कवरेज पर केंद्रित थी, और अब इसका ध्यान पाइपलाइन के जरिये गैस की किफायती आपूर्ति पर है, साथ ही साथ सीएनजी के इस्तेमाल को भी बढ़ावा दे रही है। रेड्डी की इस टिप्पणी का जिक्र करते हुए कि विकास कार्यों में राजनीति नहीं होनी चाहिए, मोदी ने कहा कि वह भी राजनीति की बात नहीं करेंगे। तेलंगाना के प्रति केंद्र का समर्थन सुनिश्चित करते हुए, उन्होंने रेड्डी से विकास की यात्रा में उनके साथ जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मैं रेवंत जी से कहना चाहता हूं। मैं आपको उतना ही देने के लिए तैयार हूं जितना गुजरात को 10 साल के दौरान केंद्र ने दिया। लेकिन, मेरी जानकारी के अनुसार, मैं आपको बताना चाहता हूं। जैसे ही मैं ऐसा करूंगा, जो आप पा रहे हैं वह आधा रह जाएगा। आप वहां नहीं पहुंच पाएंगे जहां आप पहुंचना चाहते हैं। इसलिए बेहतर है कि आप मेरे साथ जुड़ जाएं।

वैश्विक ऊर्जा संकट पर बोले प्रधानमंत्री

हैदराबाद में परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी।

'परजीवी' कांग्रेस का विश्वासघात जगजाहिर

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस को निशाना बनाते हुए उस पर कर्नाटक में आंतरिक सत्ता संघर्ष के कारण सुशासन प्रदान करने में विफल रहने और जनता के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि वह आज परजीवी पार्टी बन गयी है। उन्होंने कहा कि देश भर में भाजपा के बढ़ते राजनीतिक प्रभाव के बीच बेंगलुरु से एक भगवा सूर्य का उदय हो रहा है। उनका इशारा हाल में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत की ओर था। मोदी ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा, कर्नाटक में पिछले तीन वर्षों से सरकार का अधिकांश समय लोगों की समस्याओं का हल ढूंढने के बजाय आंतरिक संघर्षों को सुलझाने में व्यतीत हुआ है। कांग्रेस सरकार नेतृत्व और सत्ता-साझाकरण व्यवस्था पर अनिश्चितता से घिरी रही। वह पिछले छह महीनों से मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के बीच चल रहे कथित सत्ता संघर्ष का जिक्र कर रहे थे।

न्यूज ब्रीफ

एल्विश यादव से बिश्नोई गिरोह ने 10 करोड़ की रंगदारी मांगी

गुरुग्राम। बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव को एक विदेशी व्हाट्सऐप नंबर से धमकी देकर 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। धमकी देने वाले ने खुद को रणदीप मलिक बताया जिसके लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से नजदीकी संबंध हैं। यादव के परिवार वालों ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उन्हें धमकी दी थी कि अगर उन्होंने दो दिन के भीतर पैसे नहीं दिए तो वे उन्हें गोली मार देंगे। पुलिस ने यादव द्वारा सेक्टर 56 पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की है।

कानूनगो-लेखपाल सस्पेंड तहसीलदार हटाए

बरेली/नवाबगंज। कागजों में हेरफेर कर सरकारी जमीन को खुर्द-बुर्द करने और निजी पक्ष को लाभ पहुंचाने के मामले में डीएम अविनाश सिंह ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने नवाबगंज तहसीलदार दुष्यंत सिंह को पद से हटाकर जिला मुख्यालय से अटैच कर दिया है। साथ ही गड़बड़ी में शामिल कानूनगो श्यामसुंदर गुप्ता व लेखपाल रामचंद्र को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।

तमिलनाडु: विजय ने ली शपथ, 9वें सीएम बने

चेन्नई, एजेंसी

- 60 साल में पहली बार द्रमुक-अन्नाद्रमुक से इतर किसी दल ने संभाली सत्ता
- प्रधानमंत्री ने दी बधाई कई को मंत्रिमंडल में मिली जगह
- सत्ता संभालते ही 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का फैसला

सी जोसेफ विजय ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में रविवार को यहां रंगारंग समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और इसी के साथ ही इस दक्षिणी राज्य में 60 साल में पहली बार द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से इतर किसी दल की सरकार बनी। शपथ ग्रहण के बाद विजय ने पारदर्शी शासन का वादा करते हुए कहा कि राज्य में सत्ता का केवल केंद्र वही होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय को फोन कर बधाई दी।

विजय ने मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद यहां जवाहरलाल नेहरू इनडोर स्टेडियम में अपने पहले संबोधन में कहा कि वास्तविक धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध शासन का नया युग अब शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि उनके अलावा सत्ता का कोई दूसरा केंद्र नहीं होगा और सत्ता के एकमात्र केंद्र वही होंगे। इसे पूर्ववर्ती द्रमुक और अन्नाद्रमुक सरकारों पर परोक्ष कटाक्ष के रूप में देखा जा रहा है। अभिनेता से नेता बने विजय (51) के पहले मंत्रिमंडल में युवा और अनुभवी दोनों तरह के नेता हैं।

तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख की मुख्य टीम को भी इसमें जगह मिली है। विजय ने मुख्यमंत्री पद संभालने के तुरंत बाद चुनावी वादों को लागू करने के लिए तीन फाइल पर हस्ताक्षर किए जिनमें घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का फैसला शामिल है। विजय ने अपने संबोधन में कहा कि वह किसी राजघराने से नहीं हैं और लोगों ने उन्हें स्वीकार किया।

शपथ को भाषण में बदलने पर राज्यपाल ने विजय को टोका

चेन्नई। तमिलनाडु में टीवीके प्रमुख जोसेफ विजय ने रविवार को पूर्व निर्धारित प्रारूप से हटकर और अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य को दर्शाने के लिए हाथ के इशारे करके शपथ ग्रहण समारोह को एक प्रभावशाली शपथ भाषण में बदलने का प्रयास किया। हालांकि, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने हस्तक्षेप किया और उन्हें आधिकारिक शपथ के प्रारूप तक ही सीमित रहने को कहा।

असम : राज्यपाल ने हिमंत को सरकार के लिए किया आमंत्रित

गुवाहाटी। असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने निर्वाचित मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को राज्य में अगली सरकार बनाने का रविवार को निमंत्रण दिया। राजग के नेताओं ने लोक भवन में आचार्य से मुलाकात की और शर्मा के नेतृत्व में सरकार गठन का दावा पेश किया था। आचार्य शर्मा को मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। समारोह 12 मई को आयोजित होगा, जिसमें पीएम मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन व नेता शामिल होंगे।

उर्विल ने 13 गेंद में जड़ा अर्धशतक यशस्वी की बराबरी

चेन्नई। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज उर्विल पटेल ने रविवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मुकाबले में मात्र 13 गेंदों में अर्धशतक जड़कर आईपीएल इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। दाएं हाथ के बल्लेबाज उर्विल ने भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने 2023 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से केकेआर के खिलाफ 13 गेंदों में अर्धशतक बनाकर यह रिकॉर्ड बनाया था।

मां ने जेवर गिरवी रख बेटे की हत्या की दी सुपारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

रिश्तों का कत्ल

- बड़े बेटे की नशे की लत और घरेलू कलह से तंग आकर कराई हत्या
- पिता और छोटा भाई भेजे गए जेल, हत्यारोपी मां और शूटर फरार

अमृत विचार : डिडौली कोतवाली क्षेत्र में हुए दुष्यंत हत्याकांड का पुलिस ने रविवार को सनसनीखेज खुलासा किया है। दुष्यंत की हत्या किसी बाहरी दुश्मनी में नहीं, बल्कि उसके अपने परिवार ने ही 5 लाख रुपये की सुपारी देकर उसकी हत्या कराई। मृतक की मां नेअपने जेवर गिरवी रखकर शूटर को सुपारी के पांच लाख रुपये दिए थे। पुलिस ने आरोपी पिता और छोटे भाई को जेल भेज दिया है। हत्यारोपी मां और शूटर अभी फरार हैं।

एएसपी अखिलेश भदौरिया ने दुष्यंत हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि गांव श्यामपुर के पास सूखी पड़ी नहर में शनिवार को दुष्यंत का लहूलुहान शव मिला था। शुरुआती जांच में मामला संदिग्ध लग रहा था। पुलिस ने जब गहराई से पड़ताल की तो परत-दर-परत रिश्तों को शर्मसार करने वाली कहानी सामने आ गई। पुलिस के मुताबिक दुष्यंत नशे का आदी था और आए दिन घर में झगड़ा, मारपीट और विवाद करता था। उसकी हरकतों से परिवार लंबे समय से परेशान चल रहा था। इसी तनाव के चलते परिवार ने उसे रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली। जांच में सामने आया कि दुष्यंत की हत्या के लिए पांच लाख रुपये में बदमाश जॉली को सुपारी दी गई थी। पुलिस के अनुसार इस साजिश में मृतक की मां भी शामिल थी। बताया गया कि मां ने अपने जेवर गिरवी रखकर हत्या के लिए रकम जुटाई और करीब 55 हजार रुपये एडवांस के तौर पर दिए गए। इसके बाद आरोपियों ने दुष्यंत की हत्या कर शव को श्यामपुर गांव के पास सूखी नहर में फेंक दिया, ताकि मामला हादसा प्रतीत हो। हालांकि पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने इस मामले में मृतक के पिता और भाई को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं वारदात में शामिल शूटर जॉली और हत्यारोपी मां समेत अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

धार्मिक गतिविधियां चलाने में तीन शिक्षक निलंबित, दो पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, संभल

- पीएम श्री विद्यालय से जुड़े कुछ वीडियो, फोटो हुए थे वायरल
- डीएम के निर्देश पर गठित समिति की रिपोर्ट के आधार पर की कार्रवाई

अमृत विचार : विकास क्षेत्र संभल के पीएम श्री विद्यालय जालब सराय में धार्मिक गतिविधियों और विद्यालय परिसर में कथित रूप से धार्मिक उन्माद फैलाने के आरोप में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देश पर प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। वहीं दो शिक्षकों के खिलाफ थाना नखासा में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

विद्यालय से जुड़े कुछ वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर सामने आए थे, जिनमें विद्यालय परिसर में अवांछित धार्मिक गतिविधियां संचालित होने की बात कही गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी संभल ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों से बातचीत की गई, जिसमें कथित रूप से यह बात सामने आई कि विद्यालय में मजहबी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा था। जांच में आरोप लगाया गया कि प्रधानाध्यापक मोहम्मद अंजार अहमद और सहायक अध्यापक मोहम्मद गुल एजाज शासकीय कार्यों की उपेक्षा कर मजहबी शिक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही विद्यालय में धार्मिक असहिष्णुता फैलाने, अन्य धर्मों के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने तथा बच्चों के मानसिक वातावरण को प्रभावित करने जैसे आरोप भी लगाए गए। उन्हें निलंबित कर दिया। मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापक वालेश कुमार को भी निलंबित किया गया। आरोप है कि उन्होंने इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने का प्रयास नहीं किया। डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है। खंड शिक्षा अधिकारी, विकास क्षेत्र संभल की ओर से प्रधानाध्यापक मोहम्मद अंजार अहमद और सहायक अध्यापक मोहम्मद गुल एजाज के खिलाफ थाना नखासा में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उम्मीद | समीक्षा के लिए जनहित याचिका दायर, एक न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध

मंदिरों में पुजारियों के वेतन का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर केंद्र और राज्य सरकारों को सरकारी नियंत्रण वाले मंदिरों में पुजारियों, सेवादारों और अन्य कर्मचारियों को दिए जाने वाले वेतन और अन्य लाभों की समीक्षा के लिए एक न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने यह जनहित याचिका दायर की है।

याचिका में याचिकाकर्ता ने यह घोषणा करने का भी अनुरोध किया है कि पुजारी और मंदिर के कर्मचारी वेतन संहिता, 2019 की धारा 2(के) के तहत कर्मचारी हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि एक बार जब सरकार मंदिरों के प्रशासनिक, आर्थिक और वित्तीय नियंत्रण अपने हाथ में ले लेती है, तो नियोक्ता-कर्मचारी संबंध स्थापित हो जाता है। ऐसे में पुजारियों और मंदिर के अन्य कर्मचारियों को सम्मानजनक वेतन से वंचित करना अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत आजीविका के अधिकार का उल्लंघन है। उपाध्याय ने कहा कि इस कदम का कारण यह है कि चार अप्रैल को जब वह एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए वाराणसी गए तब सरकारी नियंत्रण वाले काशी विश्वनाथ मंदिर में 'रुद्राभिषेक' करने के बाद उन्हें पता चला कि पुजारियों और मंदिर के अन्य कर्मचारियों को सम्मानजनक जीवन यापन के लिए न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दी जाती है। याचिका में कहा गया, हाल में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पुजारियों और मंदिर कर्मचारियों ने न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। मंदिरों के पुजारियों और अन्य कर्मचारियों को सरकार द्वारा अकुशल और अर्ध-कुशल श्रमिकों के लिए निर्धारित न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिल रही है। यह एक व्यवस्थित शोषण है।

आरती की थालियों में 'दक्षिणा' स्वीकार करने से सख्ती से रोक गया था

उपाध्याय ने कहा कि आजीविका की अनिश्चित प्रकृति सात फरवरी, 2025 को तब स्पष्ट रूप से उजागर हुई, जब तमिलनाडु के एक विभाग ने मदुरै के 'दंडायुथापानी स्वामी मंदिर' में एक परिपत्र जारी कर पुजारियों को 'आरती की थालियों' में 'दक्षिणा' स्वीकार करने से सख्ती से रोक दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंदिरों में पुजारियों को कोई औपचारिक वेतन नहीं मिलता है, वे पूरी तरह दक्षिणा पर आश्रित रहते हैं लेकिन सरकार के आदेश ने उनके सामने भूखों मरने वाली स्थिति पैदा कर दी। उन्होंने कहा कि जनाक्रोश के बाद यह कदम वापस लिया गया लेकिन यह घटना पुजारियों की उत्तरजीविता पर सरकार के मनमानेपन को दर्शाती है। याचिकाकर्ता ने उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया कि वह इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पिछले निर्णयों के आलोक में केंद्र एवं राज्य सरकारों को पुजारियों, सेवादारों एवं अन्य कर्मियों के कल्याण के वास्ते उपयुक्त कदम उठाने का आदेश दे।

न्यूज ब्रीफ

समाज के वरिष्ठजन हमारी अमूल्य धरोहर

मुरादाबाद, अमृत विचार : अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा की ओर से वरिष्ठ समाजसेवी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आरके गुप्ता ने किया। समारोह में समाज के वरिष्ठ व समर्पित समाजसेवियों प्रेम प्रकाश वार्ष्णेय, ओमप्रकाश गुप्ता व सतीश चंद्र गुप्ता को वार्ष्णेय समाज के प्रति उनकी दीर्घकालीन, निस्वार्थ एवं समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के वरिष्ठजन हमारी अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, संस्कार, संघर्ष एवं मार्गदर्शन से समाज को नई दिशा और नई ऊर्जा प्राप्त होती है। ऐसे सम्मान समारोह नई पीढ़ी को समाजसेवा एवं सामाजिक एकता के लिए प्रेरित करते हैं। विनोद कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि समाज का प्रेम, अपनत्व और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और वरिष्ठजनों का सम्मान ही हमारी संस्कृति की पहचान है। परमेश वार्ष्णेय, डॉ. प्रमोद गुप्ता, सुभाष चंद्र गुप्ता, सुमन प्रकाश वार्ष्णेय, सत्य प्रकाश वार्ष्णेय, संतोष गुप्ता, महेंद्र पाल गुप्ता, डॉ. राजेश रंजन वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

बिजली निजीकरण के खिलाफ आंदोलन तेज करने का ऐलान

मुरादाबाद, अमृत विचार : भारत की कम्युनिस्ट पार्टी की जिले भर के कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को बुद्धि विहार में हुई। अध्यक्षता कामरेड शरीफ अहमद ने की। बैठक में प्रदेश सरकार की नई बिजली नीति और बिजली के निजीकरण के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बिजली व्यवस्था को निजी क्षेत्र के हवाले करने की नीति का विरोध किया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार बिजली व्यवस्था को कॉरपोरेट घरानों के हित में संचालित करना चाहती है। कामरेड विक्रम सिंह एडवोकेट, चंद्रपाल सिंह आजाद, कासिम अली, एचएन. मिश्रा, जाबिर हुसैन, तस्लीम अहमद, याकूब सैफी, श्यामलाल, सुशील विश्नोई ने अपने विचार रखे।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित पीजीटी प्रवक्ता भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच सकुशल संपन्न

प्रवक्ता भर्ती परीक्षा के निरीक्षण के लिए केंद्र पर पहुंचे जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पहली पाली में 12 केंद्रों 2198 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, 2973 अनुपस्थित रहे
- दूसरी पाली में नौ केंद्रों पर 1827 परीक्षार्थीयों ने दी परीक्षा, 2022 ने परीक्षा छोड़ी

अमृत विचार: जिले में प्रवक्ता भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन परीक्षार्थियों की उपस्थिति बहुत कम रही। परीक्षा के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पहली पाली की परीक्षा में 12 केंद्रों पर 5171 परीक्षार्थियों का पंजीयन था, जिसमें 2198 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे जबकि 2973 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

वही दूसरी पाली में नौ केंद्रों पर पंजीकृत 3849 में से 2022 अनुपस्थित रहे, जबकि 1827 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने भी परीक्षा केंद्रों कर निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग द्वारा आयोजित पीजीटी प्रवक्ता भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को पहली पाली में 12 और दूसरी पाली की परीक्षा नौ केंद्रों पर कड़ी सुक्षा के बीच हुई। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। पहली पाली की परीक्षा देकर लौटे परीक्षार्थियों ने बताया सवाल न आसान थे और न ही कठिन थे। कई केंद्रों पर अभ्यर्थियों के साथ उनके अभिभावक भी पहुंचे,

आरएन इंटर कॉलेज में परीक्षा के बाद सामान के लिए लाइन में लगे परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

जिससे परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ रही। परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा के कड़े इंतजाम पहले से किए गए थे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, जबकि केंद्र व्यवस्थापक और पर्यवेक्षक लगातार व्यवस्था पर पैनी नजर रखी। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले सभी परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली गई। जांच के दौरान अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र और पहचान पत्र का मिलान किया गया। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं को केंद्र के अंदर ले जाने पर पूरी तरह रोक रही।

परीक्षा की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया आरएन इंटर कॉलेज केंद्र पहुंचे और कई कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान आयोग उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक से कुल परीक्षार्थियों के सापेक्ष उपस्थिति, सीसीटीवी कैमरे के संचालन की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था और कंट्रोल रूम के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम में पहुंचकर प्रत्येक कक्ष में परीक्षा का जायजा लिया।

शिक्षक नेता की मां के निधन पर शोक जताया

मुरादाबाद, अमृत विचार: राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह की 107 वर्षीय माता ब्रह्मादेवी के निधन पर महासंघ के प्रदेश के पदाधिकारियों ने शोक जताया है। प्रदेश के अध्यक्ष प्रोफेसर संजय मेधावी, प्राथमिक संवर्ग के प्रदेश महामंत्री प्रदीप कुमार तिवारी ने उनके पैतृक ग्राम नगलिया जट्ट तहसील बिलारी में पहुंचकर शिक्षक नेता की मां के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

शोक जताने वालों में माध्यमिक संवर्ग के पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री सुरेंद्र प्रकाश भटनागर, गुरु जम्भेश्वर विश्विद्यालय प्रोफेसर अजय राणा, माध्यमिक संवर्ग के बिजनौर जिलाध्यक्ष अनिल कुमार, प्राथमिक संवर्ग बिजनौर के जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह शामिल रहे।

प्रदेश सरकार में बढ़ा मुरादाबाद मंडल का प्रतिनिधित्व

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी फिर बने योगी सरकार में मंत्री, समर्थकों में खुशी की लहर, एक-दूसरे को दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : प्रदेश सरकार के कैबिनेट विस्तार में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में पहले भी मंत्री रहे भूपेंद्र सिंह चौधरी को भी शामिल किया गया है। इससे मुरादाबाद मंडल का प्रदेश सरकार के कैबिनेट में प्रतिनिधित्व बढ़ गया है। उन्हें मंत्री बनाए जाने पर जिले के भाजपा पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनके मंत्री बनने पर खुशी मनाई। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि भूपेंद्र सिंह चौधरी का मंत्रिमंडल में शामिल होना मुरादाबाद ही नहीं बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। उनका संगठनात्मक अनुभव, संघर्षशील व्यक्तित्व एवं जनता के प्रति समर्पण

भूपेंद्र चौधरी के मंत्री बनने पर भाजपा कार्यालय पर खुशी मनाते कार्यकर्ता।

प्रदेश सरकार को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल और महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला सहित कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी लखनऊ में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने भी भूपेंद्र सिंह चौधरी को प्रदेश सरकार में मंत्री बनने पर बधाई दी।

खुशी जताने वालों में महानगर महामंत्री विशाल त्यागी, शम्मी भटनागर, अमित शर्मा, गेत्रपाल सिंह, आदेश चौधरी, सुनीता शर्मा, दीक्षांत चौधरी, अश्विनी शर्मा, कपिल गुप्ता, द्रोपा देवी, सुमित ठाकुर, बबलू श्रीवास्तव, सोमपाल प्रजापति, महेंद्र सिंह बब्बू, काशीष चौहान, पूर्णिमा खन्ना, सिमरन कौर, भरत टंडन, अर्चित गुप्ता सहित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल रहे।

वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद के सदस्य निमित जायसवाल ने कहा कि पूर्व प्रदेश

भाजपा कार्यालय पर मिठाई खिलाकर बधाई देते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी जमीन से जुड़े हैं। वह पूर्व में भाजपा जिलाध्यक्ष, विभाग संयोजक, क्षेत्रीय मंत्री, क्षेत्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष जैसे पदों पर रह चुके हैं, लेकिन आज भी वह सभी के बीच एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में रहते हैं और सभी उनसे स्नेह रखते हैं। उन्होंने सभी का सदैव मार्गदर्शन कर संगठन और सरकार हित में काम करने के लिए प्रेरित किया है। उनके फिर से कैबिनेट मंत्री बनने से मुरादाबाद मंडल के विकास कार्यों में और तेजी आएगी। खुशी जताने वालों में वार्ड 47 के पार्षद और नगर निगम में पूर्व उप सभापति डॉ. गौरव श्रीवास्तव सहित भाजपा के अन्य पार्षद भी शामिल हैं। हालांकि इसके अलावा मुरादाबाद मंडल के जिलों के कई अन्य विधायकों को भी इस बार कैबिनेट विस्तार में अवसर मिलने की आस थी जो धरी रह गई। भूपेंद्र सिंह चौधरी के अलावा योगी सरकार में वर्तमान में मंत्री पद पर संभल जिले की चंदौसी विधानसभा की विधायक गुलाब देवी, रामपुर से बलदेव सिंह औलख आदि हैं। इससे मुरादाबाद मंडल का योगी कैबिनेट में प्रतिनिधित्व और बढ़ गया है।

- पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के मंत्री पद संभालने पर समर्थकों ने मनाया जश्न
- पार्टी कार्यालय पर ढोल-नगाड़े बजाकर खुशी जताई, बांटी मिठाई

यह है भूपेंद्र सिंह का राजनीतिक सफर

● छात्र जीवन में विश्व हिंदू परिषद व राष्ट्रवादी संगठनों से जुड़कर सामाजिक व राजनीतिक सक्रियता शुरू की ● 1991 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए ● 1913 में भाजपा जिला कार्यकारिणी में सदस्य बने ● 2006 में भाजपा के मुरादाबाद क्षेत्रीय मंत्री बने ● 2012 में भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए गए ● 10 जून 2016 को उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए ● 2017 में प्रदेश की योगी सरकार में पंचायती राज मंत्री बने ● 2022 में पुन: विधान परिषद सदस्य बने ● इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के यूपी के प्रदेश अध्यक्ष रहे।

पश्चिमी यूपी के प्रमुख जाट चेहरा हैं भूपेंद्र सिंह

भूपेंद्र सिंह चौधरी भाजपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक प्रमुख जाट चेहरा हैं। वह मुरादाबाद के निवासी हैं। 2016 में वह पहली बार विधान परिषद सदस्य बने। वर्तमान में भी वह एमएलसी हैं। 2017 में प्रदेश के योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने पर उन्हें पंचायती राज विभाग में कैबिनेट मंत्री बनाया गया था। उनकी सांगठनिक क्षमता को देखते हुए उन्हें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाया गया था। कार्यकाल पूरा होने के बाद अब प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी पंकज चौधरी निभा रहे हैं।

लापता मासूम का शव निर्माणाधीन इमारत के टैंक में मिला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : कांठ रोड स्थित पीएस ग्रीन ऑर्चिड के पास निर्माणाधीन इमारत के गटर टैंक में सात वर्षीय बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बच्चा चार मई से लापता था, जिसकी गुमशुदगी सिविल लाइंस कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

हसन। (फाइल फोटो)

बिहार के अररिया जिले के रहने वाले हसीब पिछले दो वर्षों से कांठ रोड क्षेत्र में मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। परिवार में पत्नी कुरैशा, बेटी हसरती और सात वर्षीय बेटा हसन था। बताया गया कि

घटनास्थल पर रोते-बिलखते हसन के परिजन। ● अमृत विचार

- चार मई से गायब था सात साल का बच्चा, शव मिलने से परिवार में मचा कोहराम

चार मई को हसन खेलते-खेलते अचानक लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने पांच मई को सिविल लाइंस कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस और परिजन लगातार बच्चे की तलाश में जुटे हुए थे। इसी बीच शनिवार देर रात पीएस ग्रीन आर्चिड के पास निर्माणाधीन इमारत में काम कर रहे मजदूरों को तेज बदबू महसूस हुई। बदबू का स्रोत तलाशते हुए मजदूर गटर टैंक के पास पहुंचे तो उन्होंने पानी में बच्चे का शव उतराता देखा। इसके बाद मजदूरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सिविल लाइंस पुलिस ने शव

छात्रों से बर्तन धुलवाने का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी जांच, कार्रवाई के घेरे में स्कूल के शिक्षक

अमृत विचार : बिलारी विकासखंड के गांव कमालपुर चंदौरा स्थित प्राथमिक विद्यालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें स्कूल ड्रेस पहने बच्चे बर्तन धोते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि अमृत विचार किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वहीं बीएसए ने मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी बिलारी को सौंपी है।

बताया गया कि शनिवार सुबह करीब 10:35 बजे किसी व्यक्ति ने बिलारी ब्लॉक के कमालपुर चंदौरा विद्यालय का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। वायरल वीडियो में विद्यालय परिसर में खाना खाने के बाद एक दो नहीं सभी छात्र बर्तन धोते दिखाई दे रहे है। बच्चों के बर्तन धोने के अंदाज से मालूम पड़ता है यह कार्य उन्हें रोज ही करना पड़ता है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर बीएसए ने मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी बिलारी विकास कुमार को सौंपी है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई तय है।

> विकासखंड बिलारी के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों का खाना खाने के बाद विद्यालय के नल पर बर्तन धोते वायरल वीडियो में दिखाया गया है। इसकी जांच खंड शिक्षा अधिकारी बिलारी विकास कुमार को सौंपी है। जांच में दोषी पाए जाने पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई होगी।
>
> -**विमलेश कुमार**, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क की दूसरी बरसी पर पेश की खिराजे अकीदत

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: पूर्व सांसद और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शफीकुर्रहमान बर्क की दूसरी बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोगों ने पहुंचकर उन्हें खिराजे अकीदत पेश की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समर्थकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय लोगों की मौजूदगी रही। वक्ताओं ने कहा कि डा. बर्क ने पूरी जिंदगी आम लोगों की आवाज उठाई और उनकी कमी हमेशा महसूस की जाती रहेगी।

कार्यक्रम के दौरान लोगों ने डा. बर्क के राजनीतिक और सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हें गरीबों और दबे-कुचले लोगों का सच्चा नेता बताया। उनकी मगफिरत के लिए दुआ की गई और उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता करने की प्रार्थना की गई। इस

डा. शफीकुर्रहमान बर्क की दूसरी बरसी पर संबोधित करते सांसद जियाउर्रहमान बर्क।

- सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क बोले- दादा की मोहब्बत आज भी लोगों के दिलों में जिंदा

दौरान संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने भावुक संबोधन में कहा कि आज भी लोग उनके दादा डा. शफीकुर्रहमान बर्क से बेइंतहा मोहब्बत करते हैं। उन्होंने कहा कि दादा की यादें और उनका सियासी सफर आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है। सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि डा. बर्क ने जमीन से लेकर विधानसभा और संसद तक हमेशा अपने लोगों की आवाज बुलंद की। उन्होंने हर वर्ग के लोगों के हक की लड़ाई लड़ी। यही वजह है कि आज भी लोग उन्हें बेहद सम्मान और मोहब्बत से याद करते हैं। सपा सांसद ने कहा कि जनता का प्यार और दुआएं ही उनकी सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा जनता के साथ पहाड़ की चट्टान की तरह खड़े रहेंगे।

नवीन मंडी में सफाई में लापरवाही पर ठेकेदार को फटकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नवीन मंडी समिति में रविवार को अवकाश होने के बावजूद मंडी सचिव ने परिसर में पहुंचकर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। विभिन्न स्थानों का जायजा लेते हुए वहां फैली गंदगी, कूड़ा निस्तारण व्यवस्था और सफाई कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान मंडी सचिव संजीव कुमार ने बताया कि कुछ स्थानों पर खराब फल और सड़ी-गली सब्जियां इकट्ठा होने से गंदगी फैल रही है। इस पर उन्होंने संबंधित सफाई ठेकेदार और कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी परिसर में किसी भी हालत में गंदगी नहीं फैलनी चाहिए और सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंडी सचिव संजीव कुमार ने कहा कि मंडी केवल व्यापार का केंद्र नहीं

मंडी समिति में निरीक्षण के दौरान सफाई कराते मंडी सचिव संजीव कुमार।

- अवकाश के दिन भी मंडी पहुंचे सचिव, व्यापारियों से डस्टबिन रखने की अपील

बल्कि हजारों किसानों, व्यापारियों और ग्राहकों की आवाजाही का प्रमुख स्थान है। ऐसे में यहां स्वच्छता बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि साफ-सुथरे वातावरण से जहां व्यापारियों और किसानों को सुविधा मिलेगी, वहीं संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना भी कम होगी। निरीक्षण के दौरान मंडी सचिव ने फल और सब्जी व्यापारियों के साथ बातचीत भी की। उन्होंने व्यापारियों से अपील किया कि खराब फल और सब्जियों को इधर-उधर फेंकने के बजाय प्रत्येक दुकानदार अपनी दुकान के सामने डस्टबिन रखें, जिससे कूड़ा एक स्थान पर एकत्रित किया जा सके। उन्होंने जानकारी दी कि मंडी प्रशासन द्वारा नियमित रूप से सफाई वाहन भेजा जाएगा, जो दुकानों के सामने रखे डस्टबिन से कूड़ा उठाकर उसका निस्तारण करेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें व्यापारियों और कर्मचारियों की सहभागिता भी आवश्यक है।

डीएम ने मंडी समिति में गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया, खरीद में पारदर्शिता के निर्देश

मुरादाबाद, अमृत विचार : नवीन मंडी समिति मझोला में संचालित गेहूं क्रय केंद्र का रविवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैसिंया ने औचक निरीक्षण किया। उनके अवकाश के दिन पहुंचने से वहां केंद्र प्रभारी व कर्मचारियों में खलबली मच गई।

जिलाधिकारी ने पारदर्शिता के साथ खरीद करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने केंद्र पर मौजूद स्टॉक रजिस्टर को भी चेक किया। साथ ही गेहूं रखने के लिए बोरे आदि के बारे में भी पूछा। पारदर्शिता के साथ तौल कर किसानों को समय से भुगतान करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 19 मोबाइल क्रय केंद्र सहित 70 गेहूं क्रय केंद्र संचालित हैं। अभी तक जिले में इन केंद्रों के माध्यम से कुल 12,400 क्विंटल गेहूं खरीद हुई है जो लक्ष्य का 44 प्रतिशत है। उन्होंने किसानों से अपील किया कि वह अपने गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर ही निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप बिक्री करें और सरकार द्वारा निर्धारित एमएसपी का लाभ प्राप्त करें।

प्रीमेच्योर शिशुओं की देखभाल को किया जागरूक

मुरादाबाद, अमृत विचार : विश्व नवजात पुनर्जीवन दिवस के अवसर पर रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में नवजात पुनर्जीवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी ब्लॉकों के लेबर रूम में प्रसव कराने वाली महिला चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स, नवजात स्थिरीकरण इकाई में कार्यरत स्टाफ नर्स व सिक न्यूबॉर्न केयर यूनिट के बाल रोग विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण पांडे और डॉ. सना ने स्वास्थ्य कर्मियों को नवजात शिशुओं की देखभाल, विशेष रूप से प्रीमैच्योर बच्चों को रेसुसिटेट करने के तरीके के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रैक्टिकल प्रशिक्षण के माध्यम से स्वास्थ्य कर्मियों को आपात स्थिति में नवजात को सुरक्षित रखने की तकनीकें भी सिखाईं।

स्मार्ट मीटर की भ्रांतियां दूर करने में जुटा महकमा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रविवार को भी विद्युत केंद्रों पर लगे कैंप, अधिकारियों ने गांव-गांव जाकर दी जानकारी

अमृत विचार: स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं के बीच बढ़ रही भ्रांतियों और विरोध को देखते हुए बिजली विभाग ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। विभागीय अधिकारियों ने रविवार को अवकाश होने के बावजूद विद्युत केंद्रों और उपकेंद्रों पर कैंप लगाकर उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर और प्रीपेड व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी।

मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि प्रबंध निदेशक (एमडी) की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं कि स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों में फैली गलतफहमियों को दूर किया जाए और उपभोक्ताओं को सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए। इसी क्रम में देहात क्षेत्र के विभिन्न विद्युत केंद्रों और उपकेंद्रों पर विशेष कैंप लगाए गए। रविवार को आयोजित कैंपों में करीब 250 उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, प्रीपेड मीटर व्यवस्था और उससे मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को बताया कि स्मार्ट मीटर से बिजली खपत की सही जानकारी मिलेगी और बिलिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी। इस दौरान एसडीओ, जेई और लाइनमैनों की टीम ने कैंपों के अलावा गांवों में जाकर भी लोगों से संपर्क किया। अधिकारियों ने घर-घर पहुंचकर स्मार्ट मीटर को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया तथा उपभोक्ताओं की शिकायतें और समस्याएं भी सुनीं और कुछ शिकायतों को समाधान कराने के सोमवार को संबंधित विद्युत केंद्रों पर बुलाया गया है।

शहर में आज

- भारतीय जनता पार्टी महानगर के द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने पर महिला शक्ति द्वारा क्रमिक धरना सपा सांसद रुचि वीरा के आवास के बाहर निकट सेंट पॉल स्कूल सिविल लाइंस पर 11:00 बजे।
- लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती 7:00 बजे।

न्यूज ब्रीफ

क्रिकेट खेलते-खेलते भिड़े बच्चे, दरांती से बोला हमला

मूंढापांडे, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव में क्रिकेट का मैदान अचानक जंग का मैदान में बदल गया। क्रिकेट खेलते-खेलते बच्चों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया एक बच्चे से अपने साथी पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। मूंढापांडे के दुपैड़ा गांव निवासी रामबीर पुत्र मंगली ने शिकायती पत्र में पुलिस को बताया उसका पुत्र आकाश गांव के उमेश पुत्र गजराम के साथ गांव के बाहर खेल रहा था। इस दौरान उमेश ने आकाश की गर्दन पर दरांती से हमला कर घायल दिया। जिसका उपचार मूंढापांडे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा। आकाश के पिता रामवीर ने थाना मूंढापांडे पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

कार से टकराई बाइक सवार घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव मालपुरा लक्ष्मीपुर निवासी गौरव कुमार (18) पुत्र सुनील कुमार रविवार दोपहर अपने गांव से ठाकुरद्वारा आ रहा था। उसकी बाइक के आगे एक कार चल रही थी। बताया गया कि फैजुल्लागंज के निकट आरा मशीन के सामने अचानक कार के आगे एक जानवर आ गया, जिस पर कार चालक ने तेजी से ब्रेक लगा दिए। अचानक ब्रेक लगने से पीछे चल रही तेज रफ्तार बाइक कार से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया।

जनगणना : भाषा के विकल्प के लिंक पर चुन सकते हैं आसानी से समझ में आने वाली अपनी सुविधानुसार भाषा

भाषा के आधार पर नहीं होगी स्वगणना का विवरण भरने में असुविधा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का विषय है। इसमें हर घर की गणना की जाएगी। पहले चरण में मकानों की गणना व सूचीकरण के लिए स्वगणना (सेल्फ इन्यूमिरेशन) का विकल्प है। इसमें आसानी से विवरण भरकर कोई भी मांगी गई जानकारी उपलब्ध करा सकता है। इसमें महत्वपूर्ण यह है कि भाषा के आधार पर कोई दिक्कत नहीं होगी। हिंदी, अंग्रेजी सहित 16 भाषाओं का विकल्प उपलब्ध है।

प्रदेश में इन दिनों जनगणना के पहले चरण की प्रक्रिया चल रही है। इसमें सात मई से 21 मई तक स्वगणना कराई जा रही है। इसमें परिवार का मुखिया या परिवार का कोई भी सदस्य वेवसाइट पर जाकर मांगी गई जानकारी को भरकर स्वगणना को पूरा कर सकता है। इसमें किसी को भाषाई आधार पर असुविधा न हो इसके लिए हिंदी, अंग्रेजी सहित 16 भाषा का विकल्प मौजूद है। इसके लिए वेबसाइट https://se.census.gov.in खोलें। ब्राउजर में जाएं, राज्य चुनें और कैप्चा कोड भरकर अपने मोबाइल नंबर से करें रजिस्ट्रेशन

परिवार के मुखिया का नाम डालें, मोबाइल नंबर भरें। भाषा के विकल्प मांगें जाने पर हिंदी, अंग्रेजी सहित 16 भाषाओं के विकल्प में अपनी मनपसंद व सुविधाजनक भाषा चुक सकते हैं।

जनगणना में स्वगणना के लिए इन भाषाओं का विकल्प

हिंदी, अंग्रेजी के अलावा असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, उर्दू भाषा का विकल्प मौजूद है।

इस प्रकार करें स्वगणना

- स्व-गणना की प्रक्रिया की शुरुआत के लिए वेबसाइट खोलें
- ब्राउज़र में जाएं https://se.census.gov.in लिंक को खोलें
- राज्य या यूनियन टेरेटरी चुनें, उत्तर प्रदेश के रहने वाले उत्तर प्रदेश का विकल्प चुनें और स्क्रीन पर आए कैप्चा कोड को भरें
- मोबाइल नंबर रजिस्ट्रेशन कर सबसे पहले परिवार के मुखिया का नाम डालें
- मोबाइल नंबर डालें और ओटीपी आने पर उसे वेरीफाई करें
- भाषा का विकल्प चुनें, जिसमें हिंदी, अंग्रेजी सहित 16 भाषाओं में से अपनी सुविधानुसार भाषा चुनें
- पता का विवरण भरें, जैसे राज्य, जिला, शहर / गांव का विकल्प चुनकर भरें
- मकान नंबर/लोकेशन (मैप पर अपने घर को लाल मार्क टैग (मार्क) करें
- घर और परिवार की जानकारी भरें।

इसके बाद 33 सवालों का क्रमवार विवरण भरें

- घर का प्रकार (पक्का/कच्चा)
- बिजली, पानी, शौचालय
- परिवार के सदस्य
- संपत्ति (टीवी, मोबाइल, इंटरनेट आदि)
- जवाब संबंधी जानकारी, i' बटन पर क्लिक कर जान सकते हैं
- फार्म पर भरी सभी जानकारी चेक करें और सबमिट बटन दबाएं
- स्वगणना आईडी प्राप्त करें ओर इसे सुरक्षित रखें
- सत्यापन के लिए जब जनगणना अधिकारी/प्रगणक घर आएं तो बस उन्हें
- स्व-गणना (सेल्फ इन्यूमिरेशन) आईडी दिखाना है

ग्रामीण क्षेत्रों में भी कर रहे स्वगणना के लिए जागरूक

मुरादाबाद, अमृत विचार : ग्रामीण क्षेत्र में स्वगणना के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने इसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने जनगणना की प्रक्रिया समय से पूरा कराने के लिए अधिकतम परिवारों को जोड़ने के लिए स्वगणना पर प्राथमिकता देने के लिए कहा है, जिससे प्रगणकों के पहुंचने पर काम में आसानी रहे। इस कार्य में ग्रामीण स्तर के कार्मिकों व जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा ने कांठ तहसील के ग्राम पंचायत लदावली में पहुंचकर लोगों को स्व-गणना के प्रति जागरूक किया। उनको डिजिटल रूप से स्वगणना के लिए लिंक और उसकी प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। गांव के कई लोगों ने उनके सामने ही अपनी स्व-गणना पूरी की। जिला पंचायत राज अधिकारी ने उन्हें बताया कि सात से 21 मई तक स्व-गणना प्रक्रिया में अधिकतम परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य है। इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सभी की सहभागिता जरूरी है।

मौसम में और बढ़ सकती है तपन, लू से फिलहाल राहत

अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज, ठंडे पेय पदार्थों की बढ़ी मांग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आने वाले दिनों में और बढ़ सकता है तापमान
- शाम के बाद ही सड़कों पर बढ़ी चहल-पहल

अमृत विचार : जिले में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। दिन में तेज धूप और बढ़ती गर्मी से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, हालांकि फिलहाल लू से कुछ राहत बनी हुई है। रविवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ सकता है, जिससे तपन बढ़ेगी।

दोपहर के समय सड़कों पर निकलने वाले लोग सिर ढककर और चेहरे को कपड़े से ढंककर सफर करते नजर आए। बाजारों में भी दोपहर के समय भीड़ कम रही, जबकि शाम ढलने के बाद लोगों की आवाजाही बढ़ गई। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं।

शहर के विभिन्न इलाकों में नारियल पानी, बेल का शरबत, गन्ने का रस और शिकंजी की दुकानों पर भीड़ देखने को मिली। सिविल लाइंस में नारियल पानी बेचने वाले सुनील ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में बिक्री में तेजी आई है। वहीं बेल के शरबत और गन्ने के रस की मांग भी लगातार बढ़ रही है। लोग शरीर को ठंडा और तरोताजा रखने के लिए इन प्राकृतिक पेय पदार्थों को प्राथमिकता दे रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि बढ़ती गर्मी में अधिक पानी पीना चाहिए और खाली पेट धूप में निकलने से बचना चाहिए।

दोपहर के समय पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा जैसा माहौल दिखाई दिया। वहीं बच्चे और युवा शाम के समय घरों से बाहर निकलते नजर आए। शाम के बाद ही शहर की प्रमुख सड़कों पर चहल-पहल बढ़ी। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि यदि तापमान में इसी तरह बढ़ोतरी जारी रही तो आने वाले दिनों में गर्मी और अधिक परेशान कर सकती है।

दोपहर में धूप में यूं निकले युवक।

दिल के मरीजों पर असर

- लो ब्लड प्रेशर के कारण चक्कर और बेहोशी की आशंका।
- तेज गर्मी से दिल की धड़कन बढ़ने पर दिल पर अतिरिक्त दबाव।
- एंजाइना या हार्ट अटैक का खतरा बढ़ सकता है।
- कुछ दवाओं के कारण डिहाइड्रेशन की समस्या।

दिल का रखें ख्याल, हीट वेब से हो सकता खतरा

मुरादाबाद, अमृत विचार : मौसम के लगातार बदलते मिजाज ने लोगों की सेहत पर असर डालना शुरू कर दिया है। कभी तेज धूप और उमस तो कभी अचानक बादल और बूंदाबांदी के बीच अब भीषण गर्मी और हीट वेव का खतरा और बढ़ने की चेतावनी दी जा रही है। बढ़ते तापमान के साथ जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों में उल्टी-दस्त, बुखार, बेचैनी, डिहाइड्रेशन, सिरदर्द और त्वचा रोग के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। खासकर हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगियों के लिए यह मौसम ज्यादा खतरनाक माना जा रहा है। जिला अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक एवं अपर निदेशक डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय ने बताया कि गर्मी के कारण शरीर से अत्यधिक पसीना निकलता है, जिससे पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो जाती है। इसका सीधा असर दिल की कार्यप्रणाली पर पड़ता है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में बीपी और हृदय संबंधी शिकायत लेकर आने वाले मरीजों की संख्या में करीब 20 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। कई मरीजों में लो ब्लड प्रेशर, चक्कर, कमजोरी और दिल की धड़कन तेज होने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं।

हीट स्ट्रोक भी जानलेवा बरतें सावधानी

जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह के अनुसार हीट वेव से डिहाइड्रेशन, थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में ऐंठन व हीट एग्जाशन जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। शरीर का तापमान अत्यधिक बढ़ने पर हीट स्ट्रोक की स्थिति बन सकती है, जो जानलेवा भी साबित हो सकती है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, अत्यधिक पसीना, चक्कर आना, उल्टी, बेहोशी और दिल की तेज धड़कन शामिल है। गर्मी से बचाव के लिए दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ जैसे ओआरएस, नींबू पानी और नारियल पानी का सेवन करना चाहिए। हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनने चाहिए, जिससे शरीर को सकून मिले।

इन लक्षणों पर डॉक्टर की जरूरत

- सीने में दर्द या भारीपन, उल्टी या तेज बुखार।
- अत्यधिक पसीना, तेज धड़कन, चक्कर आना या बेहोशी।
- सांस लेने में तकलीफ या लगातार कमजोरी।

ऐसे करें बचाव

- धूप और हीट वेव से बचाव करें।
- बाहर निकलते समय टोपी या छाते का प्रयोग करें।
- नमक, कैफीन और शराब का अधिक सेवन न करें।
- ज्यादा मेहनत वाले काम से बचें, बीच-बीच में आराम जरूरी।

पश्चिमी यूपी में मध्य जून में दस्तक दे सकता मानसून

मुरादाबाद अमृत विचार: पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मानसून सामान्यतः जून के तीसरे या चौथे सप्ताह (18-25 जून के आसपास) तक दस्तक देता है। इस बार भी समय से मानसून पहुंचने का अनुमान मौसम विभाग जता रहा है। मानसून के आने से पहले जून के दूसरे सप्ताह से ही प्री-मानसून बारिश शुरू हो सकती है, जो गर्मी से राहत दिलाएगी। इस साल समय पर मानसून की संभावना जताई जा रही है।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 18-20 जून के आसपास मानसून के सक्रिय होने की संभावना है। प्री-मानसून के दौरान मई और जून की शुरुआत में भी तेज आंधी-पानी की संभावना बनी है। इसका असर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में दिखेगा। आमतौर पर मानसून पूर्वी उत्तर प्रदेश के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहुंचता है। इस बार भी मानसून के दौरान अच्छी बारिश की संभावना जताई जा रही है, जिससे गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं समय से मानसून के दस्तक से फसलों की बोआई में भी सहूलियत होगी। जिससे किसानों को शुरूआत में सिंचाई पर खर्च नहीं करना पड़ेगा।

शाकाहारी चावल की जगह परोस दी मांसाहारी बिरयानी, होटल में हंगामा

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

अमृत विचार: डिप्टीगंज चौराहे के पास स्थित रेस्टोरेंट में सादा चावल की जगह मांसाहारी बिरयानी परोस दी गई। खाने में मीट का टुकड़ा मिलने को लेकर हंगामा हो गया। अधिवक्ता ने होटल संचालक और उसके साथियों पर मारपीट, नकदी व सोने की चेन छीनने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इसकी वीडियो वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है।

अधिवक्ता जितेंद्र कुमार छह मई की शाम अपने साथियों के साथ डिप्टीगंज स्थित रेस्टोरेंट में खाना खाने पहुंचे थे। इस रेस्टोरेंट पर मांसाहारी और शाकाहारी दोनों प्रकार का भोजन मिलता है। अधिवक्ता के अनुसार उन्होंने रेस्टोरेंट मालिक से शाकाहारी भोजन के बारे में पूछकर खाना मंगाया था। खाना खाते समय उनकी प्लेट में परोसे गए चावल के स्थान पर मांसाहारी बिरयानी परोस दी गई। खाना खाते वक्त चावल की प्लेट में मीट का टुकड़ा और हड्डी निकल आई।

अधिवक्ता का आरोप है कि शिकायत करने पर होटल मालिक भड़क गया और जबरन वह खाना खाने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर होटल संचालक और उसके 8-10 साथियों ने मारपीट कर दी। आरोप है कि इस दौरान उनकी जेब में रखे करीब 10 हजार रुपये और सोने की चेन भी छीन ली गई।

पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना की वीडियो भी बनाई गई है, जिसमें खाने में मीट का टुकड़ा दिखाई दे रहा है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

होटल स्वामी की लापरवाही के बारे जाने देता पीड़ित। ● अमृत विचार

- अधिवक्ता ने होटल स्वामी पर मारपीट और लूटपाट का लगाया आरोप

मुरादाबाद रेल मंडल ने अप्रैल में कमाए 152 करोड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अप्रैल-2025 की तुलना में अप्रैल-2026 की यात्री आय में 17 प्रतिशत की हुई वृद्धि

अमृत विचार : मंडल रेल मंडल में आधारभूत संरचना विकास, यात्री सुविधाओं के उन्नयन तथा बेहतर परिचालन प्रबंधन के परिणामस्वरूप रेल राजस्व में वृद्धि दर्ज की जा रही है। मुरादाबाद मंडल में अप्रैल के दौरान कुल 55.88 लाख यात्रियों की बुकिंग की गई, जिससे 107.54 करोड़ की यात्री आय प्राप्त हुई। जो किसी एक महीने में मंडल द्वारा की गई अब तक की सर्वाधिक यात्री आय है।

उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में मुरादाबाद मंडल निरंतर प्रगति एवं विकास की दिशा में अग्रसर है। मंडल प्रशासन द्वारा यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आधुनिक यात्री सुविधाओं के विस्तार, बेहतर टिकटिंग व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा तथा परिचालन दक्षता में सुधार के फलस्वरूप मंडल की आय में निरंतर वृद्धि हो रही है।

उन्होंने बताया कि अप्रैल-2025 की तुलना में अप्रैल-2026 की यात्री आय में लगभग 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अलावा मंडल द्वारा अन्य कोचिंग मद से 7.39 करोड़ रुपये, माल भाड़ा आय से 34.76 करोड़ रुपये तथा विविध आय मदों से 2.38 करोड़ रुपये की आय हासिल की गई है। अप्रैल में मुरादाबाद मंडल की कुल आय 152.07 रुपये करोड़ रही, जो पिछले वर्ष अप्रैल-2025 की तुलना में 9.08 प्रतिशत अधिक है।

खत्री हितकारिणी सभा के पदाधिकारियों का सम्मान

मुरादाबाद अमृत विचार : खत्री हितकारिणी सभा की बैठक में रविवार को विभिन्न पदों पर मनोनीत किए गए पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। खत्री सभा दिल्ली द्वारा अध्यक्ष महेंद्र कुमार मेहरोत्रा को परामर्श समिति का सदस्य, इंदू खन्ना को उपाध्यक्ष और मनु मेहरोत्रा को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए जाने पर उन्हें सम्मानित किया गया।

इसके अलावा सभा के कोषाध्यक्ष खत्री राजेश कुमार खन्ना को प्रांतीय खत्री सभा उत्तर प्रदेश का संगठन मंत्री मनोनीत किए जाने पर भी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बैठक में समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान राकेश कुमार टंडन, मुकेश टंडन, अजीत कुमार मेहरोत्रा, हरि गोपाल कपूर, मनु मेहरोत्रा, जय भोले, राजेंद्र कुमार टंडन, ममता टंडन, सारिका कपूर, राजेंद्री कपूर और नेहा मौजूद रहे।

बच्चों के बेहतर संस्कार व स्वस्थ भविष्य का संकल्प

मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में क्लब की सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मातृ दिवस के अवसर पर यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब का कार्यक्रम आयोजित

अमृत विचार : मातृ दिवस के अवसर पर यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब की महिला सदस्यों ने कांठ रोड स्थित एक होटल में कार्यक्रम आयोजित किया। महिलाओं और बच्चों ने हिस्सा लेते हुए मातृत्व, संस्कार और परिवार के महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में डांस, गेम्स और अंताक्षरी जैसी मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी माताओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों को बड़े-बुजुर्गों के आदर-सत्कार एवं संस्कारों के महत्व के प्रति जागरूक किया। महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे बच्चों के बेहतर पालन-पोषण के साथ उन्हें मोबाइल फोन और जंक फूड की आदतों से दूर रखकर स्वस्थ और संस्कारित वातावरण प्रदान करेंगी। इस मौके पर संजना भटनागर, मानसी, दिव्या, अनुभा, शालिनी, अदिति, नायशा, अद्वविक, श्रेयस मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

स्विमिंग पूलों के पानी की गुणवत्ता पर सवाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिले में बिना अनुमति संचालित हो रहे स्विमिंग पूलों में अब पानी की गुणवत्ता को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। अधिकांश पूलों में पानी की नियमित जांच और सफाई के मानकों का पालन नहीं किया जा रहा, जिससे स्किन एलर्जी, आंखों में संक्रमण और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

भोलानाथ कॉलोनी, बलदेवपुरी, दुर्गा कॉलोनी, शंकर कॉलोनी समेत कई क्षेत्रों में संचालित स्विमिंग पूलों में पानी धुंधला और गंदा दिखाई दिया। कहीं फिल्ट्रेशन प्लांट नहीं मिला तो कहीं पानी में क्लोरीन की मात्रा की जांच की कोई व्यवस्था नहीं थी। जबकि, लंबे समय तक बिना बदले पानी और अत्यधिक भीड़ के कारण संक्रमण फैलने की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। गर्मी बढ़ने के साथ बढ़ी संख्या में सुबह से शाम तक लगातार बच्चे और युवा इन पूलों में पहुंच रहे है, लेकिन अधिकांश संचालकों के पास पानी की गुणवत्ता जांच संबंधी कोई रिकॉर्ड तक उपलब्ध नहीं है। स्वास्थ्य मानकों के अनुसार स्विमिंग पूल के पानी की नियमित जांच स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में कराना जरूरी होता है, लेकिन जमीनी स्तर पर इन नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। चिकित्सकों का कहना है कि गंदे पानी में स्नान करने से त्वचा रोग, फंगल इंफेक्शन, आंखों में जलन और पेट संबंधी संक्रमण का खतरा रहता है। क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि स्विमिंग पूल संचालन के लिए सुरक्षा और स्वच्छता संबंधी मानकों का पालन अनिवार्य है। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह का कहना है कि स्विमिंग पूलों में पानी की स्वच्छता बनाए रखना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य मानकों की अनदेखी की शिकायत मिलती है तो स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच करेगी।

इनाया। ● अमृत विचार

यूपी स्टेट अंडर-11 गर्ल्स चेस चैंपियनशिप में इनाया को पांचवा स्थान

मुरादाबाद अमृत विचार : सीतापुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में आठ व नौ मई को आयोजित यूपी स्टेट अंडर-11 गर्ल्स चेस चैंपियनशिप में मुरादाबाद की होनहार खिलाड़ी इनाया आजम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जहां इनाया ने अपने बेहतरीन खेल कौशल और रणनीति से सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इनाया आजम को 650 रुपये का नकद पुरस्कार, शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। शहर के खिलाड़ियों और कोचों ने भी इनाया की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

चोरी की बकरी व कार संग पकड़े गए दो आरोपी

मुरादाबाद, अमृत विचार : थाना मझोला पुलिस ने बकरी चुराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई बकरी और चोरी में इस्तेमाल अर्टिगा कार भी बरामद की है।

मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने रविवार को बताया कि जन्नत बाग निवासी शबनम ने शिकायत दर्ज कराई थी कि नौ मई को उनकी बकरी चोरी कर ली गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने रविवार सुबह दो आरोपी मो. हामिद निवासी चक्की वाली गली, कोहिनूर तिराहा और रियासत उर्फ भूरा को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी की बकरी और अर्टिगा कार बरामद कर आरोपियों को को जेल भेज दिया है।

यूथ क्रिकेट अकादमी ब्लू ने रेड को हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : कांठ रोड स्थित विवेकानंद मैदान पर रविवार को खेले गए यूथ अकादमी समर सीजन-2 टूर्नामेंट में यूथ क्रिकेट अकादमी ब्लू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूथ क्रिकेट अकादमी रेड को 109 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यूथ क्रिकेट अकादमी ब्लू ने 40 ओवर में चार विकेट खोकर 300 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

टीम की ओर से तैमूर मलिक ने 75 और कबीर मलिक ने 72 रन की बेहतरीन पारी खेली। मुकुल गुर्जर ने 42 तथा इशान ने 32 रन का योगदान दिया। ब्लू टीम के बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। 301 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूथ क्रिकेट अकादमी रेड की टीम 30.4 ओवर में 191 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। रेड टीम की ओर से नैतिक विश्नोई ने सर्वाधिक 54 रन बनाए। श्लोक विश्नोई ने 27, जुबैर मलिक ने 24 और मोहम्मद जैद ने 19 रन की पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

ब्लू टीम के गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए विपक्षी बल्लेबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा।

- तैमूर मलिक और कबीर मलिक की शानदार बल्लेबाजी

नैतिक के अर्धशतक ने नेक्स्ट जेनरेशन ब्लू की जीत

मुरादाबाद, अमृत विचार : द नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी के मैदान पर रविवार को नेक्स्ट जेनरेशन ब्लू और नेक्स्ट जेनरेशन रेड के बीच मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर नेक्स्ट जेनरेशन रेड ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेक्स्ट जेनरेशन ब्लू की टीम ने 30 ओवर में 10 विकेट खोकर 200 रन बनाए। टीम की ओर से नैतिक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 67 रन बनाए। कान्हा ने 32 रन, ईशानी ने 20 और सिद्धार्थ शर्मा ने 13 रन का योगदान दिया। ब्लू टीम के बल्लेबाजों ने संयमित खेल दिखाते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेक्स्ट जेनरेशन रेड की टीम ने भी जीत के लिए पूरा प्रयास किया, लेकिन निर्धारित 30 ओवर में छह विकेट पर 190 रन ही बना सकी। रेड टीम की ओर से कवि चौधरी ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए। यश ने 34 और शेखर ने 32 रन की पारी खेली, लेकिन टीम जीत से 10 रन दूर रह गई।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

कांठ, अमृत विचार : अमरोहा थाना क्षेत्र के गांव जमुना के पास रविवार को सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। तेज रफ्तार और अनियंत्रित पिकअप वाहन ने ओवरटेक करते हुए पीछे से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

थाना छजलैट क्षेत्र के गांव सदुपुरा निवासी मून मसीह (36) पुत्र ग्यान मशीह अपनी बाइक से भूसा लेने जा रहे थे। जमुना चौकी के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए। मृतक की पत्नी रेनू व दो बेटे संस्कार (10) व शगुन (8) और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने फरार चालक व वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

करनपुर चौराहे पर निरंकारी संत समागम संपन्न

मुखी बोले-विश्व में गुणातीत अवस्था में बहुत कम लोग हैं

संवाददाता, डिलारी

अमृत विचार : संत निरंकारी मिशन की शाखा करनपुर चौराहा पर एक विशाल क्षेत्रीय निरंकारी संत समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जयनगर ब्रांच के मुखी नरेश सिंह ने कहा कि विश्वभर में लाखों इंसान हैं, किंतु गुणातीत अवस्था में बहुत कम लोग होते हैं। अधिकांश मानव रजोगुण, तमोगुण और सतोगुण- इन तीन गुणों में बंधा रहता है, जिससे विचार धाराओं का टकराव और वैरभाव पैदा होता है। यही कारण है कि इंसानियत हैवानियत में बदलती है और अशांति फैलती है।

उन्होंने कहा कि जब इन तीन गुणों के साथ ब्रह्मज्ञान जुड़ जाता है, तो इनका उपयोग परहित में होने लगता है, क्योंकि हम सब प्रभु की रचना हैं। बुरों के साथ भी सज्जन पुरुष नेकी करते हैं। नरेश सिंह ने फायर ब्रिगेड का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार आग लगने पर उसकी महत्ता बढ़ जाती है, उसी प्रकार संसार में जब अधर्म, अनाचार, अत्याचार बढ़ता है और धर्म का ह्रास होता है, तब कोई महान विभूति आकर भटके लोगों का मार्गदर्शन करती है। ऐसे समाज सुधारक हर युग में आते रहे हैं।

करनपुर चौराहा पर प्रवचन सुनती संगत। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में कवि दरबार का भी आयोजन हुआ, जिसमें रामवीर सिंह, अंकित कुमार, डॉ. किशन सिंह और कुमारी ज्योति ने अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत कीं। मंच संचालन सुभाष सिंह ने किया। इस अवसर पर ब्रांच प्रभारी डॉ. बाबू सिंह, सेवादल प्रभारी कमल कुमार, महेंद्र सिंह, त्रिवेणी शंकर, होती सिंह, भजन सिंह, भारत सिंह, पप्पू सिंह, बत्तू सिंह, नन्हे सिंह, विशाल कुमार, विनोद कुमार, मुनेश कुमार, मुकेश कुमार, रामकुमार एडवोकेट, दीपक कुमार, राजकुमार, ग्राम प्रधान रेखा देवी, अनिता देवी, ज्योति सिंह, कमलेश देवी, रजनी देवी, सरला देवी, निशा गोला, पूनम, कामिनी, निधि, आस्था, वंशिका सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सत्संग के पश्चात सभी ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।

मुरादाबाद टीम ने नगीना की टीम को 1-0 से हराया

सिरसी, अमृत विचार : नगर पंचायत सिरसी में फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला मुरादाबाद और नगीना की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें मुरादाबाद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नगीना को 1-0 से हराकर जीत दर्ज की। मैच के दौरान मैदान फुटबॉल प्रेमियों से खचाखच भरा रहा और दर्शकों ने खिलाड़ियों का जमकर उत्साहवर्धन किया।

टूर्नामेंट का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर किया। इसके बाद खेल शुरू हुआ। मैच के शुरुआती समय से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया और गेंद पर कब्जा बनाने के लिए संघर्ष करती नजर आईं। पहले हाफ में मुरादाबाद की टीम ने शानदार तालमेल और तेज आक्रमण का प्रदर्शन करते हुए एक गोल दागकर बढ़त बना ली। इसके बाद नगीना की टीम ने बराबरी करने के लिए लगातार प्रयास किए, लेकिन मुरादाबाद की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने उसकी एक न चली। दूसरे हाफ में मुकाबला और अधिक रोमांचक हो गया।

महाराणा प्रताप जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

संभल में महाराणा प्रताप जयंती शोभायात्रा में शामिल भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव पर नगर में परंपरागत रूप से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हजारों लोगों की भागीदारी रही और पूरा नगर राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक उल्लास एवं धार्मिक आस्था के रंग में रंगा नजर आया। देशभक्ति गीतों, आकर्षक झांकियों और अखाड़ों के रोमांचकारी प्रदर्शन ने लोगों का मन मोह लिया।

शोभायात्रा का आरंभ चामुंडा मंदिर से हुआ। इसके बाद यात्रा महाराणा प्रताप पार्क, शहीद भगत सिंह चौक, चौधरी चरण सिंह पार्क, संगीत चौराहा, सरथल चौकी, राहत वाला राधा कृष्ण मंदिर, शंकर चौराहा, यशोदा चौराहा, जनता पेट्रोल पंप और बरेली सराय होते हुए प्रेमशंकर वाटिका से पंचायत घर हल्लू सराय पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन का संचालन महाराणा प्रताप शौर्य ट्रस्ट द्वारा किया गया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष इंजीनियर अमित पवार, सचिव राजा ठाकुर सिद्धांत ठाकुर सहित ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विशाल चौहान व शिल्पी गुप्ता रहीं।

ट्रैफिक पुलिस ने हटवाया अतिक्रमण

संवाददाता, कांठ

- कांठ-हरिद्वार हाईवे पर व्यापारी आगे बढ़ाकर लगाते हैं दुकाने

अमृत विचार : नगर में ट्रैफिक पुलिस काफी समय से कांठ-हरिद्वार हाईवे पर यातायात सुचारू करने का प्रयास कर रही है। रविवार को पुलिस ने हाईवे पर दुकान आगे बढ़ाकर अतिक्रमण कर रहे व्यापारियों को समझा बुझाकर अतिक्रमण हटवाया।

रेलवे फाटक अमरोहा पर ट्रेन आने से कांठ-हरिद्वार हाईवे एवं कांठ-अमरोहा रोड पर एक किलोमीटर तक लंबा जाम लगता है। ट्रेन गुजरने के बाद जाम खुलने में आधा घंटे से भी अधिक समय लगता है। पुराने रोडवेज पर व्यापारियों ने अपनी दुकानें आगे बढ़ाकर अतिक्रमण कर रखा है। व्यस्त मार्ग पर फल लगाने एवं दुकानें आगे बढ़ाकर लगाने वाले व्यापारियों के कारण पुराने रोडवेज पर भी घंटों तक जाम की स्थिति होती है। साप्ताहिक बाजार के दिन तो यह स्थिति अत्यंत गंभीर हो जाती है। नगर पंचायत कांठ वर्षों से अतिक्रमण हटाए जाने की औपचारिकता पूरी करती आ रही है लेकिन पुराने रोडवेज और मुख्य बाजार में अतिक्रमण से यातायात व्यवस्था में काफी व्यवधान है। ट्रैफिक उप निरीक्षक रामकुमार तोमर के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस निरंतर प्रयास कर यात्रियों की सुविधा के लिए अतिक्रमण हटाने का प्रयास कर रही है। ट्रैफिक पुलिस ने पुराने रोडवेज पर दुकान बढ़ाकर बैठे व्यापारियों को समझाकर अतिक्रमण हटावाया। उन्होंने बताया कि जाम में आपका रिश्तेदार, बीमार, अथवा जरूरी काम से अपने गंतव्य को जा रहे यात्रियों को जाम में फंसना पड़ता है। उप निरीक्षक ने धन्वंतरी हॉस्पिटल के पास से विद्युत खंभों को हटवाया।

स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया मदर्स डे

कांठ, अमृत विचार : नगर स्थित सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को 'मदर्स डे' (मातृत्व दिवस) उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक पोस्टर एवं शुभकामना कार्ड बनाकर अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। प्रधानाचार्या ममता विश्नोई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती है, जिसका स्थान कोई नहीं ले सकता। उन्होंने कहा कि माता-पिता ही बच्चों को अच्छे संस्कार देते हैं और मां का प्रेम निःस्वार्थ एवं त्यागपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि हमें प्रतिदिन अपनी मां का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया कि वे कभी मां का दिल नहीं दुखाएंगे और पढ़-लिखकर उनका नाम रोशन करेंगे। विद्यालय प्रबंधक सचिन विश्नोई एवं संस्थापक जितेंद्र विश्नोई ने सभी को मातृत्व दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिका व स्टाफ उपस्थित रहा।

महाराणा प्रताप जयंती पर निकली भव्य रैली

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : क्षत्रिय समाज समिति शेरपुर द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भव्य रैली एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों एवं युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गजेंद्र पाल सिंह राजपूत रहे, जबकि अध्यक्षता कर्नल बी.के. सिंह ने की। कार्यक्रम का आयोजन शिवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया तथा संचालन सत्यवान सिंह राजपूत ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

युवाओं द्वारा निकाली गई रैली में महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और हमें उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए।

प्रतिभावान युवक युवतियों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

थाना प्रभारी निरीक्षक को सम्मानित करते कार्यकर्ता।

कार्यक्रम में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में आर्यकुश चौहान, वंशिका चौहान, दिव्यशी चौहान, मानसी, शगुन, अंश, दीप, गर्वित, यश, प्रांशु, भावेश, हेमंत, कृष, योगेंद्र, पिंटू, मान्यक, बृजेश, जीतेश, राजकुमार, मोनिका, अंशिका एवं विवेक शामिल रहे।

इस अवसर पर निवर्तमान विधायक राजेश कुमार चुन्नू, हिमांशी चौहान, जितेंद्र सिंह, कुशल, महिपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, डॉ. अशोक चौहान, विवेक राणा, अभिनव गहलोत, धीरज, विक्रांत सिंह, वीरेंद्र सिंह राजपूत, भानु प्रताप सिंह, नौ बहार सिंह, अमित चौहान, अंकुश चौहान, डॉ. मुकेश चौहान, संजय सिंह, प्रिंस राजपूत, पूनम सिंह, मधु चौहान, शगुन राजपूत, हर्ष प्रताप सिंह, सत्यम राजपूत, गौरव राजपूत, शशांक, अभय प्रताप, कृष प्रताप सिंह, ऋषि पाल सिंह गांधी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न

कांठ, अमृत विचार : महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा नगर में निकाली गई शोभायात्रा एवं बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन के उपलक्ष्य में क्षत्रिय समाज के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह को सम्मानित किया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौहान के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता थाना कांठ पहुंचे, जहां उन्होंने थाना प्रभारी निरीक्षक को पगड़ी पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर तथा महाराणा प्रताप का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना की गई। इस अवसर पर विनीत चौहान, सचिन उर्फ बंटी चौहान, विनीत चौहान, वीरेंद्र सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह चौहान, संजय चौहान, डॉ. हरिओम सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

घास मंडी में पुलिया के बीच खुला होल दे रहा हादसों को दावत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- सड़क पर पर्याप्त रोशनी और चेतावनी संकेत न होने से खतरा और भी बढ़ जाता है

अमृत विचार : नगर के व्यस्त बाजार क्षेत्रों में शामिल घास मंडी स्थित शगुन चौराहे के निकट पुलिया के बीच खुला होल इन दिनों लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। सड़क के बीच इस गहरे खुले हिस्से के कारण हर समय दुर्घटना की आशंका रहती है। दिनभर भारी संख्या में गुजरने वाले दोपहिया, चारपहिया वाहन और ई-रिक्शा चालक डर के साये में सफर करने को मजबूर हैं, लेकिन संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यह मार्ग नगर का मुख्य बाजार क्षेत्र है, जहां सुबह से देर रात तक लोगों की आवाजाही बनी रहती है। पुलिया के बीच खुला पड़ा होल दूर से दिखाई नहीं देता, जिसके कारण कई वाहन चालक अचानक संतुलन खो बैठते हैं। खासकर रात के समय स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है। सड़क पर पर्याप्त रोशनी और चेतावनी संकेत न होने से हादसे का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

रविवार रात भी एक बाइक चालक खुले होल के पास पहुंचकर दुर्घटना का शिकार होते-होते बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि बाइक की रफ्तार थोड़ी अधिक होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार दोपहिया वाहन चालक इस होल में फंसकर गिर चुके हैं, लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।

दुकानदारों ने आरोप लगाया कि कई बार नगर प्रशासन और संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन केवल आश्वासन देकर मामला टाल दिया जाता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिया की मरम्मत और खुले होल को बंद नहीं कराया गया तो भविष्य में कोई गंभीर हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों और व्यापार मंडल के लोगों ने प्रशासन से तत्काल पुलिया की मरम्मत कराने, खुले होल को सुरक्षित तरीके से बंद करने की मांग की है।

बंदरों के हमले से छत से गिरे बुजुर्ग की मौत

कांठ, अमृत विचार: छजलैट थाना क्षेत्र के गांव आनीयारी निवासी 60 वर्षीय कल्लू सिंह पुत्र गजन सिंह शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे अपने घर की छत पर कपड़े सुखाने गए थे। इसी दौरान अचानक बंदरों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। बंदरों से बचने के प्रयास में उनका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे गिर पड़े, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सहरावत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे लोग घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं।

मृतक कल्लू सिंह।

रिक्शा में सवारी बैठाने को लेकर दो पक्षों में विवाद

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- पुलिस ने शांति भंग के आरोप में युवकि को किया गिरफ्तार

अमृत विचार : ई-रिक्शा में सवारी बैठाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा की दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे युवक को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

उपनिरीक्षक विजय देशवाल मय हमराह कांस्टेबल प्रमोद कुमार के साथ 10 मई 2026 को क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं वाहन चेकिंग ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर निवासी इसरार पुत्र स्वर्गीय भूरे अपने रिक्शे में सवारी बैठाने को लेकर अन्य सवारियों से आमदा फौजदारी पर उतर आया और मौके पर विवाद करने लगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर इसरार को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना और झगड़ा करने पर उतारू हो गया। इससे वहां शांति व्यवस्था बिगड़ने की आशंका उत्पन्न हो गई। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी इसरार पुत्र स्व. भूरे, उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम शरीफनगर के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 170/126/135 के तहत चालानी कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने न्यायालय से आरोपी को भारी धनराशि के मुचलके से पाबंद किए जाने की मांग की है, न्यायालय की सुनवाई के बाद आरोपी को जमालपुर रहा कर दिया गया।

महिला व परिजनों को दी जान से मारने की धमकी

कांठ, अमृत विचार : थाना छजलैट क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से संभल थाना कोतवाली के ग्राम टिकरी निवासी विकास कुमार शर्मा बात करता था। 27 मार्च को युवती की शादी हो गई तो युवती ने शादी के बाद उससे बात करनी बंद कर दी, लेकिन वह उससे लगातार बात करने का प्रयास करता है। इससे नाराज उसने महिला को धमकी दी कि अगर बात नहीं करेगी तो तुझे तेरे ससुराल वालों और मायके वालों को जान से मार दूंगा। युवक की धमकी से महिला के ससुराल और मायके वाले डरे हुए हैं। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

महिला पर उत्पीड़न और धमकी देने का आरोप

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लानगर निवासी एक महिला ने गांव की महिला और उसके परिजनों पर घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दिए शिकायती पत्र में ग्राम फैजुल्लानगर निवासी वरशा पत्नी अहमद नवी ने बताया कि गांव की महिला का पहले ही अपने पति से तलाक हो चुका है तथा उसने दूसरी शादी रामपुर जनपद के शाहबाद क्षेत्र निवासी युवक से कर ली है। आरोप है कि इसके बावजूद महिला अपने बच्चों के साथ जबरन उनके मकान में रह रही है और आए दिन जमीन व मकान अपने नाम कराने का दबाव बना रही है।

पीड़िता के अनुसार सोमवार सुबह करीब 10 बजे महिला अपने पुत्र-पुत्रियों के साथ उनके घर में घुस आई और जमीन-मकान अपने नाम कराने को लेकर विवाद करने लगी। विरोध पर महिला और उसके परिजनों ने गाली-गलौज करते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने तथा बलात्कार के केस में जेल भिजवाने की धमकी दी।

डंपर का टायर फटने से लगा जाम

कांठ, अमृत विचार: रविवार सुबह 9 बजे कांठ-हरिद्वार हाईवे पर रेलवे स्टेशन कांठ से स्योहारा की ओर जा रहे डंपर का पिछला टायर विस्फोट के बाद फट गया। टायर भटने की आवाज से अफरा तफरी मच गई। आसपास रहने वाले लोग एवं दुकानदार बाहर निकल आए। टायर फटने के कारण मिट्टी के गुब्बार से काफी धुंध छा गई। ट्रैफिक पुलिस ने किसी तरह यातायात को साइड से सुचारू कराया। गश्ती पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को साइड करा कर यातायात व्यवस्था सही करने का प्रयास किया। चूंकि इस रोड पर प्रतिदिन घंटो तक जाम लगना एक आम समस्या है। लगभग 30 मिनट बाद पंचर जोड़ने के बाद ही यातायात सुचारू हो सका।

चौधरी भूपेंद्र के मंत्री बनने पर दी बधाई

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह को मंत्रिमंडल विस्तार में मंत्री बनाए जाने पर कांठ विधानसभा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके समर्थकों, परिजनों ने उनसे मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं।

रविवार को उनके भाई नरेंद्र सिंह, विपिन कुमार, ग्राम समदपुर निवासी बृजेश कुमार शर्मा, सर्वेंद्र सिंह, राजीव चौधरी, ब्लॉक प्रमुख चरण सिंह, विनीत कुमार सहित कांठ विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों समर्थक और रिश्तेदार लखनऊ पहुंचे।

वहां राजभवन पहुंचकर सभी ने चौधरी भूपेंद्र सिंह को मंत्री बनने पर बधाई दी। गांव में लोगों को टीवी चैनलों के माध्यम से उनके मंत्री बनने की जानकारी मिली तो बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचने लगे। ग्रामीणों और समर्थकों ने परिजनों को शुभकामनाएं दीं तथा मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई।

इस अवसर पर देवेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह, प्रदीप कुमार, हरवीर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

चौ. भूपेंद्र सिंह को शुभकामनाएं देते परिजन व समर्थक। ● अमृत विचार

रोशन सिंह चौहान स्मारक महाविद्यालय
(सम्बद्ध-गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)
ग्राम टाण्डा कोठी, पोस्ट खासपुर वाया पाकबड़ा (असमोली), जिला सम्भल-244102
आवश्यकता
1. बी०एड० विभाग में प्रवक्ताओं के-06 पद
2. एम०ए० -01 - 01 पद (शिक्षाशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल व गृहविज्ञान)
3. एम०एस०सी० - 01-01 पद (रसायनशास्त्र व जन्तुविज्ञान)
(वेतन व योग्यता :- एन०सी०टी०ई० एवं यू०जी०सी० मानकानुसार)
4. क्लर्क - 01 पद (योग्यता- NCC, C-Certificate एवं कम्प्यूटर, MS Office का ज्ञान व हिन्दी टाइपिंग) उम्र 20 से 28 वर्ष
5. एकेडमिक काउंसलर - 01 पद (फीमेल) उम्र 25 से 35 वर्ष (योग्यता पी०जी० के साथ एम०एड०)
सम्पर्क करें :- प्रबन्धक मनीष चौहान (एड०), मो० - 9997746066,
ई-मेल - manish.chauhanmbd@gmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

किसान के घर से लाखों की चोरी

रामपुर। थाना अजीमनगर क्षेत्र के नगलिया आकिल गांव निवासी मोहम्मद ताहिर के घर में रात किसी समय अज्ञात चोर घुस आए। चोरों ने घर की अलमारी में रखे सोने और चांदी के जेवर के अलावा करीब 15000 की नगदी चोरी कर ली। सुबह घर वालों ने सामान बिखरा देख तो उनके होश उड़ गए। कमरे और अलमारी के अंदर से जेवर आदि गायब थे। किसान के मुताबिक चोर करीब लाखों का सामान लेकर फरार हो गए। चोरी की खबर सुनते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर लगने लगी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष कर्म सिंह पाल बताया मामले की जांच हो रही है।

खाता नगरिया में जर्जर मकान का लिंटर गिरा

मिलक। नगर पालिका परिषद के खाता नगरिया निवासी साबिर पुत्र बाबू का मकान काफी समय से जर्जर हालत में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मकान की हालत पहले से ही खराब थी और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। साबिर ने बताया कि उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की सूची में पिछले 1 साल से है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मकान गिरने के बाद परिवार खुले आसमान के नीचे आने को मजबूर हो गया है। साबिर का कहना है कि कई बार अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। अब मकान का हिस्सा गिरने के बाद परिवार डर के साए में है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द साबिर के आवास की जांच कराकर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराया जाए।

भैंस के मांस के साथ तीन गिरफ्तार

रामपुर। थाना टांडा पुलिस ने 1.5 क्विंटल भैंस के मांस के साथ तीन को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से वध करने के उपकरण, 1 इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद किया है। थाना टांडा पुलिस को शनिवार रात मुखबिर की सूचना पर तीन आरोपी गुफरान निवासी मौहल्ला युसुफ कस्बा थाना टांडा, शुऐब व उबैद निवासी मोहल्ला मनिहारान कस्बा व थाना टांडा को गिरफ्तार किया है। मोहल्ला आजादनगर में जाहिद के मकान से गिरफ्तार किया है।

निजी खर्च से युवाओं ने संवारा क्लब का मैदान

क्रिकेट का जुनूनः ज्वाला क्लब वेलफेयर फाउंडेशन ने मैदान को बनाया हरा-भरा और सुविधायुक्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः दशकों तक राष्ट्रीय खेल हॉकी ने रामपुर के मैदानों पर अपनी चमक बिखरी है। इनमें रजा टेक्सटाइल का मैदान भी इसका गवाह रहा है। लेकिन रजा टेक्सटाइल बंद होने के बाद मैदान को बचाने की जद्दोजहद भी चल रही है। पुराने मैदान को देखरेख की जिम्मेदारी ज्वाला क्लब वेलफेयर फाउंडेशन कर रही है।

इसमें युवाओं की टीम के साथ अनुभवी लोगों मिलकर निजी खर्च से मैदान को संवारने का बीड़ा उठाया है। मैदान को हरा-भरा रखने के लिए सबमर्सिबल लगवाया है। जबकि मैदान में बने जर्जर भवन पर रंगाई पुताई कर उस पर खेलों से जुड़ी पेंटिंग बनाई है। जिससे मैदान पर खेलों का माहौल बनाने में मदद मिले। इतना ही नहीं नई पिच तैयार की जा रही है, जिसमें टीम के सदस्य पवन यादव की देखरेख में ज्वाला यादव काम को बखूबी अंजाम दे रहे हैं। फाउंडेशन की ओर से करीब 15 लाख रुपये से ज्यादा खर्च आने का अनुमान है। जबकि अभी तक पांच लाख रुपये से ज्यादा खर्च होने की बात कही है। मैदान पर नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता कराने के लिए स्थायी फ्लड लाइट लगवाई जा रही हैं। जिसके लिए चार पोल मैदान पर लगाए जा चुके हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि ज्वाला क्लब वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा जल्द केपी सिंह मेमोरियल नाइट क्रिकेट टुर्नामेंट सीजन -2 का आयोजन कराया जाएगा। दो साल पहले ये प्रतियोगिता इसी मैदान कराई गई थी, लेकिन इस बार तैयारियां अलग तरह और खास हो रहीं हैं। स्थायी फ्लड लाइट और मैदान को सुंदर बनाने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी हो रही हैं। मैदान पर लगातार कार्य किया जा रहा है, नई पिचों का निर्माण कराया जा रहा है तथा दूसरे जिलों से विशेष मिट्टी मंगवाई जा रही है। ज्वाला क्लब वेलफेयर फाउंडेशन में मुख्य रूप से अमित ठाकुर, अजय राठौर, संजु शर्मा, विक्की सक्सेना, अन्नु पटेल, पवन यादव, लकी पाठक, उदयवीर, शिवम भारद्वाज सहित अन्य युवा शामिल हैं।

रजा टेक्सटाइल के मैदान में ज्वाला क्लब वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्य।

मैदान में रंगाई-पुताई के बाद खेलों को लेकर बनाई कलाकृति।

क्रिकेट खेल पसंद करते हैं और यही जुनून हमें मेहनत करने का जज्बा देता है। क्रिकेट को जीते हैं और इसी के चलते मैदान को तैयार करा रहे हैं। पूरी टीम मैदान के लिए हमेशा हर संभव मदद को तैयार रहती है।
-उदयवीर।

क्रिकेट बचपन से खेल रहे हैं। अब संसाधन भले ही कम हैं, लेकिन हम सभी मिलकर ज्वाला क्लब के मैदान पर एक अच्छा माहौल देने की ओर बढ़ रहे हैं। जिसमें अभ्यास के लिए कई नेट भी लगवाएंगे।
– ज्वाला यादव

सभी ने मिलकर मैदान को बेहतर बनाया है, वरना मैदान और मैदान के बाहर बड़ी-बड़ी घास थी। अब सुबह में लोग यहां टहलने भी आते हैं और खेलने भी। इससे एक अच्छा माहौल मिल रहा है।
– त्रिभुवन पंडित

एक इंसान के प्रयास से ये संभव नहीं हो पाया है, पूरी टीम ने कंधे से कंधा मिलाकर मैदान को बेहतरीन बनाने में योगदान दिया है। खेलों को लेकर अच्छा माहौल होना चाहिए। यही सोचते हुए मैदान को बनाने में मेहनत की है। – लक्की पाठक

घर बैठे मिलेगी खतौनी की प्रति, नहीं लगाने होंगे चक्कर

संवाददाता शाहबाद

अमृत विचारः किसानों और आम नागरिकों को अब खतौनी की प्रमाणित प्रति लेने के लिए तहसील और जन सेवा केंद्रों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। शासन की नई व्यवस्था के तहत लोग अब घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से खतौनी की प्रमाणित प्रति डाउनलोड कर सकेंगे। राजस्व विभाग द्वारा यह नई सुविधा लागू कर दी गई है। इससे किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

खतौनी कक्ष प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि अब आवेदक राजस्व विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन कर खतौनी की प्रमाणित प्रति के लिए आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन प्रक्रिया में आवेदक को जिला, तहसील और गांव का चयन करने के बाद गाटा संख्या भरनी होगी। इसके बाद संबंधित खतौनी का विवरण स्क्रीन पर दिखाई देगा। निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद प्रमाणित प्रति डाउनलोड की जा सकेगी। प्रमाणित प्रति के लिए केवल 15 रुपये शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा। भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई और क्यूआर कोड के माध्यम से किया जा सकेगा। एसडीएम आशुतोष कुमार बताया कि पहले लोगों को प्रमाणित प्रति लेने के लिए तहसील कार्यालय या जन सेवा केंद्रों पर लंबी लाइन में लगना पड़ता था। जिससे समय और धन दोनों खर्च होते थे। नई व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों को त्वरित सुविधा मिल सकेगी। ऑनलाइन प्रमाणित प्रति प्राप्त करने के लिए आवेदक को केवल 15 रुपये शुल्क जमा करना होगा। भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई और क्यूआर कोड के माध्यम से किया जा सकेगा।किसानों का समय और खर्च दोनों बचेंगे नई व्यवस्था लागू होने के बाद लोगों को खतौनी की प्रमाणित प्रति लेने के लिए तहसील और जन सेवा केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

- **डेबिट कार्ड, यूपीआई व क्यूआर कोड से होगा भुगतान**

बंद मकान से जेवर और नकदी चोरी

रामपुर, अमृत विचारः मिलक के मोहल्ला शाहूजीनगर में चोरों ने एक बंद मकान में धावा बोलते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी की ली। परिवार राजस्थान बालाजी धाम दर्शन करने गया हुआ था।

ग्राम निस्वी निवासी राहुल गंगवार जो बिलासपुर रोड बाईपास के पास झम्मनलाल के मकान में किराये पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि बीते 8 मई को वह सपरिवार राजस्थान के बालाजी दर्शन करने गए थे। घर पर ताला लगा हुआ था। शनिवार देर रात चोरों ने मुख्य गेट सहित घर के सभी ताले तोड़ दिए और अंदर दाखिल हो गए। रविवार सुबह जब पड़ोसियों ने घर का मुख्य दरवाजा खुला और ताले टूटे हुए देखे तो उन्हें दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पीड़ित के भाई ने जब घर के अंदर का नजारा देखा तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था और कीमती सामान गायब था।

घर में चोरी की जानकारी देता युवक। ● अमृत विचार

- **बालाजी दर्शन पर गया था परिवार**

पीड़ित द्वारा पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सोने का ओम, एक चेन, दो झुमकी, एक मंगलसूत्र और एक जोड़ी पायल चुरा ले गए। वहीं बच्चों की तीन गुल्लकों को तोड़कर उनमें रखे करीब दस हजार रुपये और अलमारी के लॉकर में रखे बीस हजार रुपये भी चुरा लिए गए।

चोरी के दौरान चोर राहुल गंगवार का जॉइनिंग लेटर सहित अन्य जरूरी दस्तावेज भी फाड़कर फेंक गए। इसी मकान के दूसरे कमरे में किराए पर रहने वाले उदयपुर पट्टी के छोटेलाल के कमरे का ताला भी चोरों ने तोड़ा, लेकिन उन्हें कोई कीमती सामान हाथ नहीं लगा। पीड़ित राहुल गंगवार ने कोतवाली मिलक पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया है। कोतवाल पुष्कर सिंह ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही घटना के खुलासे का आश्वासन दिया है।

मातृ दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

मिलक, अमृत विचारः गुरु नानक एकेडमी मिलक में शनिवार को मातृ दिवस पर भावुक और रंगारंग कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने मां के सम्मान में गीत, कविता, नृत्य और नाटिका प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई।

एलकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ''मेरी मां'' गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इसके बाद यूकेजी और कक्षा 4 व 5 के छात्रों ने भी अपनी मांओं के लिए समर्पित गीत गाकर और कविता सुनाकर माहौल को भावुक बना दिया। सुपर मॉम का खिताब ज्योति को मिला। निकिता को द्वितीय और नेहा गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उप प्रधानाचार्य अमित गंगवार ने कहा कि मां का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है।

हत्यारोपियों को फांसी की सजा की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अृमत विचारः रविवार को मिलक तहसील क्षेत्र के मोहल्ला अस्दुल्लापुर स्थित जितेंद्र कुमार शर्मा के निवास स्थान पर विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों की एक बैठक हुई। बैठक में गाजीपुर जिले के थाना करंडा के ग्राम कटरिया निवासी सियाराम विश्वकर्मा की बेटी निशा विश्वकर्मा की निर्मम हत्या को लेकर चर्चा की गई थी।

बैठक में समाज के लोगों ने इस जघन्य हत्याकांड पर गहरा शोक और भारी आक्रोश व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष हरिपाल शर्मा ने निशा विश्वकर्मा को न्याय दिलाने का मुद्दा अत्यंत पुरजोर तरीके से उठाया और सरकार से त्वरित कार्रवाई की अपील की। विश्वकर्मा समाज की ओर से उत्तर प्रदेश सरकार और प्रशासन के समक्ष निम्नलिखित 5 सूत्रीय प्रमुख मांगें रखी गई हैं। जिसमें मृतक निशा विश्वकर्मा के शोक संतप्त परिवार को सरकार द्वारा तत्काल प्रभाव से पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए। पीड़ित परिवार के भरण-पोषण के लिए सरकार की ओर से उचित आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाए। इस जघन्य हत्याकांड में शामिल सभी अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देते फांसी दिलाई जाए। मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। इसके बाद बैठक में प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर द्वारा निशा विश्वकर्मा हत्या प्रकरण को ''प्रेम प्रसंग में आत्महत्या'' का रूप देने वाले असंवेदनशील बयानों की कड़े शब्दों में निंदा की गई। समाज के लोगों ने इसे मामले को भटकाने का प्रयास बताया है। इस दौरान सोमपाल शर्मा मैथिल एडवोकेट, जितेंद्र कुमार, नीरज कुमार मैथिल, हरिशंकर मैथिल, जगदीश सरन, आदित्य शर्मा, दयाशंकर शर्मा, विजेनंद्र कुमार, प्रताप, धनपाल शर्मा, आनंद शर्मा, जयप्रकाश शर्मा और गोपाल सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

मिलक में विश्वकर्मा समाज की बैठक में शामिल पदाधिकारी व अन्य लोग।

- **विश्वकर्मा समाज के लोगों ने की महत्वपूर्ण बैठक**

रोडवेज बस की टक्कर लगने से बुजुर्ग की मौत

संवाददाता, मिलक

अमृत विचारः मिलक क्षेत्र में रविवार दोपहर सड़क हादसे में 62 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया।

रोरा कला निवासी मथुरा प्रसाद पुत्र चिरंजी लाल (62) रविवार दोपहर करीब 5 बजे रोरा जीरो पॉइंट के निकट सड़क पार कर रहे थे। तभी तेज गति से आई रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मथुरा प्रसाद गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घायल मथुरा प्रसाद को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही अस्पताल में मौजूद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक मथुरा प्रसाद की तीन बेटियां हैं। दो बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि सबसे छोटी बेटी अभी पढ़ाई कर रही है। पिता की मौत से सबसे छोटी बेटी के सिर से पिता का साया उठ गया। घर में मातम पसरा है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

- **रोरा कला जीरो पॉइंट पर सड़क पार करते समय हुआ हादसा**

कचरा हटाकर दिया स्वच्छता का संदेश

कार्यालय संवाददातत, रामपुर

अमृत विचारः जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जिला गंगा समिति रामपुर द्वारा हर रविवार एक घंटा श्रमदान अभियान के अंतर्गत विशेष स्वच्छता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति लव कुमार ने किया।

अभियान के दौरान स्वयंसेवकों, क्लीनअप रामपुर, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था एवं स्थानीय नागरिकों ने मिलकर नदी तट एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 60 से 70 किलोग्राम प्लास्टिक, पूजन सामग्री एवं अन्य कचरा एकत्र कर उसका सुरक्षित निस्तारण कराया गया। स्वच्छता अभियान के दौरान पुल के ऊपर से नदी में प्लास्टिक एवं अन्य सामग्री फेंक रहे लोगों को रोककर जागरूक किया गया। लोगों को समझाया गया कि जिस प्रकार हम अपनी माँ का सम्मान करते हैं, उसी प्रकार माँ गंगे को स्वच्छ एवं निर्मल रखना भी हमारा कर्तव्य है।

जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार ने कहा कि माँ गंगे की सेवा एवं स्वच्छता का यह अभियान समाज को सकारात्मक संदेश देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे नदियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाएं तथा स्वच्छता अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लें। अभियान में स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि शुभम मिश्रा, आकाश, योगेश सहित अन्य शामिल रहे।

राम गंगा की सफाई के बाद निकला कूड़ा और मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- **रामगंगा तट पर स्वच्छता का महाअभियान, युवाओं ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी**

आइडेंटिटी, सनवे स्कूल ए चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी में चैंपियन हॉकी क्लब द्वारा आयोजित इम्तियाज उर रहमान खां मेमोरियल डिस्ट्रिक हॉकी लीग का रविवार को अलग-अलग वर्ग के दो फाइनल मैचों के साथ समापन हो गया। बालिका हॉकी में आइडेंटिटी एजुकेशन एकेडमी चैंपियन बना, जबकि बालक वर्ग में ग्रीनवुड स्कूल की टीम को हराकर सनवे स्कूल ए के हाथ बाजी लगी।

बालिका वर्ग के पहले मैच में रामपुर हॉकी संघ को एकतरफा मुकाबले में 5-1 से हराकर आइडेंटिटी एजुकेशन एकेडमी ने जीत दर्ज की। दूसरे बालक वर्ग मुकाबले में सनवे स्कूल की टीम ने ग्रीनवुड को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर फाइनल में जीत दर्ज की। मुख्यातिथि सुप्रीम कोर्ट के वकील सुलेमान मुहम्मद खान रहे। मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथि ने सभी हॉकी खिलाड़ी से परिचय प्राप्त कर उनको अच्छे खेल के लिए शुभकामनाएं दी। फाइनल मुकाबले में दोनों ही टीमों ने शानदार खेल दिखाया और लगातार एक दूसरे के गोल पोस्ट पर गोल करने के लिए आक्रमण करते रहे। सनवे की टीम में रय्यान ने दो गोल किए और ग्रीनवुड की टीम कोई गोल न कर पाई। मैच रेफरी अभय सिंह, फय्याज अली रहे। इस दौरान मुख्तियार खान, आदिल हसनैन, इशरत अली, इकबाल खान, जावेद खान ठेकेदार, वसीम खान, राकेश श्रीवास्तव, साजिद खान, अयूब खान, नफीस अहमद खान, जिला योगासन खेल संघ उपसचिव के मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि सुलेमान मुहम्मद खान।

- **इम्तियाज उर रहमान खां मेमोरियल डिस्ट्रिक हॉकी लीग**

30 क्रय केंद्रों पर 46 हजार क्विंटल गेहूं की हुई खरीद

बिलासपुर, अमृत विचारः क्षेत्र में इस वर्ष गेहूं की सरकारी खरीद की प्रक्रिया जोरों पर है। प्रशासन द्वारा स्थापित 30 क्रय केंद्रों पर अब तक कुल 46 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद पूरी की जा चुकी है। हालांकि, शासन द्वारा क्षेत्र के लिए निर्धारित एक लाख क्विंटल के लक्ष्य के मुकाबले विभाग अभी आधे की स्थिति में ही पहुंच पाया है।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार, सरकारी खरीद की प्रक्रिया अब अंतिम दौर में है और केवल 15 दिन का समय और शेष बचा है। अधिकारियों को उम्मीद है कि बचे हुए दिनों में आवक बढ़ेगी, जिससे खरीद का आंकड़ा लक्ष्य के करीब पहुंच सकेगा। इसके अलावा सरकारी केंद्रों पर खरीद के बीच बाजार का रुख किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। जहां सरकारी क्रय केंद्रों पर तय नियमों के तहत खरीद हो रही है, वहीं निजी बाजार में गेहूं की कीमतें 2550 रुपये से लेकर 2700 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गई हैं। खुले बाजार में मिल रहे इन बेहतर दामों के कारण कई किसान क्रय केंद्रों के बजाय बाहर गेहूं बेचना पसंद कर रहे हैं। जिसका सीधा असर सरकारी खरीद के आंकड़ों पर पड़ रहा है।

मंडी सचिव सोमेंदु कौशिक का कहना है कि सभी 30 केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पानी और तौल की समुचित व्यवस्था की गई है। ताकि उन्हें कोई असुविधा न हो। किसानों से अपील की गई है कि वे समय सीमा समाप्त होने से पहले अपना पंजीकरण कराकर गेहूं की बिक्री सुनिश्चित करें।

न्यूज डायरी

सांसद नदवी क्षेत्र के विवाह समारोह में हुए शामिल

रामपुर, अमृत विचार : सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने रविवार को विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर वैवाहिक कार्यक्रमों में हुए शामिल हुए। सैदनगर क्षेत्र से की, जहां उन्होंने ग्राम खिजरपुर में इकरार प्रधान की भतीजी के विवाह समारोह में भाग लिया। इसके बाद उन्होंने ग्राम खोद में आलम हाजी, स्वार क्षेत्र के ग्राम धम्मन में नूर हसन शेख की बेटी के निकाह समारोह में शिरकत की। इसके अलावा माटखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सरकड़ी में गुलाम नबी की सुपुत्री की शादी में पहुंचे। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि एडवोकेट महबूब अली पाशा, अय्यूब हाजी, हाफिज नूरी, डॉ. मकतूब अहमद, नासिर खान, जमील सैफी, आसिफ अली, डॉ. मेहंदी हसन, डॉ. रियासत, सुहेल जुबेर, सैफ़ अली सहित भारी संख्या में समर्थक और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जानकारी सांसद प्रतिनिधि एडवोकेट महबूब अली पाशा ने दी।

गांव चकरपुर भूड़ में आवारा कुत्तों के हमले में नीलगाय घायल

शाहबाद,अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव चकरपुर भूड़ के जंगल में आवारा कुत्तों के हमले से एक नीलगाय गंभीर रूप से जख्मी हो गई।बताया जा रहा है कि कुत्तों ने नीलगाय पर झुंड बनाकर हमला कर दिया, जिससे उसकी पिछली एक टांग बुरी तरह जख्मी हो गई। घायल नीलगाय काफी देर तक जंगल में पड़ी तड़पती रही। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग कि टीम सक्रिय हो गई। टीम ने चिकित्सकों के साथ पहुंचकर नीलगाय का उपचार कराया। ग्रामीणों के अनुसार जंगल की ओर गए कुछ लोगों ने नीलगाय को घायल अवस्था में देखा। उसके शरीर पर कई जगह गहरे घाव थे और वह चलने-फिरने में असमर्थ दिखाई दे रही थी। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे वन्य जीवों के साथ-साथ ग्रामीणों को भी खतरा बना हुआ है। सूचना मिलने पर वन विभाग को मामले से अवगत कराया गया।

रामपुर चौराहे पर 20 बाइक चालकों के काटे चालान

शाहबाद, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के निर्देशन में रविवार को नगर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रामपुर चौराहे पर दोपहिया और चार पहिया वाहनों की जांच की। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बीस दोपहिया वाहनों के चालान किए गए। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों, तीन सवारी बैठाकर फर्राटा भरने वालों, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले चालकों और वैध प्रपत्र साथ न रखने वालों पर पुलिस ने सख्ती दिखाई। पुलिस टीम ने कई वाहनों की तलाशी भी ली और चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी। अचानक शुरू हुई पुलिस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कोतवाल प्रदीप कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। अभियान में अपराध निरीक्षक जयप्रकाश सिंह, एसआई रमेश यादव, एसआई दिलीप कुमार, एसआई अरविंद दीक्षित और एसआई अतिशय जैन समेत पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की मासिक बैठक में किया चुनावी मंथन

रामपुर, अमृत विचार : भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कार्यालय में रविवार को मासिक बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वसीम खान ने की। बैठक में प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी की नीतियों पर चर्चा हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय सह मीडिया फैसल मुमताज, जिलाध्यक्ष वसीम खान, जिला महामंत्री यामीन पाशा, इमरान पाशा, जिला उपाध्यक्ष राजू खान डॉ. नूर आलम, शुऐब ईनामदार, मंडल अध्यक्ष इश्तियाक अहमद घोसी, रिजवान मलिक, अबरार, सैदनगर रिजवान अली, इकबाल, नवाब गुड्डू, इस्लाम आदि लोग मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

आवारा कुत्ते के हमले में बालक घायल

शाहबाद, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के कासवनगला गांव में राजकुमार का 10 वर्षीय बेटा आर्यन रविवार सुबह घर के बाहर खेल रहा था। तभी अचानक एक आवारा कुत्ता उस पर झपट पड़ा और काटकर घायल कर दिया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह कुत्ते को भगाकर आर्यन को बचाया। परिजन घायल बच्चे को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद ले गए। जहां उसका उपचार कराया गया। बताया गया कि बच्चे पर हमला करने के बाद कुत्ते ने गांव निवासी लालजी की भैंस पर भी हमला कर दिया, जिससे भैंस घायल हो गई। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में भय बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

टैक्स वृद्धि और बापू मॉल को लेकर व्यापारी पालिका करेंगे कूच

रामपुर, अमृत विचार : सोमवार को उप्र व्यापार प्रतिनिधिमंडल कार्यालय से एक व्यापारी एकत्रित होकर नगर पालिका रामपुर पहुंचेंगे। व्यापारी हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर विरोध जाएंगे। जबकि हामिद स्कूल का डिवाइड और बापू माल शुरू करने में लापरवाही को लेकर ईओ को ज्ञापन सौंपेंगे। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से जल्द समस्याओं के समाधान की मांग करेंगे।

ससुरालियों ने रंजिशन दामाद को पीटा

बिलासपुर, अमृत विचार : बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव रतनपुरा गांव निवासी जरनैल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी ससुराल डंडिया गांव में है। उनके ससुर और साले का निधन हो चुका है, जिसके बाद उनकी सास अकेली रह गई हैं। इस कारण जरनैल सिंह और उनकी पत्नी अपनी सास के साथ रहने लगे हैं। आरोप है कि उनके तहेरे सालों को उनका ससुराल में रहना पसंद नहीं है। इसी बात को लेकर वे उनसे रंजिश रखते हैं। शनिवार की शाम वह रतनपुरा गांव से कहीं जा रहे थे। इसी बीच गांव की पुलिया के पास उनके तहेरे सालों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट की, जिससे वे घायल हो गए। मारपीट के बाद उन्हें धमकियां देकर मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है तथा घायल का मेडिकल मुआयना कराया गया है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

सपाइयों ने निकाली सिख सामाजिक न्याय यात्रा

राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

संवाददाता बिलासपुर

अमृत विचार: सिख सामाजिक न्याय यात्रा लेकर पहुंचे सपा के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसमें स्थानीय सपा नेता और सिख समुदाय के लोग शामिल रहे। यात्रा शुक्रवार की देर शाम गांव कासमगंज में पूर्व प्रधान नवदीप सिंह और पारजीत सिंह के आवास पर पहुंची। जहां जोरदार स्वागत किया।

इससे पूर्व दोपहर में इस यात्रा के स्वालेपुर गुरुद्वारे पहुंचने पर स्वागत-सत्कार किया गया। यहां एक सभा भी आयोजित हुई। इसमें सपा के राष्ट्रीय सचिव और इस यात्रा के प्रभारी कुलदीप सिंह भुल्लर ने बीती 6 अप्रैल को पीलीभीत से प्रारंभ हुई न्याय यात्रा का उद्देश्य बताया। कहा कि यह यात्रा प्रदेश भर के सिख बाहुल्य क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए आगामी 6 जून को लखनऊ पहुंचकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की उपस्थिति में सम्पन्न होगी। स्थानीय तहसील क्षेत्र में रविवार तक यह यात्रा भ्रमण करेगी। कहा कि पंजाब के बाद उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा सिख निवास करते हैं। प्रदेश की 13 लोकसभा और 40 विधानसभा सीटों पर उनका प्रभाव है। विभिन्न राजनैतिक व सामाजिक मुद्दों पर सिख समाज को न्याय व अधिकार दिलाने के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा का स्वागत करने वालों में सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर, पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार, पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहम्मद हसन खां, तहसील अध्यक्ष आरिफ खां अरोमा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अमरजीत सिंह ढिल्लो, मंत्री मलवई, शिवकुमार गुप्ता, अमरीश पटेल आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस मौके पर भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह गिल, सतनाम सिंह मट्टू, गुरजीत सिंह कोटिया, हरदेव सिंह, हरपाल सिंह, हरप्रीत सिंह, मोसिन खां, दिनेश सागर, पिंदर सिंह, रामप्रकाश सेठ, जैद हसन, खलील अहमद, मुकेश यादव आदि रहे।

सपा की न्याय यात्रा कार्यक्रम में बोलते पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहम्मद हसन खां।

इंटर कॉलेज में शिक्षक ने छात्र को बेरहमी से पीटा

रामपुर, अमृत विचार: अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद में एक इंटर कॉलेज में शिक्षकों की दबंगई और बेरहमी का मामला गरमाता जा रहा है। ताजा मामले में एक छात्र ने आरोप लगाया है कि स्कूल के शिक्षक ने एक हफ्ते के भीतर उसे दो बार बिना किसी ठोस वजह के बेरहमी से पीटा। पीड़ित छात्र का कहना है कि जब उसने इस बात की शिकायत करने की कोशिश की, तो उसे न्याय मिलने के बजाय और अधिक पीटने और स्कूल से निकालने की धमकी दी गई। स्कूल में यह किसी एक छात्र की कहानी नहीं है। इससे पहले भी कई छात्र इन शिक्षकों की बर्बरता का शिकार हो चुके हैं। अभिभावकों ने पहले भी कई बार स्कूल प्रबंधन से इसकी शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। नियमानुसार स्कूलों में शारीरिक दंड पूरी तरह प्रतिबंधित है। डरे-सहमे छात्रों और आक्रोशित परिजनों ने अब उच्चाधिकारियों से हस्तक्षेप और दोषी शिक्षकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

कृषि राज्यमंत्री औलख ने दो सड़कों का किया शिलान्यास

संवाददाता बिलासपुर

- 2.23 करोड़ आएगी लागत, औलख बोले- सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की होती है आधारशिला

अमृत विचार: कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में 2.23 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाली दो सड़कों का शिलान्यास किया। गांव मुशर्रफगंज में शिलान्यास कार्यक्रम में राज्यमंत्री औलख ने कहा कि सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती है। बेहतर सड़कें केवल गांवों को जोड़ने का कार्य नहीं करतीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, कृषि और रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराती हैं।

उन्होंने विधानसभा के अंतर्गत डंडिया से हिरनखेड़ा मार्ग के नवनिर्माण कार्य पर 89.70 लाख रुपये तथा डंडिया से मुशर्रफगंज मार्ग के नवनिर्माण कार्य पर 133.75 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य आरंभ किया। इन दोनों सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के अनेक गांवों को बेहतर एवं सुगम संपर्क मार्ग उपलब्ध होगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन मार्गों के निर्माण से क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को विशेष लाभ मिलेगा। यह सड़कें कई महत्वपूर्ण गांवों को जोड़ती हैं और बरसात के समय लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। वन विभाग की अनुमति एवं एनओसी प्राप्त करना आसान नहीं था। इसके लिए डीएफओ एवं वन विभाग के निदेशक स्तर तक कई बार वार्ता और बैठकें करनी पड़ीं।

राज्यमंत्री ने कहा कि कठिनाइयां अवश्य थीं, लेकिन क्षेत्र की जनता के हित में हर चुनौती का समाधान खोजा गया। अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों के सहयोग से अंततः वन विभाग से एनओसी प्राप्त हुई और आज इन बहुप्रतीक्षित सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास संभव हो पाया।

मिलक के शाहदरा में नकब लगाकर लाखों की चोरी

रामपुर, अमृत विचार: मिलक थाना क्षेत्र के ग्राम शाहदरा में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने एक घर से लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य घर के आंगन में सो रहे थे। शाहदरा निवासी इबने हसन रात में अपने बच्चों के साथ घर के आंगन में सो रहे थे। देर रात करीब 2 बजे अज्ञात चोरों ने घर के पिछले हिस्से की दीवार में नकब लगाकर घर में घुस गए। पीड़ित इब्ने हसन ने बताया कि चोरों ने कमरे में रखे संदूक के ताले तोड़कर 3 लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण और पीतल के बर्तन चोरी कर लिए।

सुबह जब परिवार जागा, तो घर का सामान बिखरा देख उन्हें चोरी का पता चला। पीड़ित इब्ने हसन ने मिलक थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल पुष्कर सिंह ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

बाइक के सामने हिरण आने से महिला घायल

शाहबाद, अमृत विचार: ढकिया गांव निवासी सोहित प्रताप सिंह शनिवार को अपनी पत्नी योगिता सिंह के साथ किसी काम से शाहबाद आए थे। देर शाम दोनों बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। बताया गया कि ग्राम तुरखेड़ा के पास जंगल की ओर से अचानक एक हिरन सड़क पर आ गया। बाइक के सामने हिरन आने पर सोहित घबरा गए और उन्होंने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। हादसे में बाइक चला रहे सोहित को हल्की चोटें आईं, जबकि पीछे बैठीं योगिता सिंह सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण और राहगीर तुरंत मदद के लिए पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को शाहबाद के एक निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

सेवा-भाव और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें कार्यकर्ता

रामपुर, अमृत विचार: उत्सव पैलेस में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर के समापन पर शनिवार देर शाम पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना का उद्बोधन हुआ। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता, सेवा भाव और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को कार्य करना चाहिए। सिर्फ भाजपा सरकार का लक्ष्य हो और भाजपा का मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री हो। हम सभी को इसी उददेश्य से कार्य करना चाहिए।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती, सेवा भाव के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सिद्धांतों को विस्तार से समझाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करें। शिविर में कार्यकर्ताओं को सामाजिक समरसता, सेवा भावना और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया। कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से समृद्ध करने के साथ-साथ संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत बनाते हैं। पूरे शिविर में अनुशासन एवं संगठनात्मक ऊर्जा का विशेष वातावरण देखने को मिला, जिसने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर सभी वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण शिविर में पदाधिकारियों के साथ पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना।

कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

बिलासपुर में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख से मुलाकात करते भावाधस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बिलासपुर, अमृत विचार : शनिवार की देर शाम भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के राष्ट्रीय निर्देशक वीरोत्तम लल्ला बाबू द्राविड़ ने कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख से भेंट की। उन्होंने राज्यमंत्री को भावाधस के 62वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। इससे पहले, द्राविड़ ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर समारोह को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय निर्देशक वीरोत्तम लल्ला बाबू द्राविड़ ने बताया कि भावाधस का 62 वां स्थापना दिवस समारोह आगामी 24 मई को पंचायत भवन, मुरादाबाद में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में पंजाब, लुधियाना, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड और उत्तर-प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों के केंद्रीय एवं प्रांतीय भावाधस पदाधिकारी और हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। यह आयोजन वाल्मीकि समाज की एकता को प्रदर्शित करेगा। बताया कि दूर-दराज से आने वाले कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त, वाल्मीकि समाज से जुड़े शासन-प्रशासन के वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक और सामाजिक चिंतक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर प्रदेश सचिव प्रेम नरेश वाल्मीकि, रवि द्राविड़, सतनाम सिंह, परवेश वाल्मीकि, कुलदीप वाल्मीकि, राजू नरेश वाल्मीकि, राजेंद्र प्रसाद गंगवार, राहुल नरेश वाल्मीकि, कुनाल राजीव आदि मौजूद रहे।

बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

बिलासपुर, अमृत विचार: आरएएन पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस समारोह बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गांव डिबडिबा स्थित विद्यालय परिसर में मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रशासक निधि राय, प्रधानाचार्या ममता बिष्ट, संचालिका मेघना गुप्ते एवं सलाहकार रेखा कर्नाटक दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मास्टर शेफ प्रतियोगिता में रुचि प्रथम, प्रिया द्वितीय, अमनदीप तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि प्रभजोत को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में किरन जोशी प्रथम, ज्योति द्वितीय तथा भूमिका तृतीय स्थान पाया।फैशन शो में लक्ष्मी पहला, अविनाश कौर दूसरा, सोनल ने तीसरा स्थान हासिल किया। सामूहिक अंताक्षरी प्रतियोगिता में मनीषा, शालिनी, शुभी की टीम प्रथम, शिल्पी, अलका, शैली की टीम द्वितीय तथा अमृता, अनुपमा, रजनीशप्रीत की टीम तृतीय रही। नृत्य प्रतियोगिता में सपना रावतप्रथम, ज्योति द्वितीय, गगनदीप, बीनू ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में सिमरजीत कौर प्रथम, अमनदीप कौर द्वितीय, सविता ने तृतीय स्थान पाया। बाद में प्रतियोगिताओं में विजयी माताओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंत में शिक्षिका वर्षा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

आरएएन पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटे पूरा तुरैहा समाज

- बैठक में जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा ने बैठक में रखे विचार

शाहबाद, अमृत विचार: तुरैहा मछुआ समाज के जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि संगठन को न्याय पंचायत स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। पदाधिकारियों को गुटबाजी छोड़कर समाज को एकजुट करने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने समाज के लोगों से जातीय जनगणना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और अपनी जाति का सही उल्लेख कराने की अपील की। वह गांव हिम्मतपुर में मुरारी लाल के आवास पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने तहसील शाहबाद के लिए बालकिशन तुरैहा को अध्यक्ष मनोनीत किया। कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि पंचायत चुनाव की तैयारियां अभी से पूरी मजबूती के साथ शुरू कर दी जाएं। उन्होंने कहा कि समाज की पिछड़ेपन और बेरोजगारी की सबसे बड़ी वजह शिक्षा का अभाव है। जब तक हर परिवार शिक्षा के महत्व को नहीं समझेगा, तब तक समाज का शोषण होता रहेगा। उन्होंने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने पर जोर दिया। बैठक में राम बहादुर, टीकाराम, धर्मेंद्र कुमार, रामकिशोर, राधेश्याम, महेश चंद, दिलीप चंद, कन्हैयालाल, भीमसेन, दौलत कुमार समेत कई लोगों ने विचार रखे। संचालन जिला महामंत्री राम सिंह एडवोकेट ने किया।

दो बाइकों की भिड़ंत, युवक की हालत गंभीर

रामपुर, अमृत विचार: अजीमनगर थाना क्षेत्र के खड़िया चौराहे पर बीती रात दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में खड़िया निवासी हुकम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और हुकम सिंह सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने सक्रियता दिखाई और घायल हुकम सिंह को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि हुकम सिंह की हालत चिंताजनक है। डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया है। फिलहाल उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

स्कूल से एलईडी-सिलेंडर और पंचायत भवन में इनवर्टर चोरी

कार्यालय संवाददाता रामपुर

- पट्टी कल्याणपुर स्कूल, मेहंदी नगर शुमाली व पंचायत भवनों में चोरी

अमृत विचार: शुक्रवार और शनिवार रात चोरों ने दो सरकारी स्कूलों और उनसे सटे पंचायत भवनों को निशाना बनाते हुए हजारों की कीमत का सामान चोरी कर लिया। स्कूलों से एलईडी टीवी, सिलेंडर व पंचायत भवन में इनवर्टर-बैटरी व डीवीआर चोरी हुआ है। इससे पहले भी जिले में ऐसी वारदात सामने आई हैं, रामपुर पुलिस ने हाल में सरकारी भवनों में चोर गिरोह का खुलासा करते हुए चार को जेल भेजा था।

विकास खंड चमरौआ स्थित प्राथमिक विद्यालय पट्टी कल्याणपुर और विद्यालय से सटे पंचायत भवन में शुक्रवार देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। ताले तोड़कर व खिड़की के सरिए काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोर विद्यालय से एलईडी टीवी, गैस सिलेंडर एवं विद्यालय में उपयोग होने वाले बर्तन चोरी कर ले गए। जबकि पंचायत भवन से इनवर्टर, दो बैटरी और डीवीआर चोरी कर लिया गया। सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। चोरों ने विद्यालय में नुकसान भी किया। सुबह में जब स्टाफ स्कूल और पंचायत भवन पहुंचा तो मामला सामने आया। घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय प्रशासन ने थाना शहजादनगर थाना पुलिस को सूचना दी और मामले में तहरीर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने दिल्ली रवाना होने से पूर्व शंकरपुर स्थित अपने आवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और संगठन के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। पश्चिम बंगाल को लेकर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए बोले कि जब से भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ है तब से वह एक ही नारा लगाती थी "जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है" और उसके बाद धारा 370 खत्म हुई और कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया।

उन्होंने कहा कि उससे पहले भी कश्मीर भारत का हिस्सा था, लेकिन आधा अधूरा था। और उसके बाद हम लोगों का संकल्प था कि जहां पश्चिम बंगाल में मुखर्जी साहब का जन्म हुआ, वहां भारतीय जनता पार्टी का ध्वज फहराएं, सुशासन का ध्वज फहराएं। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। भाजपा की समावेशी और साथ ही साथ सकारात्मक पंथनिरपेक्षता का यह संकल्प है। समावेशी सशक्तिकरण की जो सोच है उसका नतीजा है।

नकवी ने कहा कि चुनाव में "रपटने पर रोना और निबटने पर धोना" इनका जो रिवाज और मिजाज है वह इनको और धराशाही कर रहा है। जब चुनाव आएगा, तब चुनाव के परिणाम से पहले यह लोग भूमिका बनाने लगेंगे कि वोट चोरी हो जाएगा, चुनाव में गड़बड़ झाला हो गया है, चुनाव जनता का जनादेश नहीं है, बल्कि शुद्ध रूप से गड़बड़ झाला है। इन सब चीजों से फायदा होने वाला नहीं है, जो लोग यह काम कर रहे हैं उनको भी इसका एहसास है कि यह जो चांडाल चौकड़ी है वह यह समझ चुकी है। आने वाले जितने भी इलेक्शन होंगे यह चांडाल चौकड़ी चारों खाने चित होगी।

उन्होंने कहा कि वंदे मातरम कोई धार्मिक गीत नहीं है, यह राष्ट्रवाद के संकल्प और राष्ट्रवाद के जुनून और जज्बे के ओत प्रोत है। इसी वंदे मातरम को गाते हुए हमारे आजादी के नायको ने, उसमें सभी वर्गों के लोग थे। उसमें हिंदू भी थे, मुसलमान भी थे, सिख भी थे, ईसाई भी थे। वह फांसी पर चढ़े और लोग कहते हैं कि हम वंदे मातरम नहीं गाएंगे। तो मुझे लगता है कि कुछ लोग इस तरह का काल्पनिक कन्फ्यूजन और कम्युनल कंफ्यूजन क्रिएट करने की कोशिश कर रहे हैं जो कि ठीक नहीं है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, सुभाष भटनागर, टेकचंद गंगवार, खलील अहमद, पंकज लोधी, ओमप्रकाश लोधी, सोनू लोधी, मुन्नी देवी गंगवार, ओम प्रकाश सैनी, मनोज मौर्य, धर्मपाल गंगवार आदि उपस्थित रहे।

जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी।

- पश्चिम बंगाल चुनाव परिणाम को लेकर बोले पूर्व केंद्रीय मंत्री

सड़क हादसे में घायल बछड़े का कराया उपचार

शाहबाद, अमृत विचार: राष्ट्रीय गो रक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी को शनिवार को सूचना मिली कि नगर पंचायत शाहबाद में तहसील के पास एक गाय का बछड़ा किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया है। हादसे में बछड़े के शरीर से काफी खून बह रहा था। सूचना मिलते ही जिला अध्यक्ष ने जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार यादव व अन्य कार्यकर्ताओं को मौके पर भेजा। कार्यकर्ताओं ने सरकारी डॉक्टर को बुलाकर घायल बछड़े का उपचार कराया। इसके बाद उसे पानी पिलाया गया और चारा खिलाया गया। उपचार के बाद बछड़ा सामान्य स्थिति में दिखाई दिया। इस दौरान सुशील कुमार यादव, निर्दोष कुमार यादव, विजयपाल यादव, अनिल कुमार यादव, सत्येंद्र यादव, आदित्य, मास्टर सतबीर सिंह यादव व सरकारी डॉक्टर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

देश का भविष्य गढ़ते हैं शिक्षक : गुंजन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की रामपुर इकाई का गठन हुआ। जिसमें श्वेता दोहन को जिलाध्यक्ष, तो एकता गुप्ता को जिला महामंत्री मनोनीत किया गया। इस दौरान शहर विधायक आकाश सक्सेना की पत्नी गुंजन सक्सेना ने कहा कि परिषदीय स्कूलों के शिक्षक सिर्फ पढ़ाने तक सीमित नहीं होते, बल्कि देश और प्रदेश का भविष्य भी गढ़ते हैं।

कृष्णा विहार कालोनी स्थित सेवक कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि शहर विधायक की पत्नी गुंजन सक्सेना, मंडल अध्यक्ष रितु त्यागी, मुरादाबाद की जिला महामंत्री पूनम, रुपिका त्यागी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद संगठन का गठन करते हुए श्वेता दोहन को जिलाध्यक्ष, एकता गुप्ता को जिला महामंत्री राणा तलत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चन्द्रेश को जिला मीडिया प्रभारी, निधांषु को कोषाध्यक्ष, नीलम रानी, विदुषी भारद्वाज, नीरा को उपाध्यक्ष, सरिता रानी, लबीना, नीलम हल्दिया को संगठन मंत्री, अंजू त्यागी को संयुक्त मंत्री एवं अनु को संरक्षक मनोनीत किया। गुंजन सक्सेना ने कहा कि प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक समाज की बुनियाद मजबूत करते हैं और बच्चों को संस्कार, शिक्षा तथा बेहतर नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने महिला शिक्षकों की भूमिका को विशेष रूप से सराहते हुए कहा कि शिक्षिकाएं विद्यालयों में शिक्षा देने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करती हैं। ऐसे में महिला शिक्षक संघ का गठन शिक्षिकाओं की आवाज को मजबूती प्रदान करेगा और उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में सहायक साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, शिक्षकों के अधिकारों, विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता तथा छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य को लेकर चर्चा की गई।

महिला शिक्षक संघ की इकाई के गठन के दौरान मौजूद गुंजन सक्सेना।

- रामपुर में उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की इकाई का हुआ गठन

न्यूज ब्रीफ

प्रदूषण के खिलाफ भाकियू संयुक्त मोर्चा का धरना जारी

गजरौला, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन रविवार को 141वें दिन भी क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में जारी रहा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि जुबिलेंट फैक्ट्री के साथ हमसाज होने वाले सभी अधिकारियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इस अवसर पर राम कृष्ण चौहान, मंडल अध्यक्ष अहसान अली, आरिफ खान, होमपाल सिंह, ओमप्रकाश सिंह पृथ्वी सिंह, समसुद्दीन चौधरी, मुनीश सलमानी किसान लोग मौजूद है।

मातृ दिवस पर स्कूल में हुआ कार्यक्रम

हसनपुर, अमृत विचार : मातृ दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम के दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मातृ दिवस के अवसर पर शैमफॉर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक चौधरी उमेंद्र सिंह, अध्यक्ष विनय सिंह, वर्षा औलख एवं प्रधानाचार्य नरेंद्र पाठक ने मां शारदा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित एवं माला अर्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालन पूनम पोखल ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे।

श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया ज्ञान और वैराग्य का प्रसंग

हसनपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव उधनपुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन कथा वाचक कृष्ण देव महाराज के द्वारा भक्ति ज्ञान और वैराग्य के प्रसंग का वर्णन किया गया। भक्तों ने ध्यान पूर्वक कथा का श्रवण किया। कथा वाचक कृष्ण देव महाराज ने शनिवार की देर शाम कथा के प्रथम दिन भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भक्ति के दो पुत्र हैं। ज्ञान और वैराग्य जो संसार में मोह के कारण वृद्ध हो गए हैं। भागवत कथा के श्रवण से यह दोनों पुन: युवा हो जाते हैं। दिव्य ज्ञान मनुष्य के भीतर की आसक्ति ममता और अज्ञान की गांठों को काट डालता है।

पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के नेतृत्व में आतिशबाजी, मिठाई वितरण कर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

भूपेंद्र चौधरी के कैबिनेट मंत्री बनने पर अमरोहा में जश्न का माहौल

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की घोषणा के बाद नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के नेतृत्व में नगर के मुख्य बाजार में जोरदार जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी व्यक्त की तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। पूरे बाजार क्षेत्र में भाजपा समर्थकों द्वारा लगाए गए जयकारों और नारों से उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

एक-दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि भूपेंद्र चौधरी एक अनुभवी, कर्मठ और जमीनी नेता हैं, जिन्होंने संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाकर कार्यकर्ताओं के सम्मान को बढ़ाया गया है। यह निर्णय प्रदेश के विकास और संगठन की मजबूती के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार विकास, सुशासन और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। भूपेंद्र चौधरी के मंत्री बनने से प्रदेश में विकास योजनाओं को नई दिशा मिलेगी और आमजन की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा में मेहनती और समर्पित कार्यकर्ताओं को हमेशा सम्मान मिलता है और यही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। जश्न के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी मनाई और बाजार में मिठाई बांटकर आमजन को भी इस खुशी में शामिल किया। इस अवसर पर सरदार सेवा सिंह, सभासद राजू बादशाह, सतीश, दुलीचंद गिहार, सभासद प्रत्यक्ष शर्मा, सचिन अग्रवाल, राजीव उपाध्याय, गौरव अग्रवाल, शरद गर्ग, गीतेश अग्रवाल, श्याम गर्ग, विनीत, अंकित शर्मा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, सभासद एवं नगरवासी मौजूद रहे।

हसनपुर में भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

हसनपुर, अमृत विचार : पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के कैबिनेट मंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के कैंप कार्यालय पर एकत्र होकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक व अन्य कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार कर पार्टी हाई कमान का आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि भूपेंद्र चौधरी के कैबिनेट मंत्री बनने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा और मजबूत होगी और विकास के कार्यों को भी गति मिलेगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक ने कहा कि एक भाजपा ही ऐसी पार्टी है। जो कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का काम करती है, जिसका उदाहरण चौधरी भूपेंद्र सिंह को दोबारा से मंत्रिमंडल में शामिल करना है। इस मौके पर चेयरमैन राजपाल सैनी, जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक, मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, संजय सहदेव, इशांत सैनी, पप्पू मेंबर, दयानंद चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, राजकुमार सैनी, अंकित सैनी, राकेश सैनी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एआईएमआईएम की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर बल

हसनपुर, अमृत विचार : एआईएमआईएम के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बैठक नगर के संभल रोड स्थित बैंकट हॉल में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा भी की गई।

प्रदेश महासचिव बिजनौर व हापुड़ के प्रभारी हाजी शहजाद खान एडवोकेट ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी देश के एकमात्र ऐसे नेता है। जो सड़क से लेकर संसद तक जनता के हक की आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने ओवैसी को मजनू और अल्पसंख्यकों की निडरता से लड़ाई लड़ने वाला बताया। जिला प्रभारी साजिद सैफी ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि मुहिम घर-घर तक पहुंचाएं बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोड़ने की रणनीति पर भी चर्चा की गई।

प्रेमी ने बहनोई के साथ मिलकर की थी तनु की हत्या, दोनों गिरफ्तार

खुलासा : फरीदाबाद की रहने वाली महिला बना रही थी शादी का दबाव

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

अमृत विचार : तीन दिन पहले रेलवे ट्रैक के पास पडे. मिले महिला के शव की शिनाख्त होन के बाद उसकी हत्या का खुलासा कर दिया है। फरीदाबाद की रहने वाली महिला की हत्या उसके प्रेमी ने अपने बहनोई के साथ मिलकर की थी। महिला शादी का दबाव बना रही थी, जिससे परेशान होकर प्रेमी ने उसकी गला दबाकर हत्या कर की गई थी। पुलिस ने हत्यारोपी साले-बहनोई को गिरफ्तार कर लिया है।

एएसपी अखिलेश भदौरिया ने रविवार को घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह थाना क्षेत्र के भानपुर में रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ी में एक युवती का शव पड़ा मिला था। जानकारी पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। सूचना पर पहुंचे चौपला चौकी इंचार्ज सुधीर तोमर ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी। मौजूद लोगों ने युवती की हत्या किसी अन्य स्थान पर कर शव को यहां झाड़ी में फेंकने की आशंका जताई थी। हालांकि पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को आत्महत्या से जुड़ा मान रही थी। बाद में शव की पहचान तनु पत्नी सुनील तमोली निवासी मोहल्ला हरिजन, शिव विहार कॉलोनी, गली नम्बर-4, बल्लभगढ़ जनपद फरीदाबाद हरियाणा के रूप में हई।

पुलिस टीम के साथ हत्यारोपी कामिल और नाजिर। ● अमृत विचार

एएसपी ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। जांच में पता लगा कि प्रेम प्रसंग के चलते महिला की गला दबाकर हत्या की गई थी। पुलिस की जांच में हत्यारोपी नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव कमालपुरी के जंगल में दिनदहाड़े तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने तेंदुए की तस्वीर मोबाइल कैमरे में कैद कर ली, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। घटना के बाद क्षेत्र के लोग खेतों पर जाने से भी डर रहे हैं। गांव निवासी गौरव शर्मा ने बताया कि शनिवार को खेतों के पास स्थित जंगल में तेंदुआ घूमता दिखाई दिया। तेंदुए को देखते ही आसपास मौजूद ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। लोगों की आहट मिलने पर तेंदुआ जंगल की ओर चला गया। घटना दिन के समय होने के कारण ग्रामीणों में और अधिक भय का माहौल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कमालपुरी और अलीपुर कलां क्षेत्र में पिछले कुछ समय से तेंदुए की लगातार मौजूदगी देखी जा रही है। रामगंगा पोषक नहर के पास का जंगल लंबे समय से तेंदुए का ठिकाना बना हुआ है। कई बार ग्रामीणों ने खेतों और जंगल के आसपास तेंदुए के पैरों के निशान भी देखे हैं। तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। बच्चों और पशुओं की सुरक्षा को लेकर लोग चिंतित हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। वहीं वन विभाग की टीम को भी मामले की सूचना दे दी गई है।

● रेलवे ट्रैक के पास तीन दिन पहले पड़ा मिला था महिला का शव

थाना क्षेत्र के गांव बकैना निवासी कामिल पुत्र फारुख निकला। बताया कि तनु का अपने पति से काफी समय से विवाद चल रहा था। कामिल भी वहीं पर काम करता था। तनु की मुलाकात कामिल से हुई। इसके बाद दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए थे। तनु कामिल पर शादी करने का दबाव बना रही थी। इससे परेशान होकर कामिल ने उसकी हत्या करने की योजना बनाई। उसने अपने बहनाई नाजिर के साथ मिलकर तनु को गजरौला बुलाकर उसके दुपट्टे से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव को रेलवे ट्रेक के पास फेंक दिया। रविवार को एएसपी ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी कामिल व नाजिर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

सपा ने मृतक की पत्नी को सौंपा 2 लाख का चेक

हसनपुर, अमृत विचार: हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जयतोली में पिछले वर्ष हुए इशरत प्रधान हत्याकांड के बाद पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विधायक कांठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर के विशेष प्रयासों से इशरत प्रधान की पत्नी मैसर जहाँ को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, यह सहायता राशि का चेक समाजवादी पार्टी अमरोहा के जिलाध्यक्ष मताराम यादव द्वारा पीड़ित परिवार को सौंपा गया।

इस अवसर पर उपस्थित समाजवादी पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, कमजोर, शोषित एवं पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी रहती है और हर दुःख-सुख में जनता के बीच रहकर सहयोग करने का कार्य करती है। अखिलेश यादव द्वारा भेजी गई इस आर्थिक सहायता से पीड़ित परिवार को कठिन समय में बड़ी राहत और हौसला मिला है।

ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत, एक घायल

विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, सैदनगली (अमरोहा)

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव कनैटा में ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बनी सिंह।

गांव कनैटा निवासी बनी सिंह जाटव (37 वर्ष) की बोलेरो गाड़ी शनिवार शाम गंगा एक्सप्रेस-वे के पास अचानक खराब हो गई। बताया गया कि गाड़ी गियर छोड़ गई थी। इसके बाद गांव कनैटा की मढैय़ा निवासी ब्रह्मपाल सिंह के ट्रैक्टर से बोलेरो को खींचकर घर लाया गया। बताया जाता है कि इसके बाद बनी सिंह, ब्रह्मपाल सिंह और गांव निवासी विकलांग बलवीर ट्रैक्टर पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खंदक में पलट गया। हादसे में बनी सिंह और बलवीर ट्रैक्टर के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और दोनों को निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने बनी को मृत घोषित कर दिया। वहीं बलवीर का उपचार चल रहा है।

नशे और विवादों से तंग था परिवार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचावर : दुष्यंत हत्याकांड में पुलिस जांच के दौरान ऐसे खुलासे हुए हैं, जिन्होंने सभी को चौंका दिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दुष्यंत नशे का आदी था और आए दिन घर में झगड़ा-फसाद करता था। उसकी हरकतों से परिवार लंबे समय से परेशान चल रहा था।

आरोपियों के मुताबिक घरेलू विवादों और झगड़ों के चलते पैतृक जमीन का काफी हिस्सा भी बिक चुका था। परिवार के लोग लगातार तनाव में रह रहे थे। इसी से क्षुब्ध होकर पूरे परिवार ने मिलकर दुष्यंत को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि हत्या के लिए जॉली उर्फ जोगिंद्र नामक पेशेवर सुपारी किलर को पांच लाख रुपये में तैयार किया गया था। इसमें से 55 हजार रुपये एडवांस दिए गए थे, जबकि बाकी 4.45 लाख रुपये वारदात के बाद देने की बात तय हुई थी। रकम की व्यवस्था मृतक की मां ने अपने जेवर बेचकर की थी। आरोपियों ने बताया कि दुष्यंत की रास्ते में हत्या करने के बाद शव को नहर में फेंक दिया गया, ताकि मामला हादसा लगे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी चुपचाप घर लौट आए और सामान्य तरीके से सो गए। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि मृतक दुष्यंत पर पहले से कई मुकदमे दर्ज थे और वह अपराधी प्रवृत्ति का था। पुलिस ने मामले में आरोपी पिता पीतम और छोटे भाई संकित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं सुपारी किलर जॉली उर्फ जोगिंद्र और आरोपी मां की तलाश में दबिश दी जा रही है।

खुलासा करते एएसपी अखिलेश भदौरिया। ● अमृत विचार

● पांच लाख में दी सुपारी, मां ने जेवर बेचकर जुटाई रकम

शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों ने मनाई खुशी

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में की गई ऐतिहासिक वृद्धि के बाद, अप्रैल माह का बढ़ा हुआ मानदेय उनके खातों में पहुंचते ही प्राथमिक शिक्षा जगत में खुशी की लहर दौड़ गई। अपनी लंबे समय से लंबित मांग पूरी होने के उत्साह में गंगेश्वरी ब्लॉक के शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता साझा की और योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन रूखालू न्याय पंचायत के उच्च प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में किया गया। इस अवसर पर शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह संवेदनशील निर्णय उनके और उनके परिवारों के लिए किसी बड़े उपहार से कम नहीं है। ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन द्वारा लंबे समय से मानदेय वृद्धि की मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई धनराशि का अप्रैल माह का भुगतान प्राप्त हो जाने से शिक्षकों का मनोबल बढ़ा है। इस खुशी के मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने एक स्वर में प्रदेश सरकार की सराहना की।

● बढ़ा हुआ मानदेय मिलने पर योगी सरकार का जताया आभार

बाबा भैरवनाथ मंदिर में हवन का आयोजन

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार: नगर के मोहल्ला सैनी नगर स्थित बाबा भैरवनाथ मंदिर पर रविवार को विशाल भंडारे एवं हवन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने कराया। इसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा भैरवनाथ के दर्शन किए तथा प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर पूरे दिन भक्तिमय माहौल से गूंजता रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ हवन-पूजन से हुई। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर परिवार एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि बाबा का आशीर्वाद नगरवासियों पर बना रहे और आगे भी इसी प्रकार धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने बाबा भैरवनाथ से नगर एवं क्षेत्र की जनता के सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। गुरुजी सुनील शर्मा ने कहा कि बाबा भैरवनाथ की पूजा-अर्चना करने से सभी प्रकार के कष्टों का निवारण होता है तथा भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने लोगों से धर्म एवं सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश सैनी, हरिओम त्रिवेदी, कुसुम अग्रवाल, पूरन सिंह सैनी, राकेश वर्मा, कृष्ण कुमार, विजेंद्र शर्मा, सुभाष चौधरी, नरेंद्र जाटव, बृजेश अग्रवाल, राजकिशोर शर्मा, प्रवीण अग्रवाल चेयरमैन, गौरव अग्रवाल, रामकिशोर सैनी, निशांत यादव, कैलाश प्रजापति, सोनू पाल, मास्टर मुखराम, डोली मौजूद रहे।

भंडारे में परोसते पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेश सैनी। ● अमृत विचार

● पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

राहत : बिजनौर में पिंजरों में कैद हुए तेंदुआ और गुलदार

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : जनपद के चांदपुर और अफजलगढ़ क्षेत्र में रविवार को वन विभाग को बड़ी सफलता मिली, जब अलग-अलग स्थानों पर लगाए गए पिंजरों में एक तेंदुए का शावक और एक गुलदार कैद हो गए। पिछले कई दिनों से दोनों क्षेत्रों में जंगली जानवरों की आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ था। वन विभाग ने लगातार मिल रही शिकायतों के बाद निगरानी बढ़ाते हुए पिंजरे लगाए थे।

चांदपुर क्षेत्र के तालमपुर गांव में रविवार सुबह एक तेंदुए का शावक पिंजरे में कैद मिला। बताया गया कि लगभग सात माह का शावक शिकार की तलाश में घूमते हुए पिंजरे में रखी मुर्गियों के लालच में अंदर चला गया और वहीं फंस गया। सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने जब पिंजरे में कैद तेंदुए को देखा तो मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ और शोरगुल के कारण शावक पिंजरे के अंदर बेचैन नजर आया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उसे कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय पहुंचाया। वन रेंजर दुष्यंत सिंह ने बताया कि शावक का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा और विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पिंजरे में कैद गुलदार।

● जंगली जानवरों की आमद के चलते दहशत में थे क्षेत्र के ग्रामीण

वहीं दूसरी ओर अफजलगढ़ क्षेत्र के मानियावाला गांव में भी रविवार सुबह एक गुलदार पिंजरे में कैद मिला। ग्रामीणों के अनुसार पिछले कई दिनों से गुलदार खेतों और गांव के आसपास घूमता दिखाई दे रहा था, जिससे लोग खेतों पर जाने और पशुओं को बाहर निकालने से डर रहे थे। वन विभाग ने गांव में दो स्थानों पर पिंजरे लगाए थे। रविवार सुबह किसानों परमेन्द्र कुमार, रिशभ चौहान और राजवीर सिंह उर्फ अप्पू ने यूकेलिप्टिस की टोनिया के पास लगाए गए पिंजरे में गुलदार को फंसा देखा और तुरंत वन विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था के बीच गुलदार को रेस्क्यू कर पीली बांध चौकी पहुंचाया। वनकर्मी अंकित चौहान ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश मिलने तक गुलदार को चौकी पर रखा जाएगा। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में अभी दो अन्य गुलदार भी घूम रहे हैं, जिससे डर पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। दोनों घटनाओं के बाद वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने, अकेले खेतों या जंगल की ओर न जाने और किसी भी जंगली जानवर की गतिविधि दिखने पर तुरंत सूचना देने की अपील की है।

कमालपुरी के जंगल में दिनदहाड़े दिखा तेंदुआ ग्रामीणों में दहशत, तेंदुआ पकड़ने की मांग

अमरोहा, अमृत विचार : नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव कमालपुरी के जंगल में दिनदहाड़े तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने तेंदुए की तस्वीर मोबाइल कैमरे में कैद कर ली, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। घटना के बाद क्षेत्र के लोग खेतों पर जाने से भी डर रहे हैं। गांव निवासी गौरव शर्मा ने बताया कि शनिवार को खेतों के पास स्थित जंगल में तेंदुआ घूमता दिखाई दिया। तेंदुए को देखते ही आसपास मौजूद ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। लोगों की आहट मिलने पर तेंदुआ जंगल की ओर चला गया। घटना दिन के समय होने के कारण ग्रामीणों में और अधिक भय का माहौल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कमालपुरी और अलीपुर कलां क्षेत्र में पिछले कुछ समय से तेंदुए की लगातार मौजूदगी देखी जा रही है। रामगंगा पोषक नहर के पास का जंगल लंबे समय से तेंदुए का ठिकाना बना हुआ है। कई बार ग्रामीणों ने खेतों और जंगल के आसपास तेंदुए के पैरों के निशान भी देखे हैं। तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। बच्चों और पशुओं की सुरक्षा को लेकर लोग चिंतित हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। वहीं वन विभाग की टीम को भी मामले की सूचना दे दी गई है।

जेल परिसर में पेड़ पर लटका मिला बंदी का शव

बिजनौर, अमृत विचार : जिला कारागार में बंद एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से शनिवार को हड़कंप मच गया। मृतक का शव जेल परिसर में एक पेड़ से लटका मिला। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। सैकड़ों लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर हंगामा किया और बाद में जजी चौक पर जाम लगाकर जेल प्रशासन व पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। काफी मशक्कत के बाद पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया।

मृतक की पहचान गांव पृथ्वीपुर निवासी दीपक पुत्र चंद्रपाल के रूप में हुई है। बताया गया कि दीपक 18 फरवरी 2025 से लूट के एक मामले में जिला जेल में बंद था। जेल प्रशासन की ओर से प्रारंभिक तौर पर इसे आत्महत्या बताया जा रहा है, लेकिन परिजनों ने इस दावे पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास, अधेड़ गिरफ्तार

संवाददाता, डिडौली

अमृत विचार : डिडौली थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर गन्ने के खेत में ले जाने और दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी अधेड़ को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार थाना डिडौली क्षेत्र के गांव सिनौरा जलालाबाद निवासी याकूब पुत्र जफीर पर आरोप है कि वह गांव की करीब 14 वर्षीय नाबालिग को गलत नीयत से बहला-फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गया था। परिजन और ग्रामीणों के मुताबिक वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है। बताया गया कि गांव की कुछ महिलाओं ने आरोपी को नाबालिग के साथ खेत की ओर जाते देख लिया और इसकी सूचना परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद पीड़िता के पिता की तहरीर पर थाना डिडौली में आरोपी याकूब के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

● बहका-फुसलाकर बालिका को गन्ने के खेत में ले गया था आरोपी

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

न्यूज ब्रीफ

नफरत की राजनीति से देश को बना खतरा

संभल, अमृत विचार : केरल उपचुनाव में बेहतर प्रदर्शन के बाद मुस्लिम लीग के जिलाध्यक्ष मौलाना कलीम अशरफ ने कहा कि मुस्लिम लीग देश में मुसलमानों की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और एआईएमआईएम से हमेशा बड़ी रही है। नफरत की राजनीति देश के लिए खतरा बनती जा रही है। मौलाना कलीम अशरफ ने कहा कि केरल में मुस्लिम लीग ने 27 सीटों पर चुनाव लड़कर 22 सीटों पर जीत दर्ज की है। तमिलनाडु में भी पार्टी ने दोनों सीटों पर जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग सिर्फ मुस्लिम वोटों के सहारे राजनीति नहीं करती, बल्कि हिंदू समाज का भी पार्टी को समर्थन प्राप्त है। नागपुर का उदाहरण देते हुए उन्होंने दावा किया कि आरएसएस मुख्यालय वाले शहर में मुस्लिम लीग के चार पार्षद चुनाव जीतकर आए हैं, जिनमें एक हिंदू प्रत्याशी भी शामिल है। उत्तर प्रदेश में भी पार्टी संगठन को मजबूत करने और विस्तार की योजना बनाई जा रही है।

नकब लगाकर लाखों का सामान चोरी

चंदौसी, अमृत विचार : थाना कुढ़ फतेहगढ़ के गांव जगदीशपुरी मझरा में चोरों ने शनिवार रात नकब लगाकर नकदी, जेवर समेत लाखों का सामान चोरी कर लिया। गांव निवासी धीर सिंह पुत्र जगदीश ने बताया कि वह परिवार के साथ शनिवार की रात घर के आंगन में सोया हुआ था। रात तीन बजे करीब चोरों ने घर के पीछे जंगल की ओर से दीवार में नकब लगा लिया। अंदर घुसे चोर अलमारी का ताला तोड़कर 70 हजार की नकदी, हंसली, खड़ुआ, पाजेब, सोने के कुंडल, चार्जिंग पर लगा मोबाइल चोरी कर ले गए। चोरी की जानकारी सुबह उस समय हुई जब धीर सिंह सोकर उठा और कमरे में सारा सामान बिखरा व दीवार में नकब लगा देखा। धीर सिंह ने चोरी की तहरीर थाने में दी है।

मंदिर में श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन

चंदौसी, अमृत विचार : स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को सरकारी अस्पताल के महामृत्युंजय मंदिर में श्री सुंदरकांड पाठ किया गया, जिसमें भक्त भजन सुनकर भाव भोर हो उठे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. योगेन्द्र प्रसाद जोशी ने पूजन के साथ की। केजी शर्मा और राजेश शंखधार ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना और हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यक्रम में बीके शर्मा, जेएन मिश्रा, आलोक दत्त दुबे, राजीव शर्मा आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

डिवाइडर से टकराकर स्कॉर्पियो पलटी, चार घायल

गंगा एक्सप्रेस-वे पर चालक को झपकी आने से हुआ हादसा, तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते नहीं थम रहा हादसों का सिलसिला

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई

अमृत विचार: गंगा एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार दोपहर एक बार फिर बड़ा सड़क हादसा हो गया। शाहजहांपुर से गाजियाबाद जा रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और कई पलटे खाते हुए सड़क पर पलट गई। हादसे में वाहन सवार चार लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बहजोई कोतवाली क्षेत्र में गांव किसौली के पास स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराने के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े।

स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया। इसी दौरान सूचना मिलने पर यूपीडा हाईवे पेट्रोलिंग टीम भी मौके पर पहुंच गई।

बहजोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती हादसे के घायल। ● अमृत विचार

टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई भिजवाया। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो चालक सुखदेव को अचानक झपकी आ गई थी, जिसके चलते वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। हादसे के समय वाहन काफी तेज गति में था। गनीमत रही कि पीछे से आ रहे अन्य वाहन इसकी चपेट में नहीं आए, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

संभल में किसौली के निकट गंगा एक्सप्रेस वे पर पलटी पड़ी कार। ● अमृत विचार

हादसे में घायल रेखा, चांदनी और रामविलास निवासी बड़ा कलान जनपद शाहजहांपुर तथा चालक सुखदेव निवासी छपरौला जनपद गाजियाबाद बताए गए हैं।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रेखा, चांदनी और सुखदेव की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि रामविलास का उपचार सीएचसी में ही किया गया। हादसे के बाद कुछ समय तक एक्सप्रेस-वे पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। दुर्घटनाग्रस्त वाहन सड़क पर पलटने के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ। बाद में यूपीडा टीम और पुलिस ने वाहन को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस हादसे के संबंध में जानकारी जुटाने में लगी है।

दुर्घटना में बाइक सवार ग्रामीण की मौत

चंदौसी, अमृत विचार : थाना कुढ़ फतेहगढ़ के रीठ स्योंडारा मुमरेजपुर लिंक मार्ग पर बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक सवार मौके से भाग गए। ग्रामीण की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। गांव गुरगांव निवासी यादराम (25) शनिवार देर शाम गांव रीठ दवाई लेने गया था। वह बाइक से रात करीब 9 बजे दवाई लेकर गांव लौट रहा था। इस दौरान मुमरेजपुर लिंक मार्ग पर बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद दूसरी बाइक सवार युवक मौके से भाग गए। जबकि यादराम करीब डेढ़ घंटा अचेत पड़ा रहा। इस दौरान उधर से गुजर रहे युवक ने यादराम को पहचाना तो इसकी सूचना पुलिस व परिजनों को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों बाइकों को कब्जे में ले लिया। पुलिस घायल अवस्था में यादराम को चंदौसी के सरकारी अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। यादराम अपने पीछे 3 साल की बेटी क्रांति व 7 माह का बेटे दया, पत्नी मीरा देवी को रोता बिलखता छोड़ गया है। पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मृतक यादराम।

शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।
–**जितेंद्र कुमार वर्मा**, थाना प्रभारी।

हरदोई के पास चंदौसी के किशोर की ट्रेन से कटकर मौत

चंदौसी, अमृत विचार: कुढ़ फतेहगढ़ के गांव खनुपुरा के किशोर की हरदोई के पास ट्रेन से कटकर मौत हो गई। शनिवार की देर रात शव गांव पहुंचने पर कोहराम मच गया।

गांव खनुपुरा निवासी अजय (16) अपने भाई के साथ शनिवार को लखनऊ जा रहा था। हरदोई के पास ट्रेन में गेट के पास बैठी महिला उल्टी कर रही थी। उसे हटाने के चक्कर में अजय का पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। नीचे गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। भाई ने चेन खींचकर ट्रेन रोकी। इस दौरान वहां पुलिस पहुंच गई। जिसने पास के स्टेशन पर आरपीएफ को सूचना दी। जिसने घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उपचार के बाद उसे रैफर कर कर दिया गया। इसके बाद भाई उसे बरेली ले आया। यहां परिजन भी पहुंच गए थे। शाम को निजी अस्पताल में अजय ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। देर शाम जब अजय का शव जब गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों उसके घर के बाहर भीड़ लग गई।

मां पूर्णागिरी सेवा समिति के भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

बबराला में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

बबराला, अमृत विचार: उत्तराखंड के मां पूर्णागिरी मंदिर मेले में 40 दिनी सेवा शिविर लगाकर लौटी मां पूर्णागिरी सेवा समिति की ओर से रविवार को मुख्य बाजार में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

समिति के सदस्यों ने बताया कि मां पूर्णागिरी सेवा समिति द्वारा टुन्यास क्षेत्र में होली के अगले दिन से 40 दिवसीय सेवा शिविर लगाकर श्रद्धालुओं के ठहरने, स्नान और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है। सेवा कार्यों में समिति के सदस्य पूरे समर्पण के साथ जुटे रहते हैं। इस अवसर पर पप्पू बैटरी, अरुण कुमार 'डिंपल', पंकज मामा, संदीप गुप्ता, राजू अरोरा, उमेश वार्ष्णेय सहित अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा।

12 घंटे बाद टावर से उतरा युवक

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

अमृत विचार: कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव मुजाहिदपुर में शनिवार दोपहर को मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक करीब 12 घंटे वहीं बैठा रहा। इस दौरान उसने टावर की माइक्रोवेव यूवीआर केबल तोड़ दी, जिससे पूरे इलाके में जियो नेटवर्क सेवा ठप हो गई। आधी रात के बाद किसी तरह युवक को मोबाइल टावर से नीचे उतारा गया। वहीं मोबाइल नेटवर्क बंद रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

गांव मुजाहिदपुर निवासी 28 वर्षीय सोमपाल शनिवार दोपहर करीब दो बजे गांव में लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गया था। युवक को टावर पर चढ़ता देख मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए थे। डायल 112 और थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों ने युवक को समझाकर नीचे उतारने का प्रयास किया,

नेटवर्क सेवा बहाल करने में जुटा कर्मचारी।

लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं था। टावर पर चढ़ने के बाद सोमपाल ने मोबाइल टावर की माइक्रोवेव यूवीआर केबल तोड़ दी। केबल टूटते ही पूरे क्षेत्र में जिओ नेटवर्क सेवा अचानक बंद हो गई। मोबाइल नेटवर्क ठप होने से लोगों को फोन कॉल करने, इंटरनेट चलाने और ऑनलाइन कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई ग्रामीणों ने बताया कि नेटवर्क बंद होने के कारण जरूरी संपर्क तक नहीं हो पा रहा था।

ग्रामीणों के अनुसार युवक देर रात तक टावर पर बैठा रहा। पुलिस लगातार उसे सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास करती रही, लेकिन वह टावर से उतरने को तैयार नहीं हुआ।

- क्षेत्र में 24 घंटे ठप रही मोबाइल जिओ नेटवर्क सेवा

आखिरकार शनिवार देर रात करीब दो बजे वह अपने आप नीचे उतर आया, जिसके बाद पुलिस और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि सोमपाल मानसिक रूप से कमजोर है। रविवार सुबह टावर कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त यूवीआर केबल की मरम्मत शुरू की। करीब एक बजे के बाद नेटवर्क सेवा दोबारा बहाल हो सकी। कर्मचारियों के मुताबिक केबल टूटने से कंपनी को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। करीब 24 घंटे तक नेटवर्क सेवा बाधित रहने से क्षेत्र के हजारों उपभोक्ता प्रभावित रहे।

महिला का फंदे से लटका मिला शव

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार: बहजोई थाना क्षेत्र के गांव आलपुर मैथरा में रविवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

परिवार के लोगों का कहना है कि अखिलेश कुमार की पत्नी किरण (22) रविवार दोपहर घर में अकेली थी। परिवार के अन्य सदस्य किसी कार्य से बाहर गए थे। करीब डेढ़ बजे जब परिजन वापस लौटे तो कमरे के अंदर पंखे में साड़ी के फंदे से उसका शव लटका मिला। यह देख परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना मृतका के मायके पक्ष को दी गई। कुछ देर बाद गांव भिरावटी थाना धनारी निवासी मृतका के भाई ने डायल 112 पर फोन कर बहन की मौत को दहेज हत्या के लिए बताते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घटना के बाद गांव में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस घरेलू विवाद, दहेज उत्पीड़न समेत अन्य पहलुओं पर जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मलिक ने बताया कि विवाह करीब तीन वर्ष पहले हुआ था। तहरीर मिलने के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है।

- मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर लगाया दहेज हत्या का आरोप

ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला आरंभ

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार: राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग एवं उड़ान एक नई पहल चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला का रविवार को सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आरंभ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ। इस दौरान अतिथियों एवं मुख्य अतिथियों का चंदन वंदन और पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया, वहीं प्रतिभागी बच्चों का भी चंदन लगाकर अभिनंदन किया गया।

कार्यशाला में बच्चों को लोक नृत्य, संगीत, गीत, चित्रकला, मेहंदी कला सहित विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में सुधा गौतम, विनय वार्ष्णेय, शशि प्रभा, संस्कार भारती की सोनम निषाद, नीतू प्रभा, योगेंद्र सिंह तथा राज्य ललित कला अकादमी की संयोजक डॉ. ममता राजपूत उपस्थित रहीं। डॉ. ममता राजपूत ने बताया कि 20 दिवसीय इस कार्यशाला में पिड लाइट कंपनी की भारती वर्मा, वाटर कलर आर्टिस्ट पिंकी मिश्रा, मेकअप आर्टिस्ट एवं मेहंदी एक्सपर्ट सोनम निषाद तथा लोक कला चित्रकला की आर्टिस्ट डॉ. ममता राजपूत बच्चों को प्रशिक्षण देंगी।

बबराला में आयोजित कार्यशाला में बोलतीं वक्ता। ● अमृत विचार

- बच्चों को मिलेगा विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण

उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारना और उन्हें भारतीय कला एवं संस्कृति से जोड़ना है। कार्यशाला के पहले दिन बच्चों को जुम्बा क्लास एवं एक्सरसाइज का प्रशिक्षण भी दिया गया।

ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर भड़के केमिस्ट

संभल, अमृत विचार: जनपद में आयोजित केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में ऑनलाइन दवाओं की बिक्री का तीखा विरोध किया। वक्ताओं ने इसे स्वास्थ्य व्यवस्था और समाज के लिए गंभीर खतरा बताते हुए सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई। बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारियों और दवा व्यापारियों ने कहा कि बिना चिकित्सकीय परामर्श के ऑनलाइन दवाओं की उपलब्धता लोगों के स्वास्थ्य के साथ बड़ा खिलवाड़ है। वक्ताओं ने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होने से मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती है। एसोसिएशन के संरक्षक अनिल कुमार अग्रवाल ने कहा कि सामान्य वस्तुओं की ऑनलाइन बिक्री से भले ही सीमित प्रभाव पड़ता हो, लेकिन दवाओं की ऑनलाइन बिक्री गंभीर चिंता का विषय है।

तालाब में उतराता मिला किसान का शव

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई

अमृत विचार: संभल जिले में बहजोई थाना क्षेत्र के गांव केशवपुर रसेटा में तीन दिन से लापता किसान का शव रविवार सुबह गांव के तालाब में उतराता मिला। शव मिलने की सूचना पर गांव में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान की, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक सत्यपाल राणा।

सत्यपाल राणा (40) निवासी गांव केशवपुर रसेटा शुक्रवार सुबह घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद परिजनों ने बहजोई थाने में गुमशुदगी की सूचना दी थी। पुलिस भी उनका फोटो लेकर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से तलाश में जुटी हुई थी।

रविवार सुबह करीब 11 बजे गांव के लोगों ने तालाब में एक शव उतराता देखा। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान सत्यपाल राणा के रूप में की। शव मिलने की खबर से परिवार में चीख-पुकार मच गई। गांव के लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने फिलहाल किसी पर कोई शक जाहिर नहीं किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। वह अपने पीछे पत्नी देवा, 19 वर्षीय पुत्र और 17 वर्षीय बेटी छोड़ गया है। पुत्र राहुल ने इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है, जबकि बेटी कक्षा नौ की छात्रा है। पत्नी देवा ने बताया कि शुक्रवार सुबह सत्यपाल घर पर खाना खाने के बाद निकले थे, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटे तो चिंता बढ़ गई थी। थाना प्रभारी राजीव कुमार मलिक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

गांव केशवपुर रसेटा में किसान का शव मिलने के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं।

- तीन दिन से लापता था गांव केशवपुर रसेटा निवासी सत्यापाल

गोल्डन मिनट बचाएगा नवजातों की जिंदगी

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: जिला संयुक्त चिकित्सालय में नवजात शिशुओं की जान बचाने को लेकर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में डॉक्टरों, स्टाफ नर्सों और स्वास्थ्यकर्मियों को गोल्डन मिनट के महत्व की जानकारी देते हुए नवजात शिशुओं को आपात स्थिति में बचाने का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में बताया गया कि जन्म के तुरंत बाद का पहला एक मिनट नवजात के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। यदि इस दौरान बच्चा सांस नहीं ले पाता तो उसकी जान को खतरा हो सकता है। साथ ही भविष्य में मानसिक और शारीरिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं।

इसी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया कि ऐसी स्थिति में तुरंत कौन-कौन से कदम उठाए जाएं, जिससे नवजात की जान बचाई जा सके।

संभल जिला संयुक्त चिकित्सालय में प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देतीं डॉ. दीप शिखा।

- जन्म के बाद पहला एक मिनट सबसे अहम
- जिला अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों को दी ट्रेनिंग

एसएनसीयू में तैनात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप शिखा ने बताया कि बच्चे के जन्म के बाद का पहला मिनट गोल्डन मिनट कहलाता है। इस दौरान यदि नवजात की सांस सामान्य रूप से शुरू नहीं होती तो तत्काल उपचार और सही तकनीक बेहद जरूरी होती है। प्रशिक्षण के दौरान स्टाफ को नवजात को सांस दिलाने, शरीर का तापमान बनाए रखने और अन्य आवश्यक प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. राजेंद्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्तर पर चल रहे नियोनेटल रिससिटेशन कार्यक्रम के तहत यह कार्यशाला आयोजित की गई है। इसमें एसएनसीयू, लेबर रूम स्टाफ, स्टाफ नर्स और सीएचओ समेत करीब 30 स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में यह भी सिखाया जा रहा है कि प्री-मैच्योर और सामान्य नवजात शिशुओं में क्या अंतर होता है तथा यदि बच्चा जन्म के बाद रो नहीं पाता तो किस प्रकार की सावधानियां बरतनी चाहिए। स्वास्थ्यकर्मियों को आपात स्थिति में तुरंत निर्णय लेने और सही उपचार प्रक्रिया अपनाने का अभ्यास भी कराया गया।

डॉक्टरों का कहना है कि इस तरह की ट्रेनिंग से नवजात शिशुओं की मृत्यु दर कम करने में मदद मिलेगी और बच्चों को स्वस्थ जीवन देने की दिशा में यह पहल कारगर साबित होगी।

जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

संभल/मनोटा, अमृत विचार: ऐंचोड़ा कंबौह थाना क्षेत्र के दारापुर गांव निवासी पूर्व प्रधान का बेटा दूसरे प्रांत में रहकर काम करता है। शुक्रवार को वह घर आया था। किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। पति की कुछ बातें महिला को इतनी नागवार गुजरी कि वह मानसिक रूप से आहत हो गई। इसी से क्षुब्ध होकर विवाहिता ने जहरीले पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद जब महिला की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को घटना की जानकारी हुई। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलने पर उसके मायके पक्ष के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। इसके बाद मुरादाबाद में ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया गया कि बाद में दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद समझौता हो गया।

समाज के वृद्धजनों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, चंदौसी

अमृत विचार: श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट चंदौसी की साधारण सभा शनिवार को श्री बारहसैनी सेवा सदन रामबाग धाम में आयोजित की गई। जिसमें महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार हुआ और समाज के वृद्धजनों को सम्मानित किया गया।

ईश वंदना के बाद ट्रस्ट के चुनाव को सकुशल और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए निर्वाचन अधिकारी मोरमुकुट वार्ष्णेय, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार वार्ष्णेय और सुरेश चंद्र वार्ष्णेय सहित मतदान एवं मतगणना में सहयोग करने वाले बंधुओं को नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से सम्मानित किया गया।

प्रधान मौसम गुप्ता के नेतृत्व में बुजुर्ग ट्रस्टियों का सम्मान स्मृति चिह्न और रामचरित मानस देकर किया। बैठक में 1 जून से सामान्य प्रक्रिया द्वारा नए सदस्य बनाए जाने एवं रामबाग बाल विद्यालय के इण्टर कक्षाओं तक उच्चीकरण हेतु शीघ्रता से योजना बनाकर कार्य किए जाने का निर्णय लिया गया। सभा की अध्यक्षता प्रधान मौसम गुप्ता ने की व संचालन मंत्री अमित केएस ने किया। सभा में दीपक गुप्ता, प्रतीक वार्ष्णेय किट्टू, गणेश चौधरी, मयंक वार्ष्णेय चिंकल, मनोज कुमार श्याम, मनोज कुमार शोभाराम, कौशल किशोर वन्देमातरम, प्रदीप वार्ष्णेय ठेकेदार, फूल प्रकाश वार्ष्णेय, अखिलेश कुमार खिलाड़ी, हरिगोपाल वार्ष्णेय, दिनेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट चंदौसी की साधारण सभा में मौजूद लोग।

- श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट की सभा आयोजित
- सेवा सदन रामबाग धाम में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुआ विचार

न्यूज ब्रीफ

9 माह में नए मंत्री भी भ्रष्टाचार के रिकार्ड तोड़ेंगे : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : मंत्रिमंडल विस्तार पर तंज कसते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि जब 9

साल में भाजपा सरकार प्रदेश की जनता के लिए कुछ नहीं कर सकी तो आखिरी के 9 महीनों में ये मंत्री क्या कर लेंगे। इस भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी में बढ़ाकर सारे रिकार्ड तोड़ दिए है। ये भी वही करेंगे। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, अत्याचार चरम पर है। जनता त्रस्त है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वैसे भी मंत्रिमंडल के विस्तार में तो इनका कोई काम है नहीं। उधर से पर्ची आएगी, यहां तो सिर्फ पढ़ी जाएगी। भाजपा राज में वैसे भी सीएम का मतलब बस कोरियर मैसेंजर रह गया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त मंत्रियों को दी बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने योगी सरकार

के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सभी नवनियुक्त मंत्रियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि नए मंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनसेवा, सुशासन और विकास के संकल्प को नई गति देंगे।

नवनियुक्त मंत्रियों की ऊर्जा से योजनाओं को गति मिलेगी : केशव

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार समारोह में शपथ

ग्रहण के उपरांत उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी नवनियुक्त मंत्रियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विकास और सुशासन के बल पर भाजपा को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा नवनियुक्त सभी मंत्रीगण उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास की यात्रा में एक अहम कड़ी साबित होंगे।

आईजीआरएस रैंकिंग में रामपुर फिर अव्वल

अमृत विचार, लखनऊ : एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की अप्रैल माह की रिपोर्ट में रामपुर ने लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। पीलीभीत ने दूसरा और श्रावस्ती व अमेठी ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया है। आईजीआरएस की निगरानी से जिलों में विकास कार्यों की गुणवत्ता और शिकायतों के त्वरित निस्तारण में तेजी आई है। अप्रैल माह की रिपोर्ट के अनुसार रामपुर ने 140 में से 138 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। जिले का प्रदर्शन प्रतिशत 98 .57 रहा। रामपुर लगातार चौथे महीने पहले स्थान पर बना हुआ है। पीलीभीत ने 137 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। जिले का प्रदर्शन प्रतिशत 97 .86 रहा। वहीं, श्रावस्ती और अमेठी ने 136-136 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। रिपोर्ट में हाथरस, बरेली, हमीरपुर, बदायूं, बाराबंकी और बलिया भी टॉप-10 जिलों में शामिल रहे।

2027 चुनाव की बिसात पर सीएम योगी ने सजाए मोहरे

जाट, ब्राह्मण, दलित और ओबीसी समीकरण साधने की कोशिश, संगठन और सरकार के बीच संतुलन पर भाजपा का जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मंत्रिमंडल विस्तार में पश्चिम से पूर्वांचल तक सामाजिक संदेश पुराने कार्यकर्ताओं और नए चेहरों दोनों को मिला प्रतिनिधित्व

अमृत विचार: योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार ने साफ संकेत दे दिया है कि भाजपा ने साल 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से तेज कर दी है। रविवार को हुए विस्तार में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को साधते हुए भाजपा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर पूर्वांचल तक अलग-अलग सामाजिक वर्गों को राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की।

राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, यह सिर्फ मंत्रिमंडल विस्तार नहीं बल्कि भाजपा की 2027 की सामाजिक-राजनीतिक रणनीति का ट्रेलर है। पश्चिम यूपी में जाट, अवध में ब्राह्मण, मध्य यूपी में दलित, कन्नौज क्षेत्र में लोधी और पूर्वांचल में गैर-यादव पिछड़े वर्ग को साधने की स्पष्ट कोशिश इस विस्तार में दिखाई दी।

सामाजिक समीकरणों को नए सिरे कस रही भाजपा: भाजपा सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिमंडल विस्तार में सिर्फ जातीय समीकरण ही नहीं बल्कि संगठन और सरकार के बीच संतुलन बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। भाजपा नेतृत्व यह संदेश देना चाहता है कि संगठन में लंबे समय तक काम करने वाले नेताओं को भी सरकार में अवसर मिलेगा। साथ ही पार्टी ने यह भी दिखाने की कोशिश की है कि क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और सामाजिक संतुलन दोनों उसके लिए महत्वपूर्ण हैं। पश्चिमी यूपी, अवध, बुंदेलखंड, कन्नौज बेल्ट और पूर्वांचल सभी क्षेत्रों को इस विस्तार में साधने की कोशिश दिखाई दी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भाजपा अब 2027 के चुनाव को सिर्फ सत्ता विरोधी माहौल के आधार पर नहीं छोड़ना चाहती। पार्टी सामाजिक समीकरणों को नए सिरे से मजबूत कर संगठन और सरकार दोनों को एक साथ सक्रिय करने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है।

भूपेंद्र चौधरी की वापसी से पश्चिम यूपी को साधने का प्रयास



भूपेंद्र सिंह चौधरी

भूपेंद्र सिंह चौधरी की कैबिनेट में वापसी को भाजपा का सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश माना जा रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद क्षेत्र से आने वाले भूपेंद्र चौधरी भाजपा के बड़े जाट चेहरे माने जाते हैं। वह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं और योगी सरकार के पहले कार्यकाल में पंचायतीराज मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। लोकसभा चुनाव में पश्चिमी यूपी में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिली थी। किसान आंदोलन के बाद जाट राजनीति में आए बदलावों को देखते हुए पार्टी लगातार इस वर्ग को लेकर सतर्क दिखाई दे रही है। ऐसे में भूपेंद्र चौधरी को फिर मंत्रिमंडल में लाकर भाजपा ने जाट समाज को सीधा संदेश देने की कोशिश की है। संगठन में उनकी मजबूत पकड़ और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं के बीच सक्रियता को भाजपा की बड़ी ताकत माना जाता है। पार्टी रणनीतिकारों का मानना है कि पश्चिमी यूपी की कई सीटों पर जाट मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

कृष्णा पासवान से दलित और महिला कार्ड

कृष्णा पासवान

कृष्णा पासवान को मंत्रिमंडल में शामिल कर भाजपा ने गैर-जाटव दलित वर्ग और महिला मतदाताओं पर एक साथ फोकस किया है। फतेहपुर की खागा सीट से लगातार तीसरी बार विधायक बनीं कृष्णा पासवान को क्षेत्र में जमीनी नेता माना जाता है। मध्य यूपी और बुंदेलखंड क्षेत्र में पासवान बिरादरी का प्रभाव कई सीटों पर निर्णायक माना जाता है। भाजपा पिछले कुछ वर्षों से गैर-जाटव दलित वोट बैंक को अपने साथ मजबूती से जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। कृष्णा पासवान की ताजपोशी उसी रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा महिला प्रतिनिधित्व और दलित सामाजिक समीकरण दोनों को संतुलित करने की कोशिश कर रही है। यही वजह है कि कृष्णा पासवान को सिर्फ क्षेत्रीय चेहरा नहीं, बल्कि सामाजिक प्रतिनिधित्व के प्रतीक के तौर पर आगे बढ़ाया गया है।

मनोज पांडेय के जरिए ब्राह्मण राजनीति पर फोकस

मनोज पांडेय

मनोज कुमार पांडेय को कैबिनेट मंत्री बनाकर भाजपा ने अवध और रायबरेली-अमेठी क्षेत्र में बड़ा राजनीतिक संकेत दिया है। लंबे समय तक समाजवादी पार्टी में ब्राह्मण चेहरे के तौर पर सक्रिय रहे मनोज पांडेय अखिलेश सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने सपा से दूरी बनाई और भाजपा के समर्थन में खुलकर सामने आए। तभी से उनके मंत्री बनने की चर्चा तेज थी। भाजपा अब उन्हें ब्राह्मण राजनीति के अहम चेहरे के रूप में आगे बढ़ाने की तैयारी में दिख रही है। रायबरेली और अमेठी जैसे क्षेत्र लंबे समय तक गांधी परिवार का राजनीतिक गढ़ माने जाते रहे हैं। ऐसे में मनोज पांडेय को मंत्री बनाकर भाजपा ने इस पूरे बेल्ट में राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, भाजपा ब्राह्मण मतदाताओं के बीच यह संदेश देना चाहती है कि पार्टी में उन्हें पर्याप्त प्रतिनिधित्व और सम्मान मिल रहा है।

कैलाश राजपूत से लोधी वोट बैंक पर नजर



कैलाश राजपूत

कैलाश सिंह राजपूत को राज्यमंत्री बनाकर भाजपा ने कन्नौज और आसपास के क्षेत्रों में लोधी समाज को साधने की कोशिश की है। कैलाश राजपूत लंबे राजनीतिक अनुभव वाले नेता हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1996 में भाजपा विधायक के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने बसपा और समाजवादी पार्टी के टिकट पर भी चुनाव लड़ा। वर्ष 2007 में बसपा के टिकट पर विधायक बने, लेकिन 2012 में सपा के टिकट पर हार गए। वर्ष 2017 में भाजपा में वापसी के बाद उनकी राजनीतिक स्थिति मजबूत हुई। तिर्वा सीट से लगातार दो चुनाव जीतने के बाद अब उन्हें मंत्रिमंडल में जगह मिली है।

हंसराज विश्वकर्मा से पूर्वांचल और गैर-यादव ओबीसी को संदेश

हंसराज विश्वकर्मा

हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री बनाकर भाजपा ने पूर्वांचल और गैर-यादव पिछड़ा वर्ग के बीच बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है। वाराणसी क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे हैं। विश्वकर्मा समाज में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। वाराणसी, चंदौली, भदोही और आसपास के जिलों में उनका प्रभाव देखा जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से आने के कारण उनका राजनीतिक महत्व और बढ़ जाता है। भाजपा लंबे समय से गैर-यादव पिछड़े वर्ग को अपने साथ मजबूती से जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। ऐसे में हंसराज विश्वकर्मा को मंत्रिमंडल में शामिल करना पूर्वांचल में संगठनात्मक और सामाजिक दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके साथ ही भाजपा ने यह संदेश देने की भी कोशिश की है कि संगठन में लंबे समय तक सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को सरकार में अवसर मिलेगा।

सुरेंद्र दिलेर से पश्चिमी यूपी के दलित समीकरण पर दांव

सुरेंद्र दिलेर

सुरेंद्र दिलेर को मंत्री बनाकर भाजपा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दलित, खासकर वाल्मीकि समाज को साधने की कोशिश की है। पहली बार विधायक बने सुरेंद्र दिलेर सीधे मंत्री बनाए गए हैं। उनका परिवार लंबे समय से राजनीति में सक्रिय रहा है। उनके बाबा किशन लाल दिलेर चार बार सांसद और पांच बार विधायक रहे। उनके पिता राजवीर दिलेर भी सांसद और विधायक रहे। अब तीसरी पीढ़ी के रूप में सुरेंद्र दिलेर योगी सरकार में मंत्री बने हैं। खैर क्षेत्र को भी लंबे समय बाद सरकार में मजबूत प्रतिनिधित्व मिला है। सुरेंद्र दिलेर के मंत्री बनने के साथ अलीगढ़ जनपद में अब दो मंत्री हो गए हैं। संदीप सिंह पहले से राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं।

यूपी में 'कृष्णावतारम्' टैक्स फ्री, योगी ने देखी फिल्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन सभागार में आयोजित फिल्म 'कृष्णावतारम्' की विशेष स्क्रीनिंग के बाद इसे उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री करने की घोषणा की।

मंत्रिमंडल विस्तार के बाद आयोजित इस विशेष प्रदर्शन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह समेत कई नए मंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभागार उस समय भक्तिमय वातावरण में डूब गया, जब विशेष स्क्रीनिंग के दौरान "कृष्णा कृष्णा, राधे राधे" के जयघोष गूंज उठा। इस दौरान योगी ने मंच पर कलाकारों का सम्मान भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परंपरा, संस्कृति और सनातन विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने वाली महत्वपूर्ण फिल्म है। उन्होंने सूचना विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में फिल्म की स्क्रीनिंग आयोजित कराने में सहयोग किया जाए, ताकि बच्चे और युवा संस्कृति को बेहतर ढंग से समझ सकें।

लोकभवन के सभागार में फिल्म 'कृष्णावतारम्' की विशेष स्क्रीनिंग के दौरान उपस्थित राज्यपाल, मुख्यमंत्री व फिल्म की टीम।

सपा सरकार ने पूरे बिजली ईको सिस्टम में बोया 'बबूल' : एके शर्मा

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य ब्यूरो, लखनऊ: ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने समाजवादी पार्टी सरकार पर प्रदेश की बिजली व्यवस्था को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि तत्कालीन शासन में "कटियाबाजों"

को संरक्षण दिया गया और पूरे बिजली ईको सिस्टम में "बबूल" बोने का काम हुआ। यह बयान ऐसे समय आया है जब प्रदेश में अखिलेश यादव को "कटियाबाज" बताने वाले पोस्टर चर्चा में हैं।

ऊर्जा मंत्री ने आरोप लगाया कि सपा शासन में नेताओं, गुंडों और माफियाओं को "कटिया मारकर बिजली चलाने" की खुली छूट थी। उनके मुताबिक, उस समय कई इलाकों में सुनियोजित तरीके से बिजली चोरी कराई जाती थी और "कटियाबाजी" कराने वालों को राजनीतिक संरक्षण मिलता था।

व्हाट्सएप पर शिकायत, 24 घंटे में आपूर्ति हुई बहाल

अमृत विचार, लखनऊ : अमेठी जिले के जगदीशपुर क्षेत्र स्थित मंगौली गांव में आंधी-तूफान से बाधित विद्युत आपूर्ति को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर 24 घंटे के भीतर बहाल कर दिया गया। मालूम हो कि 29 अप्रैल 2026 को आए तेज आंधी-तूफान के कारण गांव के कई बिजली खंभे क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिससे पूरे मंगौली गांव की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी। इस समस्या की सूचना व्हाट्सएप के माध्यम से ऊर्जा मंत्री के मीडिया प्रकोष्ठ तक पहुंचाई गई। शिकायत मिलते ही अधिशासी अभियंता और संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके बाद युद्धस्तर पर कार्य करते हुए तीन से चार क्षतिग्रस्त विद्युत खंभों को बदलकर करीब 24 घंटे के भीतर गांव की बिजली आपूर्ति पुन: शुरू कर दी गई।

इनामी आफ्शा की तलाश में पूर्व चेयरमैन के घर छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गाजीपुर और मऊ की पुलिस ने संयुक्त रूप से की कार्रवाई

अमृत विचार: माफिया मुख्तार अंसारी की फरार पत्नी एवं 50 हजार की इनामी आफ्शा अंशारी की तलाश में रविवार को गाजीपुर और मऊ पुलिस की संयुक्त टीम ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तैय्यव पालकी के मिर्जाहादीपुरा स्थित आवास पर छापेमारी की। हालांकि छापेमारी के दौरान आफ्शा को कोई पता नहीं चल सका।

रविवार की दोपहर गाजीपुर के कासिमाबाद और मऊ के दक्षिण टोला थाने की पुलिस संयुक्त रूप से तैय्यव के घर पहुंची। इस दौरान क्षेत्र में हड़कंप मच गया। एक तरफ जहां पुलिस कर्मियों ने घर का कोना-कोना छान मारा, वहीं महिला पुलिस कर्मियों ने घर पर रह रही महिलाओं से पूछताछ की। हालांकि उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। बता दें कि आफ्शा अंसारी के खिलाफ मऊ के दक्षिण टोला थाने में धोखाधड़ी, जालसाजी, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनयम, गैंगस्टर एक्ट तथा धारा-174 ए सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस लंबे समय से आफ्शा की तलाश कर रही है। तैय्यव पालकी ने बताया कि उनका मुख्तार अंसारी से संबंध केवल राजनीतिक था, पारिवारिक नहीं। जो लोग मुख्तार से व्यक्तिगत रूप से जुड़े हैं, उनके यहां पुलिस क्यों नहीं जाती। वहीं मऊ नगर सीओ कृष राजपूत ने बताया कि आफ्शा की तलाश के लिए दबिश दी गई थी, लेकिन वह नहीं मिली।

छात्रा के अपहरण पर कांग्रेस ने अमित शाह और योगी को लिखा पत्र

अमृत विचार, लखनऊ: अजय राय ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। उन्होंने महोबा से अपहृत मध्य प्रदेश की छात्रा की सकुशल बरामदगी और लापरवाह पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

अजय राय ने पत्र में कहा कि मध्य प्रदेश की 25 वर्षीय छात्रा महोबा में रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। छात्रा ने कथित तौर पर नामजद आरोपियों से मिल रही धमकियों की शिकायत लंबे समय तक पुलिस से की, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद छात्रा का अपहरण हो गया।

45 फीसदी ने दी प्रवक्ता परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से की गई सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा रविवार को प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल संपन्न कराई गई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली में नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत एवं मनोविज्ञान विषयों की परीक्षा तथा द्वितीय पाली में रसायन विज्ञान, भूगोल, हिन्दी एवं कला विषयों की परीक्षा हुई।

उन्होंने बताया कि परीक्षा निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर पूर्ण पारदर्शिता, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित वातावरण में कराई गई। परीक्षा के दौरान आयोग में स्थापित एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से सभी परीक्षा केन्द्रों की सतत निगरानी की गयी। आयोग के अध्यक्ष, सदस्यगण, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव की उपस्थिति में परीक्षा केंद्रों पर लगे एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर निरंतर दृष्टि रखी गयी। आयोग अध्यक्ष ने जानकारी दी कि 9 मई की लिखित परीक्षा में कुल 89,766 (38.04 प्रतिशत) परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जिनमें महिला परीक्षार्थियों की उपस्थिति 34.89 प्रतिशत एवं पुरुष परीक्षार्थियों की उपस्थिति 42.26 प्रतिशत रही। वहीं 10 मई की लिखित परीक्षा में कुल 1,03,168 (45.12 प्रतिशत) परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जिनमें महिला परीक्षार्थियों की उपस्थिति 41.92 प्रतिशत तथा पुरुष परीक्षार्थियों की उपस्थिति 48.08 प्रतिशत रही। इस प्रकार कुल 1,92,934 (41.53 प्रतिशत) अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटरों की स्वतंत्र जांच की मांग

अमृत विचार, लखनऊ: उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटरों की स्वतंत्र जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 84 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, लेकिन उपभोक्ता लगातार बिजली बिल बढ़ने और तकनीकी गड़बड़ियों की शिकायत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पावर कॉर्पोरेशन की जांच केवल मीटरों की सामान्य शुद्धता तक सीमित रही है, जबकि स्मार्ट मीटर पूरी तरह डिजिटल प्रणाली पर आधारित हैं। उन्होंने मांग की कि जांच में डाटा ट्रांसमिशन, बिलिंग और सर्वर प्रोसेसिंग की भी तकनीकी जांच कराई जाए।

पहल | परिषदीय और कस्तूरबा विद्यालयों में 'भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर' 13 से

स्कूलों में भाषाओं के साथ सांकेतिक संवाद की भी सीख

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नई शिक्षा नीति के तहत बहुभाषावाद और समावेशी शिक्षा पर योगी सरकार का जोर

अमृत विचार: प्रदेश के परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अब बच्चों को पढ़ाई के साथ भारतीय भाषाओं और सांकेतिक संवाद की भी सीख दी जाएगी। योगी सरकार 13 से 19 मई तक 'भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर-2026' आयोजित करने जा रही है। इसके जरिए बच्चों में बहुभाषावाद, संवाद क्षमता और सांस्कृतिक समझ विकसित करने पर जोर दिया जाएगा।

नई शिक्षा नीति-2020 के तहत शिक्षा को भारतीय संस्कृति और

सामाजिक समावेश से जोड़ने की दिशा में यह नई पहल की जा रही है। शिविर में छात्र-छात्राओं को मातृभाषा के साथ अन्य भारतीय भाषाओं से परिचित कराया जाएगा। साथ ही पहली बार इंडियन साइन लैंग्वेज (आईएसएल) की बुनियादी जानकारी भी दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), बेसिक शिक्षा अधिकारियों और खंड शिक्षा अधिकारियों को शिविर की निगरानी और संचालन के निर्देश दिए हैं। शिविर के दौरान भाषा आधारित गतिविधियां, संवाद अभ्यास और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय एकता की मजबूत कड़ी है। इसी सोच के तहत बच्चों को विभिन्न भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान और समझ विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

समावेशी शिक्षा को बढ़ावा

शिविर में इंडियन साइन लैंग्वेज को शामिल किया जाना समावेशी शिक्षा की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और आरपीडब्ल्यूडी एक्ट-2016 के अनुरूप बच्चों को सांकेतिक भाषा के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता और समावेश की भावना मजबूत हो सके। एससीईआरटी की ओर से पीएम ई-विद्या चैनल के माध्यम से इंडियन साइन लैंग्वेज से संबंधित शैक्षिक सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे शिक्षक और छात्र दोनों सांकेतिक संवाद की बुनियादी समझ विकसित कर सकेंगे।

संस्कृति से जोड़ने की पहल

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यह शिविर केवल भाषा सीखने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बच्चों को भारतीयता, सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता से जोड़ने का माध्यम भी बनेगा। सरकार का मानना है कि आने वाले समय में यह अभियान बच्चों में संवाद क्षमता, भाषाई समझ और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

तीन महीनों में बड़े पैमाने पर दिए जाएंगे रोजगारपरक प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कौशल विकास मिशन ने 13 विभागों से मांगे प्रस्ताव

अमृत विचार: उप्र. कौशल विकास मिशन की ओर से राज्य के 13 प्रमुख विभागों को कौशल विकास प्रशिक्षण का प्रस्ताव भेजते हुए आगामी तीन महीनों में बड़े स्तर पर युवाओं को रोजगारपरक एवं उद्योग आधारित प्रशिक्षण से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस महत्वाकांक्षी पहल के तहत शहरी गरीब परिवारों, ग्रामीण युवाओं, महिला स्वयं सहायता समूहों, अल्पसंख्यक समुदाय, निर्माण श्रमिक परिवारों, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों तथा कारागारों से जुड़े युवाओं को उनकी रुचि एवं उद्योगों की वर्तमान मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमशीलता से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। मिशन निदेशक पुलकित खरे द्वारा संबंधित विभागों को पत्र जारी कर प्रशिक्षण लक्ष्य एवं कार्ययोजना साझा करने का अनुरोध किया गया है। मिशन मुख्यालय द्वारा जून माह के प्रथम सप्ताह में प्रशिक्षण लक्ष्यों का आवंटन किए जाने की संभावना है। साथ ही सभी विभागों से नोडल अधिकारी नामित करने को कहा गया है, ताकि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को शीघ्र गति से संचालित किया जा सके।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि यूपीएसडीएम का उद्देश्य 14 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को अल्पकालीन, रोजगारपरक एवं उद्योग आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। पिछले 10 वर्षों में मिशन द्वारा 8,09,494 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिनमें से 3,04,810 युवाओं को रोजगार एवं सेवायोजन के अवसरों से जोड़ा गया है।

अमृत विचार

सोमवार, 11 मई 2026

मैं किसी को कुछ नहीं सिखा सकता, मैं सिर्फ उन्हें सोचने पर मजबूर कर सकता हूं।
–सुकरात, दार्शनिक

सोनार बांग्ला की चुनौतियां

पश्चिम बंगाल में भाजपा का सतासीन होना, भारतीय राजनीति के सबसे बड़े सत्ता परिवर्तनों में से एक माना जाएगा। भारतीय जनसंघ के संस्थापक के गृह राज्य में भाजपा को अपने लगभग 46 वर्ष के राजनीतिक इतिहास में पहली बार सत्ता मिली है। बंगाल लंबे समय तक वैचारिक और राजनीतिक रूप से वामपंथ और बाद में तृणमूल कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा। ऐसे में यह जीत सरकार बदलने के साथ राजनीतिक मानस बदलने की भी प्रतीक है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ऐसे बंगाल की कल्पना की थी, जो सांस्कृतिक रूप से आत्मविश्वासी, आर्थिक रूप से समृद्ध और राष्ट्रीय दृष्टि से मजबूत हो, किंतु स्वतंत्रता के बाद बंगाल लगातार औद्योगिक पलायन, राजनीतिक हिंसा, श्रमिक असंतोष और प्रशासनिक जड़ता से जूझता रहा। अब भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती 'सोनार बांग्ला' के अपने वादे को पूरा करना है।

राज्य और केंद्र में एक ही दल की सरकार होने का लाभ बंगाल को मिलेगा। आधारभूत ढांचे, रेल, बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स, रक्षा कॉरिडोर और निवेश परियोजनाओं में केंद्र-राज्य समन्वय तेज होगा। नई सरकार के मुख्यमंत्री के सामने भ्रष्टाचार-मुक्त और पारदर्शी प्रशासन का दावा साबित करना बड़ी चुनौती होगी। मुख्यमंत्री के ऊपर नारदा स्टिंग और शारदा चिट फंड प्रकरणों का राजनीतिक विवादों तथा प्रधानमंत्री द्वारा वर्षों पहले उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों का साया इस काम में उनकी नैतिक विश्वसनीयता परखेगा। आर्थिक मोर्चे पर बंगाल की स्थिति जटिल है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से पीछे रही है और उद्योगों का पलायन चितनीय है। रोजगार सृजन के लिए निवेश चाहिए, लेकिन निवेश के लिए भूमि, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक भरोसा आवश्यक है। सिंगूर और नंदीग्राम की स्मृतियां अभी भी उद्योग जगत को याद हैं। यदि भाजपा सरकार सचमुच औद्योगिक पुनरुत्थान चाहती है, तो उसे पारदर्शी डिजिटल भूमि रिकॉर्ड, विवाद-मुक्त भूमि अधिग्रहण और श्रम-प्रशासन में स्थिरता सुनिश्चित करनी होगी। बंगाल की स्वाभाविक ताकतें स्पष्ट हैं— कोलकाता पोर्ट आधारित लॉजिस्टिक्स, चाय उद्योग, पेट्रोकेमिकल, चमड़ा, समुद्री व्यापार, एमएसएमई, आईटी सेवाएं और पूर्वोत्तर तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए व्यापारिक द्वार के रूप में इसकी स्थिति। यदि सरकार निवेशकों को भरोसा दे सके, तो राज्य नई औद्योगिक छलांग लगा सकता है, हालांकि सबसे संवेदनशील प्रश्न सामाजिक सौहार्द का है। भाजपा ने चुनाव में 'घुसपैठ' को बड़ा मुद्दा बनाया, लेकिन बिना ठोस आंकड़ों और कानूनी प्रक्रिया के इस मुद्दे पर कठोर कार्रवाई सामाजिक तनाव और भारत-बांग्लादेश संबंधों दोनों को प्रभावित कर सकती है। बंगाल जैसे बहुधार्मिक और सीमावर्ती राज्य में प्रशासनिक संतुलन अत्यंत आवश्यक होगा। अंततः बंगाल की जनता केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति परिवर्तन चाहती है।

भाजपा के लिए सबसे बड़ा राजनीतिक तथ्य यह है कि हार के बावजूद तृणमूल कांग्रेस का वोट आधार लगभग 40 प्रतिशत अभी भी बना हुआ है। इसका अर्थ है कि बंगाल पूरी तरह वैचारिक रूप से भाजपा के पक्ष में नहीं गया है। यदि नई सरकार अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो सत्ता परिवर्तन संभव हो सकता है।

प्रसंगवश

बूंद-बूंद से लौटती हरियाली पानी के लिए जागता भारत

मई की तपिश में जब देश के कई हिस्सों में पानी के लिए लंबी कतारें लग रही हैं, उसी समय कुछ तस्वीरें ऐसी भी हैं, जो उम्मीद जगाती हैं। ये तस्वीरें बताती हैं कि भारत सिर्फ पानी के संकट से जूझ नहीं रहा, बल्कि उससे लड़ना भी सीख रहा है। राजस्थान के अलवर में कभी सूख चुकी अरवरी नदी आज बारह महीने बहती है। महाराष्ट्र का हिवरे बाजार गांव, जो कभी 'सुसाइड विलेज' कहलाता था, आज पानी के मामले में आत्मनिर्भर है। मध्यप्रदेश के देवास जिले में किसानों ने मिलकर हजारों तालाब बना लिए। ये कहानियां बताती हैं कि संकट बड़ा है, पर समाधान उससे बड़ा है।

देश इस समय जल प्रबंधन के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। 'जल जीवन मिशन' के तहत करोड़ों घरों तक नल से पानी पहुंचा है। बुंदेलखंड के टीकमगढ़ और छतरपुर जैसे जिलों में, जहां महिलाएं कभी सुबह चार बजे पानी के लिए निकलती थीं, अब आंगन में नल से पानी आ रहा है। मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र में लाखों घरों को कनेक्शन मिल चुका है, जबकि निमाड़ के खरगोन में नर्मदा का पानी अब टोंटी तक पहुंच रहा है। यह बदलाव एक दिन में नहीं आया, पर इसकी रफ्तार उम्मीद जगाती है।

संध्या अग्रवाल
लेखिका

किसान अब समझने लगा है कि पानी खेत की सबसे बड़ी पूंजी है। पंजाब के कई इलाकों में धान की जगह मक्का और बासमती को अपनाया जा रहा है, क्योंकि इनमें कम पानी लगता है। मराठवाड़ा के बीड में सैकड़ों किसानों ने गन्ना छोड़कर फलदार खेती की ओर कदम बढ़ाया है। ड्रिप सिंचाई अब खेतों तक पहुंच रही है, जिससे कम पानी में अधिक उत्पादन संभव हो रहा है। यह नया भारत का किसान है, जो परंपरा के साथ तकनीक को भी अपनाना सीख रहा है।

शहर भी इस बदलाव का हिस्सा बन रहे हैं। इंदौर ने स्वच्छता में देश में लगातार अग्रणी स्थान बनाया है, लेकिन उसकी एक बड़ी उपलब्धि पानी बचाने की दिशा में भी है। वहां बड़ी संख्या में इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था सक्रिय है। सूरत ने गंदे पानी को शुद्ध करके उद्योगों में उपयोग करना शुरू किया, जिससे नदियों पर दबाव कम हुआ। बेंगलुरु के कई अपार्टमेंट अब 'जीरो वाटर डिस्चार्ज' की दिशा में काम कर रहे हैं— यानी जितना पानी लेते हैं, उतना ही जमीन को लौटाने की कोशिश करते हैं। ये प्रयास छोटे जरूर हैं, लेकिन मिलकर बड़ा बदलाव ला रहे हैं।

सरकार और समाज जब साथ आते हैं, तो नदियां भी लौट आती हैं। राजस्थान में 'तरुण भारत संघ' ने लोगों के सहयोग से कई सूखी नदियों को फिर से जीवित किया है। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में मनरेगा को जल संरक्षण से जोड़ने के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। हजारों चेक डैम बने और भूजल स्तर में सुधार हुआ। तेलंगाना का 'मिशन काकतीय' अभियान पुराने तालाबों को पुनर्जीवित कर रहा है। जब तालाब भरते हैं, तो गांवों में जीवन भी लौट आता है। अभी भी चुनौतियां कम नहीं हैं। मध्यप्रदेश का बुंदेलखंड, महाराष्ट्र का विदर्भ और कर्नाटक के कुछ हिस्से आज भी जल संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन अब फर्क यह है कि निराशा की जगह योजनाएं और प्रयास दिखाई दे रहे हैं। केन-बेतवा लिंक परियोजना जैसे बड़े प्रयास बुंदेलखंड को राहत देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

बदलाव गांव की महिलाओं में भी दिखता है। यूपी के बांदा में महिलाओं ने खुद तय किया कि पानी बचाने के लिए कौन सी फसल बोई जाए। झारखंड में 'जल सहिया' बनकर महिलाएं घर-घर जागरूकता फैला रही हैं। जब पानी की जिम्मेदारी समाज के हर हिस्से तक पहुंचती है, तो बदलाव स्थायी बनता है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

सैलरी से ज्यादा बढ़ रही ईएमआई

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

भारत की अर्थव्यवस्था पिछले कुछ वर्षों में दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल रही है। शेयर बाजार नई ऊंचाइयों को छू रहा है, डिजिटल भुगतान व्यवस्था ने क्रांति ला दी है और उपभोग आधारित विकास मॉडल को देश की आर्थिक शक्ति माना जा रहा है, लेकिन इन चमकते आंकड़ों के पीछे एक ऐसी सच्चाई भी छिपी है, जिस पर अब गंभीर चर्चा की आवश्यकता है। सवाल यह है कि क्या भारत धीरे-धीरे 'Salary Economy' से 'Debt Economy' की ओर बढ़ता जा रहा है?

आज भारत में स्थिति यह बनती जा रही है कि वेतन आने से पहले ईएमआई कटने लगी है और बचत करने से पहले खर्च तय होने लगे हैं। एक समय था, जब भारतीय परिवार अपनी आय के अनुसार खर्च करने और बचत को प्राथमिकता देने के लिए जाने जाते थे। 'पहले बचत, फिर खर्च' भारतीय मध्यम वर्ग की आर्थिक संस्कृति का हिस्सा था, लेकिन अब तस्वीर तेजी से बदल रही है। अब 'पहले खर्च, बाद में भुगतान' की मानसिकता विकसित हो रही है। क्रेडिट कार्ड, ईएमआई, पर्सनल लोन और 'Buy Now Pay Later' जैसी सुविधाओं ने उपभोग को आसान तो बनाया है, लेकिन साथ ही लोगों को कर्ज के जाल में भी धकेलना शुरू कर दिया है।

भारतीय रिजर्व बैंक और विभिन्न वित्तीय रिपोर्टों के अनुसार भारत में घरेलू कर्ज तेजी से बढ़ रहा है, जबकि बचत दर लगातार घट रही है, जो भविष्य की आर्थिक स्थिरता के लिए चेतावनी संकेत माना जा रहा है। हाल के वर्षों में भारत का घरेलू कर्ज बढ़कर जीडीपी के लगभग 41–42 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जबकि वर्ष 2021 में यह करीब 36 प्रतिशत था। यह दर्शाता है कि भारतीय परिवार अब अपनी जरूरतों और जीवनशैली को बनाए रखने के लिए पहले की तुलना में अधिक ऋण पर निर्भर होते जा रहे हैं।

सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि घरेलू कर्ज का बड़ा हिस्सा अब उत्पादक निवेश के बजाय उपभोग आधारित खर्चों के लिए लिया जा रहा है। रिपोर्टों के अनुसार भारत में कुल घरेलू ऋण का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा गैर-आवासीय ऋणों का है, जिसमें पर्सनल लोन, उपभोक्ता ऋण और क्रेडिट कार्ड शामिल हैं। यानी अब कर्ज केवल घर खरीदने तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, यात्रा, लग्जरी वस्तुओं और दैनिक उपभोग तक पहुंच चुका है।

आज शहरी भारत का एक बड़ा वर्ग अपनी मासिक सैलरी का महत्वपूर्ण हिस्सा ईएमआई चुकाने में खर्च कर रहा है। घर की ईएमआई, कार लोन, मोबाइल फोन की ईएमआई, क्रेडिट कार्ड बिल और व्यक्तिगत ऋण ने वेतनभोगी वर्ग की वित्तीय स्वतंत्रता को सीमित कर दिया है। कई युवाओं की स्थिति ऐसी हो गई है कि महीने की सैलरी आने से पहले ही उसका अधिकांश हिस्सा विभिन्न देनदारियों में बंट चुका होता है। क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन भारतीय बैंकिंग व्यवस्था में सबसे तेजी से बढ़ने वाले कर्ज बन चुके हैं।

पिछले कुछ वर्षों में क्रेडिट कार्ड ऋणों में 25 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। डिजिटल लेंडिंग ऐप्स और फिनटेक कंपनियों ने कर्ज लेने की प्रक्रिया को इतना आसान बना दिया है कि अब कुछ मिनटों में ऋण उपलब्ध हो जाता है, लेकिन यही आसानी भविष्य में आर्थिक संकट का कारण भी बन सकती है। कई युवा बिना लंबी अवधि के वित्तीय प्रभाव को समझे, तत्काल उपभोग के लिए कर्ज ले रहे हैं।

इस बदलाव के पीछे केवल आर्थिक कारण ही नहीं, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारण भी हैं। सोशल मीडिया ने दिखावटी जीवनशैली को बढ़ावा दिया है। महंगे मोबाइल फोन, विदेशी यात्राएं, लग्जरी कारें और ब्रांडेड वस्तुएं अब 'जरूरत' से ज्यादा 'स्टेटस सिंबल' बन चुकी हैं। युवा वर्ग अपनी आय से अधिक खर्च कर रहा है, ताकि वह डिजिटल दुनिया में खुद को सफल और आधुनिक दिखा सके। यही कारण है कि कई लोग निवेश और बचत से अधिक उपभोग और तात्कालिक सुख को प्राथमिकता देने लगे हैं।

भारत जैसे विकासशील देश की आर्थिक स्थिरता लंबे समय तक घरेलू बचत पर आधारित रही है। भारतीय परिवारों की बचत दर हमेशा देश की आर्थिक मजबूती का आधार मानी जाती थी, लेकिन अब यह बचत लगातार घट रही है। पिछले एक दशक में घरेलू बचत दर में लगातार गिरावट दर्ज की गई है और यह हाल के वर्षों में लगभग 18 प्रतिशत के आसपास पहुंच गई है। वहीं सकल घरेलू बचत दर भी पिछले दशक में 34 प्रतिशत से घटकर करीब 30 प्रतिशत के आसपास आ गई है। यह संकेत देता है कि भारतीय समाज धीरे-धीरे बचत आधारित अर्थव्यवस्था से उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।

यह स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है, क्योंकि जब किसी देश की बड़ी आबादी अत्यधिक कर्ज में डूब जाती है, तो उपभोग आधारित विकास लंबे समय तक टिकाऊ नहीं रह पाता। शुरुआत में कर्ज से बाजार में मांग बढ़ती है, लेकिन समय के साथ ईएमआई का बोझ उपभोग क्षमता को कम कर देता है। यही स्थिति कई विकसित देशों में आर्थिक संकट का कारण बनी थी। भारत को इस अनुभव से सीख लेने की आवश्यकता है। इसके अलावा, नौकरी की अनिश्चितता और बढ़ती महंगाई ने भी स्थिति को जटिल बना दिया है।

निजी क्षेत्र में रोजगार स्थिर नहीं हैं, वहीं स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास की लागत लगातार बढ़ रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन के बढ़ते प्रभाव ने भी व्हाइट कॉलर नौकरियों को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। ऐसे में कई परिवार अपनी आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए भी कर्ज का सहारा लेने लगे हैं। यह संकेत देता है कि आर्थिक विकास के बावजूद आम लोगों की वास्तविक वित्तीय स्थिति उतनी मजबूत नहीं हो रही, जितनी आंकड़ों में दिखाई देती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

भारत की अर्थव्यवस्था पिछले कुछ वर्षों में दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल रही है। इन चमकते आंकड़ों के पीछे एक ऐसी सच्चाई भी छिपी है, जिस पर अब गंभीर चर्चा की आवश्यकता है।

आमने सामने

बीजेपी सरकार विपक्षी नेताओं को डराने और उनका मनोबल तोड़ने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। बंगाल में चुनाव खत्म होते ही पंजाब में ईडी के छापे तेज हो गए हैं। औरंगजेब ने अत्याचार करके देश के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया था। आज भी वैसी ही नीतियां अपनाई जा रही हैं।

–अरविंद केजरीवाल
संयोजक, आप

केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान को मुगल शासकों के नाम इसलिए याद आते हैं, क्योंकि उनके काम-काज भी उन्हीं शासकों जैसे हैं। पंजाब ने अब्दाली द्वारा किए गए अत्याचारों के बारे में पढ़ा है। वही मानसिकता और व्यवहार एक बार फिर केजरीवाल के रूप में देखने को मिल रहा है।

–रवनीत सिंह बिट्टू
केंद्रीय मंत्री

बंगाल हिंसा: वर्चस्व की जंग में लोकतंत्र की दुर्दशा

विवेक सक्सेना
अयोध्या

भारत, जिस देश के राष्ट्रपिता ने पूरी दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाया, आज उसी देश के राज्य पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक तनाव और हिंसक झड़पें अब सामान्य बात बन गई हैं, जो लोकतंत्र के लिए एक गंभीर चुनौती है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद राज्य में हिंसा और तनाव काफी बढ़ गया है। आसनसोल, कूच बिहार और न्यू टाउन सहित कई इलाकों से आगजनी, झड़प और तोड़फोड़ की खबरें आने लगीं। अब तक 200 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं, 433 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 1100 से अधिक एहतियाती हिरासत में लिए गए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने मुख्य सचिव, डीजीपी और सीएपीएफ को 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाने का निर्देश दिया है। इतना ही नहीं, हिंसा रोकने के लिए संयुक्त पुलिस-सीएपीएफ नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। वहीं टीएमसी और भाजपा दोनों एक-दूसरे पर हिंसा का आरोप लगा रहे हैं।

आलम ये है कि पश्चिम बंगाल, चुनाव के पहले और चुनाव के दौरान तो हिंसा से बच गया, लेकिन चुनाव बाद हिंसा से नहीं बच पाया। जिस तरह की हिंसा हुई है, उससे पिछले विधानसभा चुनावों के बाद की भयावह तस्वीर सामने आ जाती हैं। ममता ने यह कहकर एक तरह से अपने समर्थकों को उकसाया है कि वे हारी नहीं, बल्कि उन्हें हराया गया है, इसलिए वे त्यागपत्र नहीं देंगी। समर्थक आतंकित करने वाली हिंसा का जो परिचय दे रहे हैं, वह उस हिंसक राजनीतिक संस्कृति की देन है, जिसे ममता ने 15 वर्षों में उसी तरह संरक्षित किया।

बंगाल में आतंक मचा रहे हिंसक तत्व कितने अधिक दुःसाहसी हैं, इसका खौफनाक प्रमाण है मुख्यमंत्री बन चुके सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या। बंगाल में हिंसक घटनाओं की ममता ने कभी परवाह नहीं की। हालिया घटनाओं, विशेष रूप से मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा और वक्फ संशोधन के मुद्दे पर तनाव, यह दर्शाता है कि राज्य में सांप्रदायिक विभाजन गहरा रहा है। आलोचकों का मानना है कि ममता बनर्जी सरकार की तुष्टीकरण की नीति ने स्थिति को और खराब किया है, जिससे कट्टरपंथी तत्वों को बढ़ावा मिला है।

ममता बनर्जी अक्सर हिंसा के लिए 'बाहरी लोगों' को जिम्मेदार ठहराती रही हैं, लेकिन पुलिस की रिपोर्ट और स्थानीय लोगों के बयानों में विरोधाभास उनके दावों पर सवालिया निशान लगाता है। इतना ही नहीं कलकत्ता उच्च न्यायालय को कई बार हस्तक्षेप करना पड़ा है, जिसमें मुर्शिदाबाद जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती के आदेश शामिल हैं। यह राज्य पुलिस की निष्पक्षता और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की क्षमता पर गंभीर सवाल उठाता है।

राज्य में सांप्रदायिक रूप से सरगर्म जुलूसों और पुलिस की कथित निष्क्रियता ने तनाव को और भड़काया है। बंगाल में राजनीतिक और सामुदायिक हिंसा का इतिहास दशकों पुराना है। समय-समय पर विभिन्न राजनीतिक दलों के शासन के दौरान चुनावी और सामाजिक तनाव की खबरें सामने आती रही हैं। लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए, चाहे वह किसी भी पक्ष द्वारा की जाए। विपक्षी दलों और सत्ता पक्ष के बीच बढ़ता टकराव अक्सर धरातल पर कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पों का रूप ले लेता है, जो अंततः सामान्य नागरिकों और राज्य की शांति को प्रभावित करता है।

राज्य विधानसभा को गुरुवार को राज्यपाल आरएन रवि ने अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया। अब शासन को यह देखना होगा कि मौजूदा हिंसा पर कैसे लगाम लगे। वैसे तो चुनाव बाद 60 दिनों तक केंद्रीय बलों को बनाए रखने का फैसला लिया गया था, पर शायद उनकी तैनाती और बढ़ानी पड़े। भाजपा के सामने अन्य अनेक चुनौतियों के साथ कानून एवं व्यवस्था के मोर्चे को मजबूत करना और पूरी तरह ठीक करने की गंभीर चुनौती है। उसे इस चुनौती का सामना करना ही होगा, क्योंकि इससे ही राज्य को पटरी पर लाया जा सकता है।

बंगाल में शांति की स्थापना के लिए यह आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दल संयम बरतें और अपने कार्यकर्ताओं को कानून के दायरे में रहने के लिए प्रेरित करें। कानून-व्यवस्था बनाए रखना राज्य प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन इसमें केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय भी अनिवार्य है। विकास और सुशासन के एजेंडे को सांप्रदायिक या राजनीतिक ध्रुवीकरण से ऊपर रखना होगा। जब तक राजनीति में हिंसा को एक हथियार के रूप में देखा जाएगा, तब तक लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होती रहेंगी। स्थायी समाधान के लिए निष्पक्ष जांच, त्वरित न्याय और समावेशी संवाद की आवश्यकता है, ताकि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुरक्षित रखा जा सके।

बंगाल में शांति के लिए आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दल संयम बरतें और अपने कार्यकर्ताओं को कानून के दायरे में रहने के लिए प्रेरित करें।

सोशल फोरम

बात 'बरसात' की

1949 में आई एक ऐसी फिल्म ने हिंदी सिनेमा का पूरा नक्शा बदल दिया था, जिसने सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड नहीं बनाए, बल्कि रोमांस, संगीत और कहानी कहने का तरीका ही बदल दिया। उस दौर में जब किसी फिल्म का लाखों में कमाना बड़ी बात माना जाता था, तब एक फिल्म ने एक करोड़ 10 लाख रुपये की ऐतिहासिक कमाई करके पूरी फिल्म इंडस्ट्री को हैरान कर दिया था। आज के दौर में इस रकम को करीब 700 करोड़ रुपये के बराबर माना जाता है।

कैलाश गोयल
फिल्म ब्लॉगर

ये फिल्म थी बरसात। एक ऐसी क्लासिक, जिसने राज कपूर को शोमैन बनाया, लता मंगेशकर को नई पहचान दी और शंकर-जयकिशन को रातों-रात संगीत की दुनिया का सबसे बड़ा नाम बना दिया। करीब 2 घंटे 51 मिनट लंबी इस फिल्म में कुल 10 गाने थे और हैरानी की बात यह थी कि उनमें से नौ गानों को सिर्फ एक गायिका ने अपनी आवाज दी थी— वो थीं लता मंगेश्कर। उस वक्त लता जी इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं, लेकिन 'बरसात' के गानों ने उन्हें सीधे स्टार बना दिया। उनकी आवाज में मासूमियत, दर्द और प्यार का ऐसा जादू था कि लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

'हवा में उड़ता जाए', 'जिया बेकरार है' और 'बरसात में हमसे मिले तुम सजन' जैसे गीत आज भी सदाबहार माने जाते हैं। फिल्म का संगीत मशहूर जोड़ी शंकर-जयकिशन ने दिया था, जबकि गीतकार थे हसरत जयपुरी और शैलेंद्र। यही वो फिल्म थी, जिसने इस संगीतकार जोड़ी को हिंदी सिनेमा का सुपरस्टार बना दिया।

फिल्म की कहानी लिखी थी, मशहूर लेखक-निर्देशक रामानंद सागर ने, जिन्हें बाद में टीवी सीरीज रामायण के लिए घर-घर में पहचान मिली। वहीं फिल्म के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर थे खुद राज कपूर। राज कपूर ने इस फिल्म में अभिनय भी किया और निर्देशन भी। उनके साथ फिल्म में नर्गिस, प्रेम नाथ और निम्मी नजर आए। दिलचस्प बात यह है कि निम्मी की यह पहली फिल्म थी।

फिल्म की कहानी दो दोस्तों- प्राण और गोपाल के इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों शहर के अमीर युवक हैं, जो छुट्टियां बिताने पहाड़ी इलाके में जाते हैं। वहां प्राण की मुलाकात रेशमा से होती है और दोनों के बीच सच्चा प्यार जन्म लेता है। दूसरी तरफ गोपाल की मुलाकात नीला से होती है, लेकिन उसका स्वभाव रंगीन मिजाज और बेपरवाह है। एक तरफ सच्चा प्यार, दूसरी तरफ धोखा और दर्द। फिल्म दो मॉनसून के बीच फैली एक साल की भावनात्मक यात्रा दिखाती है।

–फेसबुक वॉल से

सामयिकी

तीस्ता जल समझौता और बांग्लादेशी रवैया

बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद उम्मीद जगी थी कि भारत से उसके रिश्ते पटरी पर आएंगे। यह उम्मीद तब बलवती हुई थी, जब खुद बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने इसके संकेत दिए थे और शेख हसीना को सत्ता से हटाने के बाद मुख्य सलाहकार बने मोहम्मद यूनुस के भारत विरोधी फैसलों को पलट दिया था, लेकिन अब वहां ऐसी हरकतें हो रही हैं, जो यह दर्शाने के लिए काफी हैं कि बांग्लादेश भारत विरोधी रवैया छोड़ने वाला नहीं है। उसका भारत विरोधी रवैया तीस्ता जल समझौते को लेकर दिखा। तीस्ता जल समझौते को लागू करने में सबसे बड़ी बाधा बंगाल की तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी थीं। अब उनका शासन खत्म हो गया है। बांग्लादेश के हुक्मरानों को इस बात की उम्मीद भी है कि भाजपा नीत नई सरकार इस समझौते को लागू कराने में मदद करेगी, लेकिन बिना देर किए इस पड़ोसी ने चीन से मदद मांग ली।

डॉ. विकास शुक्ला
चिकित्सक

तीस्ता नदी पूर्वी हिमालय से निकलती है और सिक्किम व पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश में प्रवेश कर ब्रह्मपुत्र नदी में विलीन हो जाती है। इसे बांग्लादेश की चौथी सबसे बड़ी नदी होने का दर्जा प्राप्त है। वहां के लाखों किसानों की आजीविका का मुख्य स्रोत इसे माना जाता है। 1983 में भारत और बांग्लादेश के बीच एक समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत भारत को 39 और बांग्लादेश को 36 फीसद जल मिलता था, जबकि बाकी 25 फीसद पानी का बंटवारा दोनों देश तय नहीं कर पाए थे।

2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पहल पर बांग्लादेश के साथ नई संधि का मसौदा तैयार हुआ। इस प्रस्ताव में तय किया गया कि दिसंबर से मार्च के मध्य भारत को 42.5 फीसद और बांग्लादेश को 37.5 फीसद जल मिलेगा। बांग्लादेश इस समझौते को लागू करने पर सहमत भी हो गया था, लेकिन पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने इसका पुरजोर विरोध किया। परिणामस्वरूप इसे लागू नहीं किया जा सका। अब ममता बनर्जी सरकार पश्चिम बंगाल से विदा हो चुकी है और सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में नई सरकार बन गई है।

बांग्लादेश की ओर से भाजपा को वहां जीत पर बधाई देने के साथ यह उम्मीद जताई गई थी कि जल्द ही नई सरकार इस समझौते को लागू करने में मदद करेगी, लेकिन पड़ोसी ने बिना इंतजार किए चीन के पाले में कदम रखा और तीस्ता नदी पुनरुद्धार परियोजना के लिए औपचारिक रूप से चीन से समर्थन मांग लिया। माना जा रहा है कि बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान भी मां बेगम खालिदा जिया की राह पर चल रहे हैं। खालिदा जिया जब तक प्रधानमंत्री रहीं उन्होंने भारत विरोधी रुख अख्तियार किए रखा। चीन और पाकिस्तान से उनके अच्छे संबंध रहे।

भारत में शेख हसीना को शरण दिए जाने का मलाल अब भी बांग्लादेश के नेताओं को है। वे चाहते हैं कि हसीना को बांग्लादेश को सौंप दिया जाए, लेकिन इसके लिए भारत तैयार नहीं है। यही वजह है कि जब भी मौका मिल रहा है, बांग्लादेश के मंत्री या अधिकारी चीन और पाकिस्तान से अपने रिश्ते को मजबूती देने से नहीं चूक रहे हैं। पिछले दिनों बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर्रहमान ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक कर तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन एवं पुनरुद्धार परियोजना पर चर्चा की। इस बैठक के बाद चीन को भारत पर पलटवार करने का मौका मिला। वांग ने कहा कि सरकार चीन की कंपनियों को बांग्लादेश में निवेश के लिए भी प्रोत्साहित करेगी। उनकी यह घोषणा भारत की चिंता बढ़ाने वाली है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

थार चलाने वालों का माइंडसेट थोड़ा अलग होता है। वे रोमांच पसंद होते हैं। थार किसी लग्जरी कार की तरह बहुत आरामदेह नहीं है, फिर भी थार खरीदने के लिए लोग एक-एक साल प्रतीक्षा करते हैं। थार से ऑफरोडिंग का अपना ही मजा है, एक अलग आनंद है। जहां तक बात रॉक्स की है, तो यह पिछले मॉडल्स की तुलना में ज्यादा बेहतर है। महिन्द्रा की थार, सफर को यादगार बनाती है। फोर बाई फोर की ताकत और चौड़े टायर इसे सुरक्षित बनाते हैं। हम लोग आगामी 17 मई को भीमताल ट्रिप पर ऑफरोडिंग के लिए जा रहे हैं।

-राजीव खुराना, अध्यक्ष क्लब थारियंस, बरेली

थार के पिछले मॉडल की तुलना में मेरी नई थार रॉक्स ज्यादा बेहतर अनुभव कराती है। अगर पिछली कार को चांदी कहें, तो रॉक्स सोना है। पांच दरवाजे और खिड़कियां, बड़ी सनरूफ इसे और क्लास बनाती है। हम पिछले महीने लाहौल-स्पीति गए थे, अब इसी महीने की 20 तारीख को लद्दाख जाने की तैयारी है।

- सुबोध भारद्वाज, सचिव क्लब थारियंस, बरेली

नई थार रॉक्स एक शानदार कार है। बस, इसमें अडास नहीं है, बाकी सनरूफ, 19 इंच के मजबूत टायर, ब्लैक सीट्स, फाइव प्लस वन की सिटिंग कैपेसिटी और छह एयरबैग्स इसके सफर को शानदार के साथ सुरक्षित भी बनाते हैं। रॉक्स का ये स्टार मॉडल थारियंस को खूब भा रहा है।

-अमित वाजपेयी, जनरल मैनेजर सेल्स महिंद्रा डीलरशिप मूसाराम, बरेली

भारतीय ऑटो सेक्टर में ऑफ-रोडिंग वाहनों की दुनिया लगातार विकसित हो रही है और अब इसमें एक नया सैन्य अध्याय जुड़ गया है। Mahindra & Mahindra ने अपनी लोकप्रिय Mahindra Thar Roxx को एक अत्याधुनिक मिलिट्री अवतार में पेश किया है, जिसे खासतौर पर भारतीय सुरक्षा बलों की जरूरतों के अनुरूप डिजाइन किया गया है। 'रक्षा त्रिवेणी संगम' जैसे मंच पर पेश किया गया यह नया ATV (ऑल-टेरेन व्हीकल) कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, पहाड़ी इलाकों और चुनौतीपूर्ण मिशनों के लिए तैयार किया गया है। यह सिर्फ एक वाहन नहीं, बल्कि आधुनिक युद्धक्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई एक मजबूत और बहुउपयोगी मशीन है।

Thar Roxx नया अवतार

ऑफ-रोडिंग के साथ सैन्य ताकत का संगम

■ आनंद महिंद्रा ने दिखाई झलक

Anand Mahindra ने इस खास ATV की तस्वीरें साझा करते हुए इसे सुरक्षा बलों के लिए एक उद्देश्यपूर्ण मशीन बताया। उन्होंने साफ किया कि इसमें अनावश्यक स्टाइलिंग नहीं की गई है, बल्कि हर फीचर को उपयोगिता और मजबूती को ध्यान में रखकर जोड़ा गया है। इस वाहन में एयरड्रॉप रेडी सिस्टम, मिशन-ग्रेड सुरक्षा, गन माउंट, अंडरबॉडी प्रोटेक्शन और फ्रंट विंच जैसे फीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा जेरीकैन होल्डर, टैंडम टायर कैरियर और विंडशील्ड प्रोटेक्टर इसे कठिन मिशनों के लिए पूरी तरह तैयार बनाते हैं। यह वाहन उन परिस्थितियों में भी काम करने में सक्षम है, जहां सामान्य गाड़ियां जवाब दे देती हैं।

■ सेना की जरूरतों के अनुरूप डिजाइन

यह नया ATV अपने स्टैंडर्ड वर्जन से काफी अलग और ज्यादा मजबूत बनाया गया है। फ्रंट में दिया गया मेटल बंपर और हैवी-ड्यूटी विंच इसे दलदली या खराब रास्तों में फंसने की स्थिति से बाहर निकालने में मदद करता है। इसके साथ ही विंडशील्ड के ऊपर मजबूत मेटल ट्यूब प्रोटेक्शन दिया गया है, जो वाहन को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है। हर डिजाइन एलिमेंट को इस तरह तैयार किया गया है कि वह कठिन परिस्थितियों में अधिकतम प्रदर्शन दे सके।

■ रूफ हटाकर लगाया गया रोल केज

इस ATV को हल्का और ज्यादा फंक्शनल बनाने के लिए इसके पारंपरिक रूफ और दरवाजों को हटा दिया गया है। उनकी जगह एक मजबूत मेटल पाइप स्ट्रक्चर और मॉड्यूलर रोल केज लगाया गया है। इस रोल केज की खासियत यह है कि इसमें 360 डिग्री गन टर्रेट लगाया जा सकता है, जो 7.62mm मीडियम मशीन गन के साथ कम्पैटिबल है। इसके अलावा बोनट पर फार्म जैक, पीछे जेरीकैन होल्डर और डबल स्पेयर व्हील कैरियर जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जो लंबी दूरी के मिशनों के दौरान उपयोगी साबित होते हैं।

दमदार इंजन और फोर बाइ फोर ताकत

इस मिलिट्री-ग्रेड ATV में 2.2 लीटर डीजल इंजन दिया गया है, जो 172hp की पावर और 400Nm का टॉर्क जनरेट करता है। इसके साथ 6-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स और 4×4 ड्राइवट्रेन मिलता है। यह कॉम्बिनेशन इसे कठिन से कठिन इलाकों जैसे पहाड़, रेगिस्तान या कीचड़ में भी बेहतरीन पकड़ और ताकत प्रदान करता है। कुल मिलाकर यह नया ATV आधुनिक सैन्य जरूरतों के हिसाब से तैयार एक भरोसेमंद और शक्तिशाली वाहन के रूप में सामने आता है।

हर रास्ते पर बेहतरीन प्रदर्शन

यह वाहन हर तरह के कठिन इलाकों में चलने के लिए तैयार किया गया है। इसमें 18-इंच ऑल-टेरेन टायर्स, अधिक ग्राउंड क्लीयरेंस और मजबूत अंडरबॉडी प्रोटेक्शन दिया गया है। साथ ही साइड में मेटल रॉक स्लाइडर्स लगाए गए हैं, जो बड़े पत्थरों और उबड़-खाबड़ रास्तों से वाहन को सुरक्षा देते हैं। पीछे दिया गया MOLLE स्टोरेज सिस्टम सैनिकों को अपने जरूरी उपकरण सुरक्षित रखने की सुविधा देता है। इसके अलावा मजबूत होइस्ट ब्रैकेट्स इसे एयरड्रॉप ऑपरेशन के लिए भी सक्षम बनाते हैं।

नई कार की डिलीवरी लेने से पहले जरूर करें ये जांच

नई कार खरीदना हर व्यक्ति के लिए बेहद खास और यादगार पल होता है। लंबे इंतजार और उत्साह के बाद जब कार की डिलीवरी का दिन आता है, तो अधिकतर लोग खुशी में कई जरूरी बातों को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन केवल पेमेंट और कागजी प्रक्रिया पूरी कर लेना ही काफी नहीं होता। डिलीवरी से पहले Pre-Delivery Inspection (PDI) करना बेहद जरूरी है। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि गाड़ी पूरी तरह नई, सुरक्षित और बिना किसी खराबी के है। साथ ही, इससे भविष्य में होने वाली परेशानियों और अतिरिक्त खर्चों से भी बचा जा सकता है। आइए जानते हैं कि नई कार लेते समय किन जरूरी बातों की जांच अवश्य करनी चाहिए।

एक्सटीरियर की अच्छी तरह जांच करें

नई कार की डिलीवरी लेते समय सबसे पहले उसके एक्सटीरियर को ध्यान से देखें। कोशिश करें कि कार को नेचुरल लाइट में जांचें, ताकि पेंट पर मौजूद किसी भी तरह के स्क्रैच, डेंट या रीपेंटिंग के निशान आसानी से दिखाई दे सकें। इसके अलावा, बोनट, दरवाजों और बूट के पैनल गैप्स को भी गौर से देखें। कहीं गैप ज्यादा या कम दिखाई दे, तो यह किसी पुराने नुकसान या असेंबली में गड़बड़ी का संकेत हो सकता है। साथ ही हेडलाइट्स, टेल लैंप, ORVMs और अलॉय व्हील्स की स्थिति भी जरूर जांच लें।

इंटीरियर फीचर्स का करें टेस्ट

कार का इंटीरियर भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। केबिन के अंदर जाकर सीटों की अपहोल्स्ट्री, डैशबोर्ड और डोर ट्रिम्स को ध्यान से देखें कि कहीं कोई कट, दाग या टूट-फूट तो नहीं है। इसके बाद सभी इलेक्ट्रॉनिक फीचर्स को एक-एक करके टेस्ट करें। इंफोटेनमेंट सिस्टम, टचस्क्रीन, पावर विंडो, सेंट्रल लॉकिंग और एयर कंडीशनिंग सही तरीके से काम कर रहे हैं या नहीं, यह जरूर जांच लें। इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर में कोई वार्निंग लाइट दिखाई दे, तो उसे नजरअंदाज बिल्कुल न करें।

VIN और इंजन नंबर जरूर मिलाएं

कार के VIN (Vehicle Identification Number) और इंजन नंबर को दस्तावेजों से मिलाना बेहद जरूरी होता है। डीलर द्वारा दिए गए पेपर्स में दर्ज नंबर और गाड़ी पर मौजूद नंबर पूरी तरह समान होने चाहिए। इसके साथ ही, कार की मैन्युफैक्चरिंग डेट भी चेक करें, ताकि आपको पुराना स्टॉक न दिया जाए।

टायर और स्पेयर व्हील की जांच करें

अक्सर लोग नई कार लेते समय टायरों की जांच करना भूल जाते हैं, जबकि सुरक्षा के लिहाज से यह बेहद जरूरी है। टायर की साइडवॉल पर दी गई मैन्युफैक्चरिंग डेट जरूर देखें। सभी टायर नए होने चाहिए और उन पर किसी तरह का कट, क्रैक या घिसाव नहीं होना चाहिए। साथ ही, स्पेयर टायर भी अपनी जगह पर मौजूद और इस्तेमाल के लिए पूरी तरह तैयार होना चाहिए।

डॉक्यूमेंट्स और एक्सेसरीज चेक करें

फाइनल डिलीवरी लेते समय सभी जरूरी डॉक्यूमेंट्स और एक्सेसरीज को अच्छी तरह जांच लें। फ्लोर मैट्स, टूल किट, स्पेयर की और यूजर मैनुअल मौजूद हैं या नहीं, यह जरूर देखें। इसके अलावा, इनवॉइस, इंश्योरेंस पेपर्स, वारंटी बुकलेट और रजिस्ट्रेशन से जुड़े सभी दस्तावेज भी ध्यानपूर्वक जांच लेना बेहद जरूरी है।

गर्मियों में बाइक का ऐसे रखें ख्याल सफर रहेगा सुरक्षित और आरामदेह

गर्मियों का मौसम सिर्फ इंसानों के लिए ही नहीं, बल्कि मोटरसाइकिल के लिए भी चुनौतीभरा होता है। तेज धूप, गर्म हवाएं और लगातार बढ़ता तापमान बाइक की परफॉर्मेंस पर सीधा असर डालते हैं। कई बार लापरवाही के कारण इंजन गर्म हो जाता है, टायर जल्दी घिसने लगते हैं और बैटरी भी कमजोर पड़ सकती है। ऐसे में अगर समय रहते बाइक की सही देखभाल की जाए, तो न सिर्फ उसकी लाइफ बढ़ाई जा सकती है, बल्कि सफर को भी सुरक्षित और आरामदायक बनाया जा सकता है। कुछ आसान और जरूरी बातों का ध्यान रखकर आप गर्मियों में भी अपनी बाइक को बेहतर स्थिति में बनाए रख सकते हैं।

समय पर सर्विस कराना जरूरी

गर्मी के मौसम में बाइक की नियमित सर्विस बेहद जरूरी हो जाती है। यदि बाइक में कोई छोटी तकनीकी खराबी हो, तो तेज तापमान में वह बड़ी समस्या का रूप ले सकती है। समय पर सर्विस कराने से इंजन, ब्रेक और अन्य जरूरी पार्ट्स सही तरीके से काम करते रहते हैं। इससे बाइक की परफॉर्मेंस बनी रहती है और रास्ते में अचानक खराब होने का खतरा कम हो जाता है।

इंजन ऑयल की स्थिति जांचें

गर्मियों में इंजन ज्यादा गर्म होता है, जिसका असर इंजन ऑयल पर भी पड़ता है। अधिक तापमान के कारण ऑयल जल्दी खराब हो सकता है, जिससे इंजन को नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ जाता है। लंबी दूरी तय करने से पहले इंजन ऑयल की जांच जरूर करें। जरूरत पड़ने पर ऑयल बदलवा लें और हमेशा मौसम के अनुसार सही ग्रेड का इंजन ऑयल इस्तेमाल करें।

सही टायर प्रेशर बनाए रखें

टायर बाइक का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं, क्योंकि सड़क से सीधा संपर्क इन्हीं का होता है। गर्मियों में टायर का प्रेशर सही रखना बेहद जरूरी है। सही एयर प्रेशर से बाइक की ग्रिप मजबूत रहती है और माइलेज भी बेहतर मिलता है। इसके अलावा, अधिक गर्मी में नाइट्रोजन गैस वाले टायर सामान्य हवा की तुलना में ज्यादा सुरक्षित और टिकाऊ माने जाते हैं।

बैटरी की नियमित जांच करें

तेज गर्मी का असर बाइक की बैटरी पर भी पड़ता है। अधिक तापमान के कारण बैटरी जल्दी डिस्चार्ज या कमजोर हो सकती है। इसलिए समय-समय पर बैटरी की जांच करते रहें। जरूरत पड़ने पर उसमें डिस्टिल्ड वॉटर डालें और टर्मिनल्स की सफाई भी करें। सही देखभाल से बैटरी लंबे समय तक बेहतर काम करती है और बाइक स्टार्ट होने में परेशानी नहीं आती।

अमृत विचार
मुरादाबाद, सोमवार, 11 मई 2026
www.amritvichar.com

भारत के पहले पीएम मित्रा पार्क का उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तेलंगाना के वारंगल में 1,695 .54 करोड़ रुपये की लागत से विकसित भारत के पहले पीएम मित्रा पार्क का उद्घाटन किया। कपड़ा मंत्रालय के अनुसार इसमें 6,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की उम्मीद है और इसकी 62 प्रतिशत भूमि पहले ही आवंटित की जा चुका है।

बिजनेस ब्रीफ

एलटीटीएस के सीईओ का वेतन घटकर 15 करोड़ रुपये रहा

नई दिल्ली। एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज (एलटीटीएस) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक अमित चड्ढा को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल 14 .96 करोड़ रुपये का पारिश्रमिक या वेतन और भत्ते मिले हैं। यह राशि इससे पिछले साल की तुलना में 17 .4 प्रतिशत कम है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए चड्ढा के पारिश्रमिक में 5 .77 करोड़ रुपये का मूल वेतन, 2 .62 करोड़ रुपये का कमीशन और 1 .68 करोड़ रुपये का परिवर्तनशील वेतन शामिल था।

गोदरेज प्रॉपर्टीज का 39,000 करोड़ की बिक्री बुकिंग का लक्ष्य

नई दिल्ली। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अपनी बिक्री बुकिंग 14 प्रतिशत बढ़ाकर 39,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य तय किया है। कंपनी का कहना है कि आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के चलते उसकी वृद्धि की रफ्तार जारी रहेगी। कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज ने एजेंसी से बातचीत में कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनी को अपने लक्ष्य को हासिल करने में किसी बड़ी बाधा की आशंका नहीं है। हालांकि, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की स्थिति पर कंपनी सतर्क नजर बनाए हुए है।

एचडीएफसी बैंक ने दिया 6,000 एटीएम के प्रबंधन का ठेका

मुंबई। सीएमएस इन्फो सिस्टम्स को एचडीएफसी बैंक से करीब 400 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। इसके तहत कंपनी अगले पांच साल तक बैंक के 6,000 एटीएम का प्रबंधन करेगी। कंपनी की ओर से रविवार को जारी बयान के अनुसार, यह एकीकृत एटीएम प्रबंधित सेवा आउटसोर्सिंग अनुबंध है, जिसके अंतर्गत सीएमएस करेंसी फोरकास्टिंग, नकदी लॉजिस्टिक और कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित समाधान भी उपलब्ध कराएगी।

महंगा हो जाएगा फिक्सिट, फेविकोल और फेवीक्विक

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे माल की कीमतों में आई तेजी के बीच एडहेसिव (चिपकाने वाले उत्पाद) और निर्माण रसायन बनाने वाली कंपनी पिडिलाइट इंडस्ट्रीज कीमतों में एक और दौर की वृद्धि पर विचार कर रही है। कंपनी के एमडी सुधांशु वत्स ने यह जानकारी दी। फेविकोल, डॉ. फिक्सिट, फेवीक्विक और एम-सील जैसे ब्रांड की मालिक कंपनी अप्रैल और मई में पहले ही दो बार कीमतें बढ़ा चुकी है। वत्स ने कंपनी के तिमाही नतीजों की घोषणा के बाद संवाददाताओं से कहा कि कंपनी के कच्चे माल की लागत, कच्चे तेल से जुड़े उत्पादों पर आधारित होने से बढ़ गई है।

ऊंचे बने रहेंगे कच्चे तेल के दाम, भारत की वृद्धि दर घटेगी : एडीबी

2026 में औसतन 96 डॉलर और 2027 में यह 80 डॉलर प्रति बैरल रहेगी तेल की कीमत

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया संकट के लंबा खिंचने की आशंका के चलते कच्चे तेल के दाम अभी ऊंचे स्तर पर बने रहेंगे। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने यह बात कही है।

पार्क ने एक साक्षात्कार में कहा कि कच्चे तेल की कीमतें ऊंची रहने की आशंका के बीच हमारा अनुमान है कि नए परिदृश्य में यह 2026 में औसतन 96 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहेगा। 2027 में यह 80 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहेगा। इसलिए हमारा मानना है कि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि वायदा कीमतें भी ऊंची बनी हुई हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि हमने हमेशा हाजिर बाजार की कीमतों और निकट के वायदा बाजार में एक तरह का प्रीमियम भी देखा है क्योंकि अभी कच्चे तेल की बहुत कमी है।

पश्चिम एशिया संकट का भारत पर क्या असर होगा, इस बारे में पार्क ने कहा कि इससे देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में 0.6 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे यह 6.3 प्रतिशत रह जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा इससे मौजूदा वित्त वर्ष में महंगाई भी काफी बढ़ जाएगी।

एडीबी ने अप्रैल में अनुमान

लगाया था कि मजबूत घरेलू मांग की वजह से चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत के स्तर पर मजबूत बनी रहेगी। अगले वित्त वर्ष में यह बढ़कर 7.3 प्रतिशत हो जाएगी।

महंगाई के मामले में, एडीबी ने मौजूदा वित्त वर्ष में इसके 4.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया था। भारत के लिए, पार्क ने कहा कि हमें लगता है कि 2026-27 में वृद्धि दर में 0.6 प्रतिशत की कमी आएगी। यह हमारे आदर्श परिदृश्य पर आधारित हे। लेकिन इससे अगले साल वृद्धि पर कोई बुरा असर नहीं पड़ेगा। भारत अगले साल वापसी करेगा। उन्होंने कहा कि इस साल महंगाई 2.4 प्रतिशत बढ़कर 6.9 प्रतिशत हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि तो यह इस क्षेत्र

- **जीडीपी की वृद्धि दर में आएगी 0.6% की कमी और यह 6.3 प्रतिशत रह जाएगी**

(एशिया-प्रशांत) पर पड़ने वाले महंगाई के असर से थोड़ा ज्यादा है, क्योंकि भारत आयातित तेल और गैस पर अधिक निर्भर है। अगर आप चीन को हटा दें, तो इस साल वृद्धि पर यह नकारात्मक 0.6 प्रतिशत का असर पूरे क्षेत्र के लिए भी काफी हद तक एक जैसा है। एडीबी ने 29 अप्रैल को अपनी विशेष अद्यतन रिपोर्ट में 2026 के लिए एशिया प्रशांत के लिए वृद्धि दर के अनुमान को 5.1 प्रतिशत से घटाकर 4.7 प्रतिशत कर दिया है।

खाद्य उत्पादन पर भी होगा असर

खाद्य उत्पादन पर एल नीनो के असर पर कहा कि बेशक, यह बहुत अनिश्चित है। जब भी भारत में फसल खराब होती है, तो हमें एक समस्या होती है, ज्यादा कीमतों के साथ। चावल के वैश्विक व्यापार में भारत का एक बड़ा हिस्सा है। इसलिए भारत में जो कुछ भी होता है, उसका अक्सर दूसरे देशों पर भी बड़ा असर पड़ता है। बढ़ती उर्वरक कीमतों के अलावा यह भी चिंता का एक कारण है। उन्होंने कहा कि उर्वरक की कीमत बढ़ने से किसान कम खाद का इस्तेमाल करेंगे, जिससे पैदावार भी कम होगी और साल के आखिर में इसकी उपलब्धता भी कम होगी।

सोने की आपूर्ति के लिए चिंतित नहीं है टाइटन

नई दिल्ली, एजेंसी। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद प्रमुख आभूषण कंपनी टाइटन कंपनी ने कहा है कि उसे अल्पकालिक अवधि में सोने की आपूर्ति को लेकर कोई चिंता नहीं है, क्योंकि उसका 'गोल्ड एक्सचेंज कार्यक्रम' और वैकल्पिक आपूर्ति योजनाएं जोखिम को कम करने में मदद कर रही हैं। कंपनी का वित्त वर्ष 2025-26 में कुल कारोबार 75,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। कंपनी ने कहा कि उसका गोल्ड एक्सचेंज कार्यक्रम तीसरी तिमाही से सफलतापूर्वक चल रहा है और इससे आभूषण कारोबार के लिए सोने की उपलब्धता में लचीलापन बढ़ा है।

एयर इंडिया ने 1,000 से ज्यादा कर्मियों को नौकरी से निकाला

तीन साल में नैतिकता का उल्लंघन करने पर गई नौकरी

मुंबई, एजेंसी

टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने पिछले तीन साल में नैतिकता संबंधी मुद्दों के उल्लंघन के मामलों में 1,000 से अधिक कर्मियों की सेवाएं समाप्त की हैं।

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने शुक्रवार को कर्मचारियों के साथ आयोजित टाउनहॉल बैठक में कहा कि हर वर्ष सैकड़ों कर्मचारियों को नियमों के उल्लंघन के कारण हटाया जाता है। उन्होंने कर्मचारियों से सही आचरण बनाए रखने की अपील भी की।

सूत्रों के अनुसार, विल्सन ने कहा कि हटाए गए कर्मचारियों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने विमान से सामान की तस्करी की या अतिरिक्त सामान को बिना शुल्क विमान में ले जाने की अनुमति दी। उन्होंने कर्मचारी अवकाश यात्रा प्रणाली (ईएलटी) के दुरुपयोग का भी उल्लेख किया।

सूत्रों ने मार्च में बताया था कि एयर इंडिया ने अपनी अवकाश यात्रा नीति के उपयोग में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पकड़ी थीं, जिनमें 4,000 से अधिक कर्मचारी शामिल पाए गए। कंपनी ने दोषी कर्मचारियों पर जुर्माना लगाने समेत सुधारात्मक कदम उठाए

विमान से सामान की तस्करी, अतिरिक्त सामान को बिना शुल्क विमान में ले जाने की अनुमति देने और अवकाश यात्रा प्रणाली (ईएलटी) के दुरुपयोग पर हुई कार्रवाई

हैं। वर्तमान में एयर इंडिया के पास लगभग 24,000 कर्मचारी हैं। कंपनी वित्तीय दबावों के बीच लागत में कटौती के उपाय भी कर रही है। इसके तहत वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी गई है तथा कर्मचारियों को गैर-जरूरी खर्चों में कटौती करने को कहा गया है।

विल्सन ने कर्मचारियों से कहा कि यदि पश्चिम एशिया की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो चालू वर्ष कंपनी के लिए ''बहुत कठिन'' हो सकता है। एयर इंडिया समूह (जिसमें एयर इंडिया एक्सप्रेस भी शामिल है) को मार्च, 2026 में समाप्त वित्त वर्ष में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक का घाटा होने का अनुमान है।

एफटीए का अधिकतम लाभ लेने को बेहतर योजना पर काम कर रही है सरकार

नयी दिल्ली, एजेसी। विकसित देशों के साथ कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर के बाद सरकार इनका अधिकतम लाभ उठाने के लिए 'एफटीए इस्तेमाल योजना' पर काम कर रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, 2021 से अब तक भारत ने मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान, न्यूजीलैंड, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), यूरोपीय संघ (ईयू), ब्रिटेन और अमेरिका के साथ एफटीए को अंतिम रूप दिया है।

ये मुक्त व्यापार समझौते 38 देशों के साथ किए गए हैं, जिनका वैश्विक आयात मूल्य 12,000 अरब डॉलर बैठता है। इन समझौतों के तहत भारतीय कृषि, वस्त्र एवं परिधान, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन और दवा क्षेत्रों को शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच मिली है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग संगठनों, कारोबारियों और निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) के साथ कई बैठकें कर एफटीए के बेहतर के उपायों पर चर्चा की है।

उन्होंने उद्योग जगत से इन समझौतों का लाभ उठाकर निर्यात और घरेलू विनिर्माण को बढ़ाने का आह्वान किया है। अधिकारी ने बताया कि मंत्री ने चार मई को प्रमुख अधिकारियों और मुख्य वार्ताकारों के साथ बैठक कर मुक्त व्यापार समझौतों की प्रगति की समीक्षा की।

इसके बाद सात मई को भारतीय कृषि और मत्स्य उत्पादों के लिए वैश्विक बाजारों में स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता (एसपीएस) संबंधी मंजूरियां हासिल करने के लिए रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की गई।

भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नयी दिल्ली, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह अमेरिकी-ईरान तनाव और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि रुपये-डॉलर की चाल और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार को प्रभावित करेंगी।

ऑनलाइन ट्रेडिंग एवं संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि बाजार इस सप्ताह भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति बेहद संवेदनशील रहेगा और निवेशकों का ध्यान अमेरिका-ईरान से संबंधित घटनाक्रमों पर रहेगा।

उन्होंने कहा कि ब्रेंट कच्चे तेल के दाम बाजार की दिशा तय करने वाला एक अहम कारक रहेगा। यदि कच्चे तेल की कीमतें 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बनी रहती हैं या तनाव कम करने की दिशा में प्रगति होती है तो जोखिम वाले निवेश माध्यमों में राहत भरी तेजी देखी जा सकती है। वहीं तनाव बढ़ने की स्थिति में बाजार पर दबाव बना रह सकता है।

इस बीच, केनरा बैंक, टाटा पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और जेएसडब्ल्यू स्टील जैसी कंपनियां सप्ताह के दौरान अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार निकट भविष्य में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति बेहद संवेदनशील बने रहेंगे और बाजार व्यापक दायरे में कारोबार कर सकता है। भारत के अप्रैल महीने के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति (सीपीआई) के आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ब्याज दर नीति का संकेत देंगे।

शीर्ष चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपये घटा

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में सीमित दायरे में कारोबार के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई है। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा। सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल, एसबीआई, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट दर्ज की गई। वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में कुल 46,685 .21 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मई में अब तक निकाले 14,231 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार से निकासी का सिलसिला मई में भी जारी है। वैश्विक वृहद आर्थिक अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजार से शुद्ध रूप से 14,231 करोड़ रुपये निकाले हैं। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, इसके साथ ही 2026 में एफपीआई की भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली का आंकड़ा बढ़कर दो लाख करोड़ रुपये के पार निकल गया है। पूरे 2025 के दौरान एफपीआई ने शेयर बाजार से 1.66 लाख करोड़ रुपये निकाले थे।

पेट्रोलियम कंपनियों को रोजाना 1,700 करोड़ रुपये का नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

- **दस सप्ताह में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है अंडर रिकवरी**
- **पेट्रोल-डीजल कीमतों में बढ़ोतरी का निर्णय सरकार को लेना है : सूत्र**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेजी का असर भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों पर भारी पड़ रहा है।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां पिछले 10 सप्ताह से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी की बिक्री पुराने दामों पर कर रही हैं, जिससे उन्हें प्रतिदिन 1,600-1,700 करोड़ रुपये का नुकसान (अंडर-रिकवरी) हो रहा है।

सूत्रों ने बताया कि 10 सप्ताह में इन कंपनियों की कुल 'अंडर-रिकवरी' एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। अंडर-रिकवरी का अर्थ लागत से कम मूल्य पर बिक्री से है। कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम दो साल पुराने स्तर पर बने हुए हैं।

दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रहा है। वहीं, मार्च में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 60 रुपये बढ़ाए थे, इसके बावजूद कीमत वास्तविक लागत से कम बनी हुई है।

सूत्रों के अनुसार, पेट्रोलियम कंपनियों को अब कच्चे तेल की खरीद और परिचालन जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक कार्यशील पूंजी जुटानी पड़ सकती है। यदि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें लंबे समय तक बनी रहती हैं, तो कंपनियों को कुछ पूंजीगत व्यय योजनाओं की प्राथमिकताओं में बदलाव करना पड़ सकता है।

हालांकि, रिफाइनरी विस्तार, ऊर्जा सुरक्षा ढांचे, एथनॉल मिश्रण, जैव ईंधन और ऊर्जा बदलाव से जुड़ी रणनीतिक परियोजनाओं को सरकार की ओर से समर्थन से जारी रखा जाएगा।

सूत्रों का कहना है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का निर्णय अब सरकार के स्तर पर लिया जाना है।

राष्ट्रीय

कर्नाटक में दस लाख बांग्लादेशी कांग्रेस दे रही संरक्षण : नेता प्रतिपक्ष

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष आर अशोक ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य में 10 लाख से अधिक बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं और सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार 'वोट बैंक की राजनीति' के लिए उन्हें संरक्षण दे रही है।

श्री अशोक ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार ने चुनावी लाभ के लिए जानबूझकर अवैध घुसपैठ गतिविधियों की अनदेखी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता वोटों के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को चाहते हैं। सरकार ने कर्नाटक में अवैध बस्ती गतिविधियों की ओर से अपनी आंखें मूंद ली हैं। दावा किया कि अकेले बेंगलुरु में कई 'बांग्ला कैंप' हैं और आरोप लगाया कि अवैध प्रवासी महादेवपुरा और कोडागु सहित कई जिलों में फैल गये हैं, जहां नियोक्ता उन्हें सस्ते मजदूरों के रूप में काम पर रख रहे हैं। बांग्लादेश वालों ने बेंगलुरु के कोगिलु क्षेत्र में झुग्गियां बनाकर लगभग 10 एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया है।

उनके अनुसार, भाजपा विरोध से पहले श्री सिद्धारमैया सरकार ने उन्हें आवास सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया था। आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल भारत में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ के लिए 'प्रवेश द्वार' बन गया है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर घुसपैठियों को दस्तावेज और राशन कार्ड प्रदान कर उन्हें सुविधा देने का आरोप लगाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि देश भर में फैलने से पहले बांग्लादेशी बंगाल को 'गेटवे ऑफ इंडिया' के रूप में इस्तेमाल कर रहे थे। सुश्री बनर्जी ने उन्हें आधिकारिक दस्तावेज देकर सशक्त बनाया।

सेल्फी विद पब्लिक

चेन्नई : तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री और तमिलगा वेट्री कज़गम (टीवीके) के प्रमुख सी. जोसेफ विजय रविवार को चेन्नई के नेहरू स्टेडियम में अपने शपथ ग्रहण समारोह के दौरान वहां मौजूद लोगों के साथ सेल्फी लेते हुए। **फोटो :** एजेंसी

तमिलनाडु सरकार ने दो आईएएस अधिकारियों को मुख्यमंत्री विजय का सचिव नियुक्त किया

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के दो अधिकारियों को आधिकारिक रूप से मुख्यमंत्री चंद्रशेखर जोसेफ विजय का सचिव नियुक्त किया। तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) अध्यक्ष विजय ने रविवार को ही मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। राज्य सरकार के एक आदेश में कहा गया है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. पी. सेंथिल कुमार का तबादला कर उन्हें मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव-प्रथम के पद पर तैनात किया गया है। आदेश के मुताबिक आदि द्रविड़ और जनजातीय कल्याण विभाग की सचिव जी लक्ष्मी प्रिया का तबादला कर उन्हें मुख्यमंत्री के सचिव-द्वितीय के पद पर तैनात किया गया है।

सीएम शुभेंदु का 'घर' में स्वागत कहा- भरोसा कायम हुआ

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि राज्य में व्याप्त भय का माहौल समाप्त हो गया और लोगों में भरोसा कायम हुआ।

मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने के एक दिन बाद शुभेंदु अपने गृह नगर पूर्वी मेदिनीपुर जिले के कांथी पहुंचे थे, जहां समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया था। शुभेंदु ने कोलकाता के लिए रवाना होते समय ये बातें कहीं। उन्होंने कोलकाता रवाना होने से पहले पत्रकारों से कहा कि भय का माहौल समाप्त हुआ, भरोसा कायम हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आश्वासन दिया है। पश्चिम बंगाल आशा और विश्वास के माहौल में सभी की भागीदारी से प्रगति करेगा। शनिवार को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शपथ लेने और पूरे दिन सरकारी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद अधिकारी देर रात कालीघाट काली मंदिर में पूजा-अर्चना कर कांथी के लिए रवाना हुए। उनका काफिला देर रात करीब दो बजे कांथी स्थित उनके आवास ''शांतिकुंज'' पहुंचा लेकिन देर रात होने के बावजूद शाम से ही इलाके में समर्थकों का जनसैलाब उमड़ा हुआ था। जैसे ही वाहन इलाके में पहुंचा समर्थकों ने उनके स्वागत में नारे बुलंद किए और उन पर फूलों की बारिश की। भीड़ के कारण काफिले की रफ्तार धीमी हो गई, जिसके बाद अधिकारी वाहन से बाहर आए और समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया।

बेंगलुरु में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम स्थल के पास से जिलेटिन की दो छड़ मिलीं, जांच शुरू

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के बाहरी इलाके में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम स्थल के पास सड़क किनारे से जिलेटिन की दो छड़ बरामद की गईं, जिसके बाद सुरक्षा उपायों को बढ़ा दिया गया और विस्फोटकों के स्रोत की पुलिस जांच शुरू की गई। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या जिलेटिन छड़ें मिलने के पीछे कोई बड़ी साजिश थी? पुलिस ने बताया कि कग्गलीपुरा थाना क्षेत्र के तातागुनी के पास नियमित सुरक्षा जांच के दौरान जिलेटिन की छड़ें मिलीं, जो प्रधानमंत्री के यात्रा कार्यक्रम से जुड़े मार्ग से ज्यादा दूर नहीं है। यह जिलेटिन छड़ें क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान में बरामद हुईं, जिसे प्रधानमंत्री के पहुंचने से कुछ ही समय पहले चलाया गया था। मोदी बेंगलुरु में कनकपुरा रोड पर स्थित 'आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर' के 45वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भाग लेने पहुंचे थे। पुलिस ने एक बयान में कहा कि जांच के दौरान, मुख्य कार्यक्रम स्थल से लगभग तीन किलोमीटर दूर एक फुटपाथ के किनारे दो जिलेटिन छड़ मिलीं। विस्तृत जांच जारी है।

अगले 5 दिन उत्तर में तेज हवाएं और दक्षिण में भारी बारिश के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी

मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी भारत के कई राज्यों में अगले पांच दिनों के दौरान मौसम में बड़े बदलाव की चेतावनी जारी की है।

इस दौरान गरज-चमक के साथ 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के चलने के आसार हैं। जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख में 11 और 12 मई को मौसम अधिक खराब रह सकता है, जबकि हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड में 12 और 13 मई को छिटपुट ओलावृष्टि होने की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग ने इन पहाड़ी राज्यों में रहने वाले

मौसम विभाग ने जारी की उत्तर-पश्चिमी भारत के कई राज्यों में मौसम में बड़े बदलाव की चेतावनी

लोगों और पर्यटकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, दक्षिण-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में अगले 48 घंटों के भीतर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के आसार हैं। इसके प्रभाव से दक्षिण भारत के राज्यों, विशेषकर केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में अगले सात दिनों तक भारी वर्षा होने की संभावना है। लक्षद्वीप में भी रविवार को भारी बारिश का अनुमान है। एक तरफ जहां बारिश का अलर्ट है, वहीं दूसरी ओर उत्तर और मध्य भारत के कई हिस्सों में भीषण गर्म हवाओं का प्रकोप जारी है। राजस्थान और गुजरात में 10 से 14 मई के दौरान, जबकि पूर्वी राजस्थान में 13 मई तक गर्म हवा के चलने की संभावना है। पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी 12 से 14 मई के बीच गर्मी का तीखा असर देखने को मिलेगा। शनिवार को राजस्थान के बाड़मेर में अधिकतम तापमान 45.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो देश में सबसे अधिक था। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में 11 से 13 मई के बीच शाम या रात के समय हल्की बारिश और धूल भरी आंधी चलने से तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है।

वर्ल्ड ब्रीफ

पाकिस्तान में पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमला, 15 मरे

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमले में कम से कम 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार को बन्नू जिले के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में हुई, जहां विस्फोटकों से भरे एक वाहन को पुलिस चौकी की ओर बढ़ते देख सुरक्षाकर्मियों ने उस पर गोलीबारी की। इसके बाद जोरदार विस्फोट हो गया। धमाके की चपेट में आकर आसपास के कई घरों की छत ढह गईं, पुलिस चौकी की इमारत पूरी तरह जमींदोज हो गई जिससे कई सुरक्षाकर्मी मलबे में दब गए।

स्कॉटलैंड की संसद में जीते भारतीय मूल के मणिवन्नन

लंदन। भारत में जन्मे मानवशास्त्री क्यू मणिवन्नन स्कॉटलैंड की संसद के लिए निर्वाचित हुए हैं। 'स्कॉटिश ग्रीन्स' पार्टी की ओर से एडिनबर्ग और लोथियंस ईस्ट सीट से जीतने वाले मणिवन्नन खुद को 'गैर-द्विआधारी' (पुरुष-महिला श्रेणी से अलग) पहचान का बताते हैं। तमिलनाडु के रहने वाले मणिवन्नन को स्कॉटलैंड के नए नियमों के तहत चुनाव लड़ने का मौका मिला, जिसमें विदेशी नागरिकों को भी पात्रता दी गई है। उन्होंने अपनी राजनीति का लक्ष्य हाशिए पर रहने वाले समुदायों की सेवा करना बताया है।

सिंगापुर के सांस्कृतिक उत्सव में छाया भारतीय आमों का जादू

सिंगापुर। सिंगापुर में आयोजित 'थ्रेड्स ऑफ इंडियन ट्रेडिशन' उत्सव में इस सप्ताहांत कलाकारों को एक अनोखा सम्मान दिया गया। भारतीय आम के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को पुरस्कार के रूप में विभिन्न राज्यों के आमों के डिब्बे भेंट किए गए।उत्तर-पूर्वी सिंगापुर के 'नी सून' क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 60 कलाकारों ने गीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियाँ दीं। भारतीय उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने बताया कि इस पहल का लक्ष्य सिंगापुर के नागरिकों को भारतीय आमों की विश्व प्रसिद्ध किस्मों से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है और आने वाले दिनों में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उत्सव में स्थानीय सांसद ली हुई यिंग सहित 650 से अधिक निवासी शामिल हुए। भारतीय उच्चायोग द्वारा इस महीने आयोजित यह दूसरा आम प्रचार उत्सव था। इससे पहले एक से तीन मई के बीच 6,000 से अधिक लोगों ने भारतीय आम का आनंद लिया था।

दोस्ती के लिए नए आयाम: भारत और त्रिनिदाद-टोबैगो के बीच 8 बड़े समझौते

जयशंकर की यात्रा से मजबूत हुए संबंध, वेस्ट इंडीज यूनिवर्सिटी में स्थापित होगी आयुर्वेद पीठ

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी

भारत और त्रिनिदाद-टोबैगो ने द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊँचाई देते हुए स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, बुनियादी ढांचा और आयुर्वेद सहित विभिन्न क्षेत्रों में आठ महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

ये समझौते विदेश मंत्री एस जयशंकर की कैरेबियाई देश की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान संपन्न हुए। विदेश मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी वक्तव्य के अनुसार, 8 और 9 मई को हुई इस यात्रा के दौरान जयशंकर ने त्रिनिदाद-टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर और अन्य वरिष्ठ नेतृत्व के साथ व्यापक चर्चा की।

इस दौरान पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के समय की गई घोषणाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई।दोनों देशों के बीच हुए समझौतों में ऐतिहासिक नेल्सन द्वीप के बुनियादी ढांचे का उन्नयन विशेष रूप से शामिल है। ज्ञात हो कि भारत से पहुंचे प्रवासी इसी द्वीप पर प्रारंभिक रूप से ठहरे थे। इसके अतिरिक्त, वेस्ट इंडीज विश्वविद्यालय में आयुर्वेद पर एक भारतीय पीठ (चेयर) स्थापित करने पर भी सहमति बनी है। विकास सहायता के अंतर्गत, जयशंकर ने प्रधानमंत्री बिसेसर की उपस्थिति में स्कूली बच्चों को 2,000 लैपटॉप की पहली खेप सौंपी। साथ ही, उन्होंने एक कृषि-प्रसंस्करण केंद्र का भी उद्घाटन किया, जिसके लिए भारत ने पिछले वर्ष 10 लाख अमेरिकी डॉलर की मशीनरी प्रदान की थी। साझेदारी को और विस्तार देते हुए दोनों नेताओं ने पेनाल में त्रिनिदाद और टोबैगो के 'राष्ट्रीय कृत्रिम अंग केंद्र' का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। मंत्रालय के अनुसार, यह केंद्र स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

जयशंकर की इस यात्रा का उद्देश्य कैरेबियाई क्षेत्र में भारत की उपस्थिति को सुदृढ़ करना और साझा सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ आर्थिक सहयोग को नई दिशा देना है। समझौतों की यह श्रृंखला पर्यटन और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में दोनों देशों के बीच भविष्य के सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगी।

धरोहर और विकास का संगम

- **नेल्सन द्वीप का कायाकल्प :** जहां भारतीय पूर्वज पहली बार पहुंचे थे, उस ऐतिहासिक स्थल का भारत बुनियादी ढाँचा सुधारेगा।
- **स्कूली बच्चों को उपहार :** प्रधानमंत्री बिसेसर की मौजूदगी में एस. जयशंकर ने 2,000 लैपटॉप की पहली खेप सौंपी।
- **आयुर्वेद का डंका :** वेस्ट इंडीज विश्वविद्यालय में अब भारतीय आयुर्वेद की पढ़ाई होगी।

आधुनिक स्वास्थ्य सेवा : पेनाल में राष्ट्रीय कृत्रिम अंग केंद्र का उद्घाटन, दिव्यांगों को मिलेगी नई शक्ति।

- **कृषि क्रांति :** 10 लाख डॉलर की भारतीय मशीनरी से सजे कृषि-प्रसंस्करण केंद्र का शुभारंभ।

पूर्वजों की जड़ों से जुड़ सकेंगे प्रवासी भारतीय

भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच हुआ 'अभिलेखीय सहयोग समझौता' भारतीय मूल के लोगों को उनके पैतृक इतिहास और परिवार से दोबारा जुड़ने में सेतु का कार्य करेगा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को ऐतिहासिक नेल्सन द्वीप पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह समझौता उन प्रवासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो अपनी विरासत और जड़ों की तलाश में हैं। 'गिरमिटिया' समुदाय के लिए विशेष प्रयासजयशंकर ने 180 वर्ष पूर्व त्रिनिदाद पहुंचे पहले भारतीय बंधुआ मजदूरों के साहस और दृढ़ संकल्प को नमन किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'गिरमिटिया' समुदाय की विरासत को संरक्षित करने और उनका एक विस्तृत डाटाबेस तैयार करने को विशेष प्राथमिकता दे रहे हैं। भारत सरकार इस दिशा में एक समर्पित 'गिरमिटिया अध्ययन केंद्र' स्थापित करने पर भी कार्य कर रही है।सांस्कृतिक विरासत का संरक्षणविदेश मंत्री ने कहा कि भारतीय प्रवासी अपने साथ केवल श्रम नहीं, बल्कि अपनी परंपराएं, आस्था और जीवन शैली भी लेकर आए थे। उन्होंने नेल्सन द्वीप को एक विरासत स्थल के रूप में संरक्षित करने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह आने वाली पीढ़ियों को उनके पूर्वजों के संघर्ष और गौरवशाली इतिहास से परिचित कराता रहेगा।

- **विकास साझेदारी: त्रिनिदाद के बच्चों को मिले 2000 भारतीय लैपटॉप, स्वास्थ्य और कृषि में भी सहयोग**

आईएनएस सागरध्वनि

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना का महासागर अनुसंधान पोत 'आईएनएस सागरध्वनि' वियतनाम के कैम रान्ह की अपनी सफल यात्रा पूरी कर वापस लौट आया है। 10 मई, 2026 को जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस दौरे का उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना था। अपनी यात्रा के दौरान नौसेना के अधिकारियों ने वियतनामी समकक्षों के साथ पेशेवर बातचीत की और साझा समुद्री चुनौतियों पर चर्चा की। आईएनएस सागरध्वनि की यह यात्रा भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ मजबूत होते सैन्य संबंधों का हिस्सा है। ● एजेंसी

बांग्लादेश में चिन्मय दास को नहीं मिली जमानत

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने रविवार को हिंदू आध्यात्मिक नेता ब्रह्मचारी चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका को अस्वीकार कर दिया। यह मामला वर्ष 2024 में चटगाँव शहर में एक सरकारी वकील, सैफुल इस्लाम अलीफ की हत्या से संबंधित है, जिसका मुकदमा वर्तमान में निचली अदालत में चल रहा है।

न्यायमूर्ति के.एम. जाहिद सरवर और न्यायमूर्ति शेख अबू ताहिर की पीठ ने याचिका पर सुनवाई के बाद कहा कि चूंकि निचली अदालत में गवाहों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया अभी जारी है, इसलिए वर्तमान चरण में जमानत नहीं दी जा सकती। हालांकि, अदालत ने दास के विरुद्ध दर्ज अन्य चार अलग मामलों में जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सोमवार का दिन निश्चित किया है।चिन्मय कृष्ण दास को पिछले वर्ष चटगाँव की एक अदालत द्वारा जमानत न दिए जाने के बाद कारागार भेज दिया गया था। उनकी गिरफ्तारी के विरोध में उनके समर्थकों ने ढाका और चटगाँव सहित देश के विभिन्न हिस्सों में व्यापक प्रदर्शन किए थे। चटगाँव में हुए एक हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान ही कनिष्ठ सरकारी वकील सैफुल इस्लाम अलीफ की हत्या हुई थी। इस वर्ष 19 जनवरी को चटगाँव के त्वरित सुनवाई न्यायाधिकरण ने चिन्मय दास और 38 अन्य व्यक्तियों पर वकील की हत्या के संबंध में औपचारिक रूप से आरोप तय किए थे। चिन्मय दास पूर्व में अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) से जुड़े रहे हैं और वर्तमान में उन पर राजद्रोह और हिंसा भड़काने जैसे गंभीर आरोपों में कानूनी कार्यवाही चल रही है।

भारत - श्रीलंका में दित्वा राहत पैकेज को जल्द लागू करने पर सहमति

कोलंबो, एजेंसी

भारत और श्रीलंका ने पिछले वर्ष आए भीषण चक्रवात 'दित्वा' से हुई तबाही के बाद प्रस्तावित 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 3,750 करोड़ रुपये) के विशेष सहायता पैकेज को जल्द से जल्द लागू करने पर सहमति व्यक्त की है। रविवार को कोलंबो में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा और श्रीलंका के वित्त एवं योजना उपमंत्री अनिल जयंत फर्नांडो के बीच हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में इस वित्तीय पैकेज के क्रियान्वयन की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्णय लिया गया। यह सहायता राशि श्रीलंका के प्रभावित क्षेत्रों में दीर्घकालिक पुनर्निर्माण और बुनियादी ढांचे की बहाली के लिए नई दिल्ली द्वारा प्रस्तावित की गई थी।

27 नवंबर, 2024 को श्रीलंका के तट से टकराने वाले चक्रवात 'दित्वा' ने द्वीप राष्ट्र में भारी विनाश किया था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस आपदा से 30 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए थे। चक्रवात के कारण आई भीषण बाढ़ और कई स्थानों पर हुए भूस्खलन की घटनाओं में 640 से अधिक लोगों की जान चली गई थी।

ऑपरेशन सागर बंधुसंकट की घड़ी में भारत ने 'पड़ोसी प्रथम' की नीति के तहत तत्काल सहायता भेजी थी। अगले ही दिन, 28 नवंबर को भारत ने 'ऑपरेशन सागर बंधु' का शुभारंभ किया। इस अभियान के माध्यम से भारतीय नौसेना और वायुसेना ने राहत सामग्री, पुनर्वास सहायता और प्रभावित क्षेत्रों में संपर्क बहाल करने के लिए आवश्यक उपकरण पहुंचाए थे।

ईरान ने अमेरिका को सौंपा शांति प्रस्ताव का जवाब

तेहरान, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच कूटनीति को उस समय नई गति मिली, जब ईरान ने अमेरिका द्वारा दिए गए युद्ध समाप्ति के प्रस्ताव पर अपना आधिकारिक जवाब सौंप दिया।

ईरान ने यह जवाब पाकिस्तानी मध्यस्थों के माध्यम से साझा किया है। ईरानी सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' के अनुसार, तेहरान ने अमेरिकी प्रस्ताव की गहन समीक्षा के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी है। अब यह पाकिस्तान पर निर्भर है कि वह इस संदेश को अमेरिकी प्रशासन तक कितनी शीघ्रता से पहुंचाता है। प्रस्तावित योजना के प्रारंभिक चरण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सैन्य शत्रुता को तत्काल समाप्त करना है। इस कूटनीतिक पहल का मकसद न केवल युद्ध विराम करना है, बल्कि सामरिक रूप से महत्वपूर्ण 'होर्मुज जलडमरूमध्य' को व्यापार के लिए फिर से खोलना भी है। इसके अतिरिक्त, इस ढांचे के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं पर व्यापक बातचीत का मार्ग प्रशस्त करने की योजना है।

चेतावनी : हमला किया तो खुलेंगे नए युद्ध के मैदान

तेहरान। ईरान ने अमेरिका और इजरायल को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि उसके विरुद्ध फिर से सैन्य आक्रामकता दिखाई गई, तो वह अपनी सीमाओं के बाहर 'नए और अप्रत्याशित युद्ध के मैदान' खोल देगा। ईरान की सेना के प्रवक्ता मोहम्मद अकरमिनिया ने तस्नीम समाचार एजेंसी के माध्यम से स्पष्ट किया कि किसी भी गलत अनुमान की स्थिति में दुश्मन को ऐसी रणनीतियों और उन्नत हथियारों का सामना करना पड़ेगा, जिसकी उसने कल्पना भी नहीं की होगी। सैन्य प्रवक्ता के अनुसार, अमेरिका के साथ हालिया संघर्ष विराम की अवधि का उपयोग ईरान ने अपनी सैन्य क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए किया है। इस दौरान लक्ष्यों की सूची को अपडेट करने, सैनिकों के प्रशिक्षण में सुधार, हथियार प्रणालियों की मरम्मत और सेना की नई तैनाती पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रवक्ता ने संकेत दिया कि आगामी संघर्ष केवल पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन इलाकों तक फैलेगा जो वर्तमान में सुरक्षित माने जा रहे हैं। इस बीच, ईरान के 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) की नौसेना ने भी कड़ा रुख अपनाया है। नौसेना ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि यदि ईरानी तेल टैंकरों या व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया गया, तो क्षेत्र में स्थित अमेरिकी केंद्रों और दुश्मन के युद्धपोतों पर शक्तिशाली जवाबी हमला किया जाएगा। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब 7 अप्रैल को घोषित संघर्ष विराम के बावजूद क्षेत्र में तनाव चरम पर है। गौरतलब है कि ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच पिछले कुछ समय से हमलों का सिलसिला जारी है। हालांकि मध्यस्थता के जरिए बातचीत को आगे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन दोनों पक्ष लगातार एक-दूसरे को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां दे रहे हैं। ताजा घटनाक्रम से मध्य-पूर्व (मिडल ईस्ट) में बड़े सैन्य टकराव की आशंका फिर से गहरा गई है।

बातचीत का लक्ष्य राष्ट्रीय हितों की रक्षा : ईरानी राष्ट्रपति

तेहरान। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने रविवार को स्पष्ट किया कि अमेरिका के साथ किसी भी कूटनीतिक वार्ता का उद्देश्य देश के अधिकारों को सुरक्षित करना और राष्ट्रीय हितों की मजबूती से रक्षा करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बातचीत का अर्थ आत्मसमर्पण करना या अपने रुख से पीछे हटना नहीं है। सरकारी मीडिया के अनुसार, एक कार्यबल की बैठक में राष्ट्रपति ने कहा कि ईरानी राष्ट्र किसी भी स्थिति में दुश्मन के सामने नहीं झुकेगा।पेजेश्कियन ने बताया कि वर्तमान में सरकार उस नुकसान की भरपाई और पुनर्निर्माण पर केंद्रित है, जिसे ईरान 'तीसरा थोपा गया युद्ध' मान रहा है।

रथयात्रा की तैयारियां तेज

ओडिशा। ओडिशा के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में वार्षिक रथयात्रा के आयोजन की तैयारियाँ जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। परंपरा के अनुसार, भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के भव्य रथों के निर्माण के लिए पुश्तैनी बढ़ई, जिन्हें 'महारणा सेवायत' कहा जाता है, ने लकड़ी के पहियों को बनाने का कार्य आरंभ कर दिया है। यह सदियों पुरानी परंपरा है जिसमें ये कुशल कारीगर बिना किसी आधुनिक तकनीक या नक्शे के, केवल पारंपरिक ज्ञान के आधार पर विशालकाय रथों का निर्माण करते हैं। रथयात्रा से पहले इन पहियों का निर्माण एक पवित्र अनुष्ठान की तरह किया जाता है, जिसे देखने के लिए पुरी में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। ● एजेंसी

हंटावायरस: एमवी होंडियस क्रूज से यात्रियों की निकासी शुरू, मैड्रिड भेजे गए स्पेनिश नागरिक

टेनेरीफ (स्पेन), एजेंसी

हंटावायरस नामक विषाणु के संक्रमण से प्रभावित पर्यटन पोत 'एमवी होंडियस' से यात्रियों को निकालने का जटिल अभियान रविवार को स्पेन के कैनरी द्वीपसमूह में आरंभ हो गया। सबसे पहले 14 स्पेनिश यात्रियों और चालक दल के एक सदस्य को विशेष विमान के माध्यम से मैड्रिड भेजा गया है, जहाँ उन्हें सैन्य चिकित्सालय में विशेष देखरेख और पृथकवास (क्वॉरंटीन) में रखा जाएगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान में जलपोत पर सवार 140 से अधिक लोगों में से किसी में भी संक्रमण के प्रत्यक्ष लक्षण नहीं पाए गए हैं। हालांकि, इस यात्रा के दौरान अब तक संक्रमण के कारण तीन यात्रियों की मृत्यु हो चुकी है और पाँच अन्य लोग संक्रमित पाए गए हैं। विषाणु के प्रसार को रोकने के लिए यात्रियों को छोटी नौकाओं के माध्यम से तट तक लाया जा रहा है। चालक दल के कुछ सदस्य और एक मृतक का पार्थिव शरीर पोत पर ही रहेगा, जिसे बाद में शुद्धिकरण प्रक्रिया के लिए नीदरलैंड के रॉटरडैम भेजा जाएगा।

- **अब तक तीन की मृत्यु, 140 अन्य यात्री फिलहाल लक्षणमुक्त**

विशेषज्ञों के अनुसार, हंटावायरस आमतौर पर चूहों या गिलहरी जैसे जीवों के मल-मूत्र के संपर्क में आने वाली दूषित हवा में श्वास लेने से फैलता है। सामान्यतः यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं संचारित होता, लेकिन इस पोत पर 'एंडीज' नामक विषाणु का दुर्लभ रूप पाया गया है, जो बहुत करीबी संपर्क में रहने पर इंसानों के बीच भी फैल सकता है। इस रोग के लक्षण संपर्क में आने के एक से आठ सप्ताह के भीतर दिखाई देते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक इस पूरे बचाव अभियान की स्वयं निगरानी कर रहे हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन और नीदरलैंड जैसे देश भी अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए विशेष विमान भेज रहे हैं। अमेरिकी नागरिकों को वापस ले जाकर नेब्रास्का के एक चिकित्सा केंद्र में निगरानी में रखा जाएगा। फ्रांस के यात्रियों को स्वदेश पहुँचने पर तीन दिनों तक चिकित्सालय में और उसके पश्चात 45 दिनों तक घर पर ही पृथक रहने के निर्देश दिए गए हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की निदेशक मारिया वान केरखोव ने स्पष्ट किया है कि यह स्थिति किसी वैश्विक महामारी का संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि अधिकारी रविवार और सोमवार तक सभी यात्रियों को सुरक्षित निकालने का लक्ष्य रख रहे हैं। यात्रियों को जलपोत से उतरते समय केवल अनिवार्य वस्तुएँ और दस्तावेज साथ ले जाने की अनुमति दी गई है, जबकि उनका शेष सामान सुरक्षा कारणों से पोत पर ही छोड़ दिया गया है।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष — आज आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। रुके काम पूरे होने के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

वृष — आज पुराने मित्र से मुलाकात मन को खुशी दे सकती है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आर्थिक मामलों में लाभ के योग बन रहे हैं।

मिथुन — आज नए अवसर आपके सामने आ सकते हैं। बातचीत में संयम रखें। विद्यार्थियों के लिए दिन सकारात्मक रहने वाला है।

कर्क — आज कार्यस्थल पर मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर बने रहेंगे।

सिंह — आज आपका व्यक्तित्व लोगों को प्रभावित करेगा। परिवार में सुखद वातावरण बना रहेगा। व्यापार में नई योजनाएं लाभ दे सकती हैं।

कन्या — आज रुका हुआ धन मिलने की संभावना है। कामकाज में व्यस्तता अधिक रह सकती है। मानसिक शांति के लिए थोड़ा आराम करें।

तुला — आज भाग्य का साथ मिलने से कार्य आसान होंगे। नई शुरुआत के लिए समय अनुकूल दिखाई दे रहा है।

वृश्चिक — आज भावनाओं में बहकर कोई बड़ा निर्णय न लें। नौकरी में वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। स्वास्थ्य संबंधी छोटी परेशानी हो सकती है।

धनु — आज यात्रा या नए संपर्क लाभकारी साबित होंगे। व्यापार में प्रगति के संकेत मिल रहे हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है।

मकर — आज मेहनत से सफलता मिलने के योग हैं। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है। परिवार के बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

कुंभ — आज रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। दोस्तों के साथ समय अच्छा बीतेगा। करियर से जुड़ी नई खबर मिल सकती है।

मीन — आज पुराने विवाद समाप्त होंगे। मन में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। निवेश सोच-समझकर करना लाभदायक रहेगा।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com



आज की ग्रह स्थिति : 11 मई, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी 15 .24 तक तत्पश्चात दशमी।

दिशाशूल-पूर्व, **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 12 मई 01 .28 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

सुडोकू - 145 का हल

9	5	1	2	6	7	4	3	8
2	7	8	3	4	5	6	1	9
6	4	3	9	8	1	2	7	5
3	2	5	1	7	9	8	4	6
4	8	9	6	2	3	1	5	7
7	1	6	8	5	4	3	9	2
5	6	7	4	1	2	9	8	3
1	3	2	7	9	8	5	6	4
8	9	4	5	3	6	7	2	1

सुडोकू -146

			1			2		3
	2				3			4
	5							7
		3	4					
		8				9		
		1		7	9	6		
6			8				1	
4			9					
7		9						

आतंकियों ने बदला संवाद का तरीका, बीबीएम-श्रीमा ऐप्स बने बड़ी चुनौती

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में आतंकी नेटवर्क अब बंदूकों से ज्यादा डिजिटल दुनिया के गुप्त रास्तों का इस्तेमाल कर रहा है। लश्कर-ए-तैयबा के पकड़े गए पाकिस्तानी आतंकी अबू हुरैरा से हुई पूछताछ में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि घाटी में सक्रिय मॉड्यूल अब व्हाट्सएप जैसे सामान्य ऐप्स के बजाय 'श्रीमा', 'बीबीएम' और 'एलिमेंट' जैसे अत्यधिक सुरक्षित और एन्क्रिप्टेड (कूटबद्ध) प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट हो गए हैं।

इन ऐप्स की जटिल तकनीक सुरक्षा एजेंसियों के लिए 'डिजिटल दीवार' साबित हो रही है। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, स्विट्जरलैंड स्थित 'श्रीमा' ऐप वर्तमान में सबसे बड़ी चिंता है। यह पूर्ण गोपनीयता का दावा करता है क्योंकि इसमें पंजीकरण के लिए फोन नंबर या ईमेल की आवश्यकता नहीं होती, जिससे उपयोगकर्ता की पहचान करना लगभग असंभव हो जाता है।

श्रीनगर में सुरक्षा करता हुआ सेना का जवान।

2016 से हो रही निगरानी

जम्मू-कश्मीर में 2016 से ही डिजिटल संचार पर कड़ी नजर रखी जा रही है, लेकिन लगातार बदलती तकनीक और नए-नए गुप्त ऐप्स का उदय साइबर सुरक्षा के वातावरण को जटिल बना रहा है। एजेंसियां अब वैश्विक सेवा प्रदाताओं के साथ समन्वय कर इन डिजिटल पदचिह्नों का पीछा करने की नई रणनीति पर काम कर रही हैं।

इसी तरह, 'एलिमेंट' ऐप विकेंद्रीकृत 'मैट्रिक्स ओपन-स्टैंडर्ड' प्रोटोकॉल पर काम करता है। पारंपरिक निगरानी को चकमा देने की इसकी क्षमता के कारण केंद्र सरकार ने मई 2023 में गृह मंत्रालय की सिफारिश पर इस सहित 14 मैसेजिंग ऐप्स पर प्रतिबंध लगा दिया था। जांच में 'बीबीएम' (ब्लैकबेरी मैसेंजर) के दोबारा इस्तेमाल ने भी हैरान किया है।

2009 में सुरक्षा चिंताओं के बाद इसके निर्माता 'रिसर्च-इन-मोशन' ने भारत में सर्वर लगाए थे, लेकिन 2019 में इसकी मुफ्त सेवाएं बंद हो गईं। अब आतंकी इसके सशुल्क संस्करण 'बीबीएम एंटरप्राइज' का उपयोग कर रहे हैं। एनआईए अब उन खातों के भुगतान स्रोतों की जांच कर रही है। वहीं, 'डस्ट' जैसे ऐप्स संदेशों को पढ़ने के तुरंत बाद या 24 घंटे के भीतर स्वतः ही मिटा देते हैं, जिससे वास्तविक समय में खुफिया जानकारी जुटाने में भारी बाधा आती है। आतंकी संगठन इन प्रतिबंधित ऐप्स तक पहुंचने के लिए 'वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क' का सहारा ले रहे हैं। इसके माध्यम से वे अपनी भौगोलिक स्थिति छुपाकर विदेशी सर्वरों से जुड़ जाते हैं। श्रीनगर पुलिस द्वारा पिछले महीने ध्वस्त किए गए लश्कर मॉड्यूल के अंतरराष्ट्रीय संबंधों को देखते हुए अब एनआईए इस पूरे डिजिटल नेटवर्क को डिकोड करने में जुटी है।

टीम के पास पर्याप्त रन थे, लेकिन खराब क्षेत्ररक्षण के कारण उन्हें चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। फील्डिंग में सुधार लाना होगा। हमने बहुत सारे कैच छोड़े। उर्विल ने अविश्वसनीय पारी खेली।
–ऋषभ पंत, लखनऊ के कप्तान

स्टेडियम

मुरादाबाद, सोमवार, 11 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

IPL 2026

आज के मुकाबले

पंजाब किंग्स — बनाम — दिल्ली कैपिटल्स

समय - शाम 7:30 बजे

उर्विल के आतिशी पचासे से चेन्नई की प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत

आईपीएल-2026 : लखनऊ सुपर जाएंट्स को पांच विकेट से हराकर पांचवें स्थान पर पहुंचा

चेन्नई, एजेंसी

चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। उर्विल पटेल ने 13 गेंद में अर्धशतक पूरा कर भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने 23 गेंद में आठ छक्कों और दो चौकों की मदद से 65 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। जोश इंग्लिस की 33 गेंद में 85 रन की आक्रामक पारी के बावजूद सुपरकिंग्स ने जैमी ओवरटन की शानदार गेंदबाजी के बूते सुपर जाएंट्स को आठ विकेट पर 203 रन पर रोकने के बाद 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर जीत दर्ज की।

टीम 11 मैचों में छठी जीत के बाद 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई, जबकि अंतिम पायदान पर काबिज सुपरजायंट्स की आठवीं हार के बाद प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। उर्विल के अलावा कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंद में 42 रन का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 34 गेंद में 81 रन जोड़े। गायकवाड़ ने इससे पहले संजू सैमसन (14 गेंद में 28 रन) के साथ 22 गेंद में 45 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई।

शिवम दुबे (नाबाद 15) ने एडेन मारक्रम के खिलाफ अंतिम ओवर में लगातार दो छक्के जड़े, जिससे सुपरकिंग्स ने पहली बार 200 से अधिक का लक्ष्य हासिल किया। प्रशांत वीर 17 रन पर नाबाद रहे। इंग्लिस ने अपनी पारी में छह छक्के और 10 चौके जड़कर सुपरजायंट्स का स्कोर नौवें ओवर के बाद 112 रन तक पहुंचा दिया था। ओवरटन की अगुवाई में गेंदबाजों ने 10वें से 15वें ओवर के बीच 35 रन के अंदर चार विकेट झटककर रनगति पर अंकुश लगा दिया। ओवरटन ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें इंग्लिस का विकेट भी शामिल था। नूर अहमद ने चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि अंशुल कंबोज को दो विकेट मिले लेकिन उन्होंने 47 रन खर्च किए। आखिरी ओवरों में शाहबाज अहमद (नाबाद 43) और हिम्मत सिंह (17) ने सातवें विकेट के लिए 32 गेंद में 50 रन की साझेदारी कर बीच के ओवरों के नुकसान की भरपाई की। शाहबाज ने 25 गेंद की नाबाद पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन और गायकवाड़ ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। सैमसन कुछ आकर्षक शॉट खेलने के बाद चौथे ओवर में राठी की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद उर्विल पटेल ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में ही मैच का रुख पलट दिया। आवेश खान के खिलाफ लगातार तीन छक्के जड़ने के बाद राठी तीन छक्के और चौका लगाकर पावरप्ले में सुपरकिंग्स के स्कोर को एक विकेट पर 97 रन तक पहुंचा दिया। उन्होंने आक्रामक तेवर जारी रखते हुए शमी के खिलाफ छक्का लगाने के बाद एक रन साथ 13 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा कर अपनी इस उपलब्धि को अपने पिता को समर्पित किया। उन्होंने जेब से एक कागज निकाला, जिस पर लिखा था, यह आपके लिए है पापा।

राठी ने आसान कैच टपकाकर उन्हें जीवनदान दिया लेकिन वह इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे।। उन्होंने आवेश खान की गेंद पर कैच देकर अपना विकेट गंवा दिया। सुपरजायंट्स के गेंदबाजों ने इसके बाद रनगति पर अंकुश लगाना शुरू किया और शाहबाज ने गायकवाड़ को बोल्ड कर बड़ी सफलता हासिल की।

शॉट लगाते चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज उर्विल पटेल। एजेंसी

13 गेंदों पर उर्विल पटेल का अर्धशतक आईपीएल में संयुक्त तौर पर सबसे तेज अर्धशतक है। उर्विल ने यशस्वी जायसवाल की बराबरी की है

लखनऊ सुपर जाएंट्स

203/8 (20 ओवर)

जोश इंग्लिस का सैमसन बो ओवरटन	85
मिचेल मार्श का ब्रेविस बो कंबोज	10
निकोल्स पूरन का बो नूर	01
ऋषभ पंत बो ओवरटन	15
एडेन मारक्रम रन आउट	06
अक्षत रघुवंशी का उर्विल बो ओवरटन	18
शाहबाज अहमद नाबाद	43
हिम्मत सिंह बो कंबोज	17
मोहम्मद शमी रन आउट	00
आवेश खान नाबाद	00

अतिरिक्त: 08, **विकेट पतन**: 1-77, 2-92, 3-112, 4-115, 5-130, 6-147, 7-197, 8-197

गेंदबाजी: अकील हुसैन 4-0-49-0, मुकेश चौधरी 4-0-45-0, अंशुल कंबोज 4-0-47-2, नूर अहमद 4-0-24-1, जैमी ओवरटन 4-0-36-3

चेन्नई सुपरकिंग्स

208/5 (19.2 ओवर)

संजू सैमसन बो राठी	28
रुतुराज गायकवाड़ बो शाहबाज	42
उर्विल पटेल का आवेश बो शाहबाज	65
कार्तिक शर्मा का रघुवंशी बो आवेश	20
डेवाल्ड ब्रेविस बो राठी	10
शिवम दूबे नाबाद	15
प्रशांत वीर नाबाद	17

अतिरिक्त: 11, **विकेट पतन**: 1-45, 2-126, 3-149, 4-169, 5-169

गेंदबाजी: मोहम्मद शमी 4-0-37-0, प्रिंस यादव 4-0-36-0, दिग्वेश राठी 4-0-45-2, आवेश खान 4-0-44-1, शाहबाज अहमद 3-0-30-2, एडेन मारक्रम 0.2-0-14-0

हाईलाइट

डब्ल्यूएफआई ने पक्षपात के आरोपों को गलत बताया

गोंडा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने रविवार को कहा कि गोंडा में चल रहे राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हरियाणा के पहलवानों की भारी भागीदारी इस आरोप को खारिज करती है कि महासंघ राज्य के खिलाफ पक्षपात कर रहा है। उन्होंने हालांकि यह भी स्वीकार किया कि भारतीय कुश्ती अब भी डोपिंग की गंभीर समस्या से जूझ रही है, क्योंकि प्रतियोगिता स्थल पर इस्तेमाल की गई सिरिंज बरामद हुई हैं।

अंडर-17 एशियाई कप क्वार्टर-फाइनल में भारत चीन से भिड़ेगा

सुझोउ (चीन)। भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम की खिलाड़ी सोमवार को अपने करियर के सबसे बड़े मुकाबले में मेजबान चीन से एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप के क्वार्टर फाइनल में भिड़ेंगी, जहां दांव पर फीफा विश्व कप का टिकट होगा। भारतीय महिला फुटबॉल के इतिहास में यह पहली बार है जब कोई टीम फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने से सिर्फ एक जीत दूर खड़ी है। भारतीय टीम को यह जीत 2026 फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में जगह दिला देगी, जिसका आयोजन मोरक्को में होगा।

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	रद्द	अंक	नेट रन रेट
1.	सनराइजर्स हैदराबाद	11	7	4	0	14	0.737
2.	गुजरात टाइटंस	11	7	4	0	14	0.228
3.	पंजाब किंग्स	10	6	3	1	13	0.571
4.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	10	6	4	0	12	1.234
5.	चेन्नई सुपर किंग्स	11	6	5	0	15	0.185
6.	राजस्थान रॉयल्स	11	6	5	0	12	0.082
7.	कोलकाता नाइट राइडर्स	10	4	5	1	9	-0.169
8.	दिल्ली कैपिटल्स	11	4	7	0	8	-1.154
9.	मुंबई इंडियंस	10	3	7	0	6	-0.649
10.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	11	3	8	0	6	-0.907

ऑरेंज कैप

- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -475 रन
- केएल राहुल दिल्ली-468 रन

पर्पल कैप

- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-19 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात-18 विकेट

दिल्ली के खिलाफ जीत की राह पर लौटना चाहेंगे पंजाब किंग्स

धर्मशाला, एजेंसी। पंजाब किंग्स की टीम सोमवार को धर्मशाला के खूबसूरत मैदान में जब खराब फॉर्म से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेगी तो इंडियन प्रीमियर लीग के आखिरी चरण में अपने प्रदर्शन में आई चौंकाने वाली गिरावट को रोकने की कोशिश करेगी। एचपीसीए स्टेडियम में 17 मई तक तीन मैच के साथ पंजाब की टीम अपने घरेलू चरण को समाप्त करेगी। अपने पिछले तीन लीग मैच में मिली हार के बाद टीम खेल के सभी विभागों में सुधार की उम्मीद कर रही होगी। उस टीम के लिए हालांकि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है जो कुछ समय पहले तक इस टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी लेकिन लीग चरण के बाकी मुकाबलों के लिए उसे अपनी बुनियादी चीजों को ठीक करने की जरूरत है। हैदराबाद में टीम की कैचिंग बहुत खराब थी। इसके अलावा अर्शदीप सिंह की अगुवाई वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण काफी रन लुटा रहा है। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी भी अच्छी शुरुआत के बाद अब नाकाम हो रही है। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाले पंजाब किंग्स को प्ले ऑफ में जगह बनाने के लिए अब भी कम से कम दो जीत की जरूरत है और ऐसे में टीम चाहती है कि उनके खिलाड़ी उन्हीं तरीकों पर कायम रहें जिनसे उन्हें टूर्नामेंट के पहले हाफ में सफलता मिली थी। टी20 जैसे अनिश्चित प्रारूप में लय बहुत अहम होती है और पंजाब किंग्स की टीम चाहेगी कि वे जल्द से जल्द फिर लय हासिल कर लें। दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स की नजरें पहले से ही अगले सत्र पर टिकी हैं क्योंकि वे अपने पिछले छह में से पांच मैच हारने के बाद अंक तालिका के निचले हिस्से में हैं। घरेलू मैदान पर दिल्ली का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है इसलिए वे पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के लिए स्थल में बदलाव का स्वागत करेंगे।

तीरंदाजी विश्व कप में महिला टीम ने जीता स्वर्ण पदक

शंघाई, एजेंसी

दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में मेजबान और खिताब के प्रबल दावेदार चीन को शूट ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। रोमांचक फाइनल में भारत ने पहला सेट जीता लेकिन चीन ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया। निर्धारित चार सेट के बाद स्कोर बराबर रहने के कारण शूट ऑफ कराया गया।

भारतीय तिकड़ी ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए 5-4 (28-26) से जीत दर्ज की। अनुभवी दीपिका ने दबाव के बीच अंतिम शूट ऑफ तीर पर अहम नौ अंक जुटाकर भारत को 2021 के बाद पहला विश्व कप स्वर्ण पदक दिलाया। हालांकि सिमरनजीत कौर के लिए यह दिल तोड़ने वाला अनुभव रहा जब उन्हें सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और बाद में चैंपियन बनीं दक्षिण कोरिया की कांग चेयांग के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांस्य पदक के लिए हुए प्लेऑफ में उन्हें एक और कोरियाई खिलाड़ी जांग मिनही से हार मिली। इस तरह भारत ने अपने अभियान का समापन दो पदक (एक स्वर्ण, एक कांस्य) के साथ किया। शनिवार को पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में साहिल जाधव ने कांस्य पदक जीता था।

अंकिता भकत, दीपिका कुमारी और कुमकुम मोहोद।

शूट ऑफ से निकला परिणाम, तीन साल बाद जीता विश्व कप खिताब

शूट ऑफ में भारतीय खिलाड़ियों ने सही समय पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अंकिता ने नौ के स्कोर के साथ शुरुआत की जबकि कुमकुम ने शानदार 10 अंक जुटाए। जब खिताब जीतने के लिए आठ अंक की जरूरत थी तब दीपिका ने धैर्य बरकरार रखते हुए नौ अंक के साथ टीम की जीत सुनिश्चित की। तीसरा पदक भारत की झोली से फिसल गया जब सिमरनजीत को सेमीफाइनल में गत विश्व चैंपियन कांग के खिलाफ 6-0 (26-25, 24-29, 26-28) से शिकस्त झेलनी पड़ी और फिर वह कांस्य पदक के प्लेऑफ में भी कोरिया की मिनही के खिलाफ पहला सेट जीतने के बावजूद 4-6 (29-27, 27-29, 28-28, 28-29, 28-28) से हार गईं। यह भारतीय महिला रिकर्व टीम का तीन साल में पहला विश्व कप पदक भी है। इससे पहले टीम 2023 में पेरिस में चरण चार में पोडियम पर पहुंची थी जिसमें अंकिता पदक जीतने वाली टीम की सदस्य थीं। शंघाई में भारत अब तक दो पदक जीत चुका है। इससे पहले कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शनिवार को कांस्य पदक जीतकर देश के पदक का खाता खोला था। भारत एक और पदक की दौड़ में बना हुआ है। रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर दिन में बाद में सेमीफाइनल में उतरेंगी और विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत है।

- दीपिका की अगुआई में चीन को हराया, भारत को मिले दो पदक

इससे पहले भारतीय महिला रिकर्व टीम ने सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 10 बार के ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। ग्वाटेमाला सिटी और पेरिस में 2021 में भारत की विश्व कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहीं दीपिका के नाम 2010 से अब तक सात विश्व कप टीम स्वर्ण पदक हो गए हैं।

नियुक्तियों को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच बिना किसी पूर्णकालिक राष्ट्रीय कोच के यात्रा करते हुए बेहद अनुभवी दीपिका ही थीं जिन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और लगातार अपनी टीम की साथियों का हौसला बढ़ाया।

प्रफुल्ल डांगे को उनकी शिष्या कुमकुम के राष्ट्रीय ट्रायल में शीर्ष पर रहने के बाद महिला रिकर्व कोच नियुक्त किया गया था लेकिन वह काफी हद तक पृष्ठभूमि में ही रहे जबकि दीपिका ने घरेलू दर्शकों और मुखर चीनी सहयोगी स्टाफ के दबाव भरे पलों में टीम का मार्गदर्शन किया।

अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा।

भुवनेश्वर के चौके से बेंगलुरु ने मुंबई को 166 रनों पर समेटा

रायपुर, एजेंसी

तिलक वर्मा (57 रन) के अर्धशतक के बावजूद मुंबई इंडियंस की टीम रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार (23 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने सात विकेट पर 166 रन ही बना सकी। पिच पर काफी दरारें थी और तेज गेंदबाजों के लिए असमान उछाल मौजूद था।

अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए चार ओवर में 23 रन देकर चार विकेट झटके जिसमें तीन विकेटों का एक शानदार स्पैल भी शामिल था जिससे आरसीबी ने मुंबई इंडियंस पर शुरू से ही दबदबा बना दिया। भुवनेश्वर ने रेयान रिकलटन (02), रोहित शर्मा (22) और कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव (शून्य) को आउट करके मुंबई इंडियंस के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया जिससे उसका स्कोर तीन विकेट पर 28 रन हो गया। लेकिन तिलक (42 गेंद में तीन चौके और दो छक्के) और नमन धीर (47 रन) ने चौथे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी करके टीम को संभाला और सम्मानजनक स्कोर की ओर बढ़ाया। पिच पर बल्लेबाजों को रन जुटाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। तिलक को सुयश शर्मा ने छठे ओवर में जीवनदान दिया जब वह नौ रन पर थे। अगर वह आउट हो जाते तो टीम पूरी तरह से बिखर सकती थी। रसिक सलाम की एक धीमी गेंद पर तिलक के गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से लगकर मिडविकेट पर खड़े सुयश की ओर चली गई, जहां गेंद उनके हाथों से फिसल गई और कैच छूट गया। तिलक और नमन दोनों ने चौथे विकेट की साझेदारी के दौरान काफी संयम दिखाया। उन्होंने समझदारी से स्ट्राइक रोटेट की। लेकिन तिलक एक क्रॉस-सीम गेंद पर आउट हो गए, वहीं नमन ने पांच चौके और दो छक्के लगाकर 32 गेंद में 47 रन बनाए।

इससे पहले भुवनेश्वर ने शुरुआती ओवरों में ही तीन विकेट लेकर आरसीबी को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। यह छठा मौका था जब 36 साल के इस खिलाड़ी ने इस आईपीएल में तीन विकेट लिए थे। भुवनेश्वर ने पहले ओवर की आखिरी गेंद पर ही शानदार फॉर्म में चल रहे रिकलटन को आउट कर दिया जिसने गेंद को हवा में उठाकर मारने की कोशिश की। लेकिन गेंद सीधे मिड-ऑफ पर खड़े आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार के हाथों में चली गई। अगले ओवर में जोश हेजलवुड की गेंद पर एक चौका लगाने के बाद रोहित शर्मा (22) ने लगातार दो छक्के जड़कर अपनी पारी की शुरुआत की।

मुंबई इंडियंस

166/7 (20 ओवर)

रेयान रिकलटन का पाटीदार बो भुवनेश्वर	02
रोहित शर्मा का जितेश बो भुवनेश्वर	22
नमन धीर बो सलाम	47
सूर्यकुमार यादव का कोहली बो भुवनेश्वर	00
तिलक वर्मा बो भुवनेश्वर	57
विल जैक्स का बेथेल बो शेफर्ड	10
राज बावा का पाटीदार बो हेजलवुड	16
कोर्बिन बॉश नाबाद	05
दीपक चाहर नाबाद	01

अतिरिक्त: 06, **विकेट पतन**: 1-4, 2-28, 3-28, 4-110, 5-132, 6-155, 7-161

गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-23-4, हेजलवुड 4-0-33-1, रसिख सलाम 4-0-42-1, शेफर्ड 3-0-18-1, कृणाल 3-0-26-0, सुयश 2-0-21-0

सबालेंका और पाओलिनी की सनसनीखेज हार

रोम। इटालवी ओपन में कई चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिले, जिसमें महिलाओं की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और गत चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी दोनों बाहर हो गईं।

दिन का सबसे बड़ा झटका महिलाओं के सिंगल्स के राउंड ऑफ 32 में लगा, जहां दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी सबालेंका ने एक सेट की बढ़त गंवा दी और रोमानिया की सोराना सिर्स्टिया से 2-6, 6-3, 7-5 से हार गईं। उधर, पाओलिनी, जो पिछले राउंड में हार के खतरे से बाल-बाल बची थीं, दो घंटे 41 मिनट तक चले मुकाबले में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस से 4-6, 7-6 (5), 6-3 से हार गईं। मर्टेंस ने दूसरे सेट में तीन 'मैच पॉइंट' बचाए और फिर शानदार वापसी करते हुए मैच जीत लिया।

मेजर लीग सॉकर | **टूर्नामेंट के इतिहास में 100 गोल में योगदान देने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बने**

लियोनेल मेसी के नाम एक और उपलब्धि जुड़ी

टोरंटो, एजेंसी

अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी आधिकारिक तौर पर मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) के इतिहास में रेगुलर-सीजन के 100 गोल में योगदान देने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं।

मेसी ने रविवार को इंटर मियामी की टोरंटो एफसी पर 4-2 की जीत के दौरान यह मील का पत्थर हासिल किया। उन्होंने एक गोल किया और दो अन्य गोल में मदद की। मेसी ने सिर्फ़ 64 मैचों में 100 योगदानों का आँकड़ा छू लिया, जो पिछले रिकॉर्ड धारक सेबेस्टियन जियोविंको से 31 मैच कम हैं। मेसी सबसे पहले 2023 की गर्मियों में दक्षिण फ्लोरिडा आए थे, जिससे क्लब के लिए सफलता का एक नया दौर शुरू हुआ। उन्होंने इंटर मियामी को कप्तान के तौर पर उसकी पहली चार ऐतिहासिक ट्रॉफियाँ जिताने में अहम भूमिका निभाई। इनमें 2023 लीग्स कप, 2024 एमएलएस सपोर्टर्स शील्ड, 2025 ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस का ख़िताब और 2025 एमएलएस कप शामिल हैं। मेहमान टीम ने सबसे पहले गोल किया, जब रोड्रिगो डी पॉल की फ्री-किक टोरंटो की ''वॉल'' (खिलाड़ियों की दीवार) से टकराकर वापस आई, और अर्जेंटीना के इस इंटरनेशनल खिलाड़ी ने उस रिबाउंड को गोल में बदल दिया। लुइस सुआरेज ने मेसी के पास पर दौड़ते हुए और गोलकीपर लुका गैवरान को छकाते हुए पहली ही कोशिश में गोल दागकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। मेसी एक बार फिर गोल में मददगार बने, जब उन्होंने सर्जियो रेगुइलोन के साथ 'वन-टू' पास खेला। रेगुइलोन ने 73वें मिनट में बड़ी शांति से गेंद को गोल के दूर वाले कोने में डाल दिया।

जश्न मनाते इंटर मियामी के लियोनेल मेसी, लुइस सुआरेज और जर्मन बर्टेराम।

वर्ष 2023 की गर्मियों में जुड़े थे क्लब से

एमएलएस में 2023 की गर्मियों में आने के बाद से, उनके रिकॉर्ड 100 रेगुलर-सीज़न गोल योगदानों में 59 गोल और 41 असिस्ट शामिल हैं। अर्जेंटीना के इस दिग्गज खिलाड़ी का यह रिकॉर्ड तोड़ने वाला प्रदर्शन, क्लब के इतिहास में 100 मैच खेलने वाले सिर्फ़ आठवें खिलाड़ी बनने के बाद उनके पहले मैच में आया है।